आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* डॉ. हेनीमेन जयंती”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 84 | उज्जैन, शुक्रवार 10 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 8 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### असम में 84.42%, केरलम में 75.01% और पुडुचेरी में 86.92% वोटिंग हुआ

**गुवाहाटी/तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी।** असम, केरलम और पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए शाम 6 बजे वोटिंग खत्म हो गई। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 5 बजे तक असम में 84.42%, केरलम में 75.01% और पुडुचेरी में 86.92% वोटिंग हुई है। पुडुचेरी में मन्नादिपेट में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया। पुडुचेरी के सीएम उट रंगास्वामी वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ तक मोटरसाइकिल से पहुंचे। केरलम में पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस लीडर ए.के. एंटनी ने तिरुवनंतपुरम में वोट डाला। उन्होंने मीडिया से कहा- केरलम के लोग भाजपा को पसंद नहीं करते। राज्य में 10 साल के कुशासन की सरकार है। इसलिए इस बार सरकार बदलेगी।

### महिला आरक्षण संशोधन ड्राफ्ट को केंद्र की मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी गई। इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 की जाएंगी, जिनमें 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। सरकार ने बजट सत्र को बढ़ाते हुए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है, जिसमें इस संशोधन बिल को पारित किए जाने की संभावना है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद यह कानून 31 मार्च 2029 से लागू होगा, और उसी साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रभावी होगा। प्रस्ताव के मुताबिक आरक्षण वर्टिकल आधार पर लागू होगा, यानी अनुसूचित जाति और जनजाति की आरक्षित सीटों में भी महिलाओं के लिए हिस्सा तय किया जाएगा।

### फिल्म धुरंधर की स्क्रिप्ट चोरी मामले में आदित्य धर को राहत



**बॉम्बे हाईकोर्ट ने 16 अप्रैल तक संतोष कुमार को आरोपों को दोहराने से रोका**

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने फिल्ममेकर संतोष कुमार के खिलाफ एक अंतरिम आदेश पारित किया है। इस आदेश के तहत उन्हें फिल्म धुरंधर और इसके सीक्वल धुरंधरः द रिवेंज की स्क्रिप्ट चोरी के आरोपों को दोहराने या फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर के खिलाफ कोई भी मानहानिकारक बयान देने से अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। न्यायमूर्ति आरिफ एस. डॉक्टर की बेंच ने यह फैसला आदित्य धर द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई के दौरान सुनाया। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट ने कहा कि संतोष कुमार को नोटिस दिया गया था, लेकिन उनकी ओर से कोई पेश नहीं हुआ। आदेश में कहा गया कि अगली सुनवाई तक कुमार इस तरह के शब्दों को दोहराने से परहेज करें। यह आदेश केवल संतोष कुमार पर लागू रहेगा और 16 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा, जब मामले की अगली सुनवाई होगी। बता दें कि एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके संतोष कुमार ने दावा किया था कि फिल्म धुरंधर और धुरंधर 2 की कहानी उनकी साल 2023 में रजिस्टर्ड स्क्रिप्ट 'डी साहेब' से चुराई गई है। आरोपों के बाद आदित्य धर ने कुमार को लीगल नोटिस भेजा, जिसमें इन आरोपों से इनकार किया गया और आगे ऐसी टिप्पणी न करने की चेतावनी दी गई। फिर नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर धर ने हाईकोर्ट का रुख किया और बयानबाजी पर रोक तथा हजार्ने की मांग की। उनके वकील बीरेंद्र सराफ ने कोर्ट में कहा कि कुमार के बयान मानहानिकारक और इमेज को नुकसान पहुंचाने वाले हैं। वहीं, सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि कथित मानहानिकारक टिप्पणियां व्यापक रूप से शेयर की गई थीं। इसके आधार पर अदालत ने सीमित अंतरिम राहत देने का फैसला लिया।

### खड़गे सिर्फ बीजेपी-आरएसएस के खिलाफ बोल रहे, समाज में जहर घोलने की कोशिश

**नई दिल्ली।** बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को मल्लिकार्जुन खड़गे के भाजपा-आरएसएस को जहरीला सांप बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह टिप्पणी लोगों को सांप्रदायिक आधार पर भड़काने की कोशिश है और सस्ती मानसिकता दिखाती है। नवीन ने न्यूज एजेंसी से कहा कि कांग्रेस की यह पुरानी परंपरा रही है कि वह ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती है, जिनका समाज पर नकारात्मक असर पड़ता है। ऐसे बयानों के बाद जनता बीजेपी को जीत का आशीर्वाद देती है। उन्होंने खड़गे के बयान के पीछे गांधी परिवार को जिम्मेदार ठहराया। कहा- ये गांधी परिवार के शब्द हैं। राहुल और सोनिया रिमोट कंट्रोल से पार्टी चलाते हैं और खड़गे उसी के तहत बोलते हैं।

### एक्टर मैथ्यू की मौत के मामले में भारतीय मूल की महिला को 15 साल की सजा

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड के मशहूर टीवी शो फ्रेंड्स के अभिनेता मैथ्यू पैरी की मौत से जुड़े ड्रग्स मामले में अदालत ने भारतीय मूल की महिला जसवीन संघा को 15 साल की जेल की सजा सुनाई है। जसवीन को केटामाइन क्वीन के नाम से भी जाना जाता है। जसवीन संघा ने पिछले साल सितंबर में पांच आरोपों को स्वीकार किया था। इनमें केटामाइन बेचने का आरोप भी शामिल था, जिसे मैथ्यू पैरी की मौत की बड़ी वजह माना गया। केटामाइन एक बेहोश करने वाली दवा है, जिसका इस्तेमाल केवल डॉक्टर की निगरानी में ही किया जाता है। मैथ्यू पैरी अक्टूबर 2023 में अपने घर के हॉट टब में मृत पाए गए थे। जांच में सामने आया कि उनकी मौत केटामाइन के ज्यादा असर (ओवरडोज) की वजह से हुई थी।

---

ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों के लिए नया मैप जारी किया


# धमाके से बचने के लिए हमसे बात करें, प्रति बैरल 1 डॉलर टोल लगाएगा

एजेंसी ▸▸ तेल अवीव/वाशिंगटन

ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों के लिए नया मैप जारी किया है। इसका मकसद जहाजों को समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों से बचाना है। इस मैप में उन खतरनाक इलाकों को दिखाया गया है, जहां जहाजों का जाना मना है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पहले जहाज ओमान के किनारे के पास से गुजरते थे, लेकिन अब उन्हें ईरान के किनारे के पास से निकलने की सलाह दी गई है। इससे माइन वाले इलाकों से बचा जा सकता है।





ईरान ने जहाजों से कहा है कि वे पहले उसके अधिकारियों से संपर्क करें, तभी उन्हें सुरक्षित रास्ता बताया जाएगा। ईरान अब इस रास्ते से गुजरने वाले तेल के जहाजों पर नजर भी रखेगा। हर जहाज को पहले अपने माल यानी कार्गो की पूरी जानकारी देनी होगी, उसके बाद ही आगे जाने की इजाजत मिलेगी। वहीं फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान हर बैरल तेल पर 1 डॉलर टैक्स लेने की तैयारी कर रहा है और यह पैसा क्रिप्टोकरेंसी में लेना चाहता है।

### लेबनान में इजराइली हमलों से एक दिन में 254 मौतें

- इजराइली सेना ने बुधवार को लेबनान में सैकड़ों मिसाइलों से हमला किया, जिसमें 254 लोगों की मौत हो गई। लेबनान की सिविल डिफेंस एजेंसी के मुताबिक, इस एयर स्ट्राइक में कम से कम 1,165 लोग घायल हुए। इसके बाद देश में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है।
- हमले बेरूत, बेक्का वैली, माउंट लेबनान, सैदोन और दक्षिण लेबनान के कई गांवों में किए गए। यह हमला उसी दिन हुआ, जब अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर का ऐलान किया गया था।
- इजराइली सेना ने कहा कि यह हमला 2 मार्च से शुरू किए गए उनके नए सैन्य ऑपरेशन के बाद लेबनान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला था। सेना के मुताबिक, इसमें हिजबुल्लाह के 100 से ज्यादा कमांड सेंटर और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।
- इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि लेबनान अमेरिका-ईरान सीजफायर का हिस्सा नहीं है। वहीं, मध्यस्थ पाकिस्तान का कहना है कि इस सीजफायर में लेबनान भी शामिल है। दूसरी तरफ, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि लेबनान इस समझौते से अलग है और इसका हिस्सा नहीं है।

---

एसीएस की तर्ज पर डीजी, एडीजी बने संभाग प्रभारी

## वरुण कपूर भोपाल, उपेंद्र जैन उज्जैन पंकज श्रीवास्तव जबलपुर संभाग प्रभारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिवों की तर्ज पर स्पेशल डीजी और एडीजी स्तर के अधिकारियों को संभागीय स्तर पर कानून व्यवस्था की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है। यह अधिकारी रेंज स्तर पर पदस्थ आईजी के अलावा संभागों की कानून व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

डीजी वरुण कपूर को भोपाल, उपेंद्र जैन को उज्जैन तथा स्पेशल डीजी पंकज श्रीवास्तव को जबलपुर संभाग का प्रभारी बनाया गया है। यह व्यवस्था प्रदेश में यूसीसी लागू करने के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के फैसले के बाद प्रभावी की गई है।

गृह विभाग द्वारा यूसीसी (समान नागरिक संहिता) लागू करने की तैयारियों के बीच प्रदेश के सभी संभागों में डीजी, स्पेशल डीजी और एडीजी स्तर के अधिकारियों को संभागीय प्रभारी नियुक्त किया गया है। दरअसल मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में यूसीसी लागू करने को लेकर सीएम ने गृह विभाग को निर्देश दिए। यूसीसी का वर्ग विशेष की ओर से विरोध होना तय है और आने वाले दिनों में कानून व्यवस्था पर इसका असर पड़ेगा। इसलिए गृह विभाग ने रेंज में पदस्थ आईजी के ऊपर संभागीय स्तर पर एडीजी, स्पेशल डीजी और डीजी स्तर के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है।



आईपीएस वरुण कपूर




- 8 अप्रैल को जारी आदेश में कहा गया है कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में संभाग स्तर पर कानून व्यवस्था और पुलिस के कामों की समीक्षा के सुपरविजन और मॉनिटरिंग के लिए यह दायित्व सौंपे गए हैं। इसमें पहले से इंदौर, ग्वालियर, रीवा संभाग के लिए आईपीएस अफसरों को संभागीय प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।
- इन संभाग में पहले से मौजूद अधिकारी भी अपना काम करते रहेंगे। इसके अलावा सात संभागों के लिए नए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### बंगाल चुनाव से पहले ईडी की रेड

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में बिस्वजीत पोद्दर उर्फ सोना पप्पू, जय एस. कामदार और अन्य से जुड़े एक मामले में आठ परिसरों पर रेड की है। बंगाल चुनाव से पहले हुई रेड में ईडी को कामयाबी मिली है। आरोपियों के कब्जे से 'मेड इन यूएसए' रिवॉल्वर, 1.47 करोड़ रुपये की नकदी और 67.64 लाख के सोने चांदी के आभूषण जब्त किए गए हैं। तलाशी अभियान के दौरान जांच एजेंसी ने आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी अपने कब्जे में ले लिए हैं। जमीन, भवन आदि के रूप में कई अचल संपत्तियों की पहचान की गई है, जो आपराधिक गतिविधियों के माध्यम से प्राप्त की गई प्रतीत होती हैं। ईडी के अनुसार, तलाशी के दौरान बिस्वजीत पोद्दर उर्फ सोना पप्पू द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक फॉर्च्यूनर गाड़ी भी जब्त की गई है।

## प्रदेश में गेहूं खरीदी में देरी पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**जीतू पटवारी बोले- सरकार ने रणनीतिक तरीके से घोटाला किया**



दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

एमपी में आज से चार संभागों में गेहूं खरीदी शुरू हो गई है। इस बार गेहूं खरीदी देरी से शुरू होने के पीछे सरकार इजराइल-ईरान युद्ध का हवाला दे रही है। ऐसे में गेंहू खरीदी में देरी को कांग्रेस ने प्रदेशभर में प्रदर्शन किया।

खंडवा में कांग्रेस में प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। करीब 5 हजार से ज्यादा कांग्रेसी प्रदर्शन में शामिल हुए है। रतलाम में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी में धरना दिया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान भी शामिल हैं। भोपाल-श्योपुर में भी कांग्रेस ने नारेबाजी की। इधर, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार ने रणनीतिक तरीके से घोटाला किया है। बारदाने की कमी का बहाना बनाकर गेहूं खरीदी नहीं की गई। यह किसानों को धोखा देने की कोशिश है। भोपाल से छतरपुर रवाना होने से पहले पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि तथ्यों से साबित हो गया है कि भाजपा, शिवराज सिंह चौहान, नरेंद्र मोदी और मोहन यादव किसान विरोधी हैं। लगभग 10 लाख क्विंटल गेहूं ओपन मार्केट में बिक चुका है। करीब 25% गेहूं 1600 से 2000 रुपए प्रति क्विंटल के भाव में बेचा गया है।

---

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को जान से मारने की धमकी

एजेंसी ▸▸ वाराणसी

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें भेजे गए ऑडियो मैसेज में कहा गया कि जैसे अतीक अहमद को मारा गया था, वैसे ही उन्हें भी मार दिया जाएगा। इन ऑडियो में 33 बार गालियां भी दी गई हैं और कहा गया है कि उनकी यात्रा के दौरान हमला किया जाएगा। 1 अप्रैल को ज्योतिष्पीठ के आधिकारिक नंबर पर पहले एक धमकी भरा मैसेज आया था, जिसे बाद में ब्लॉक कर दिया गया। इसके बाद 6 अप्रैल की रात 9:55 और 9:56 बजे दो वॉइस मैसेज भेजे गए। ज्योतिष्पीठ ने बुधवार को ये दोनों ऑडियो जारी करके मामले की जांच की मांग की है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद गोमाता-राष्ट्रमाता अभियान चला रहे हैं। इसी के तहत 3 मई से उत्तर प्रदेश में उनकी गविष्ठी यात्रा शुरू होने वाली है, जिसमें वे लोगों को गायों की सुरक्षा और उनके लिए आश्रय (गोधाम) बनाने के बारे में जागरूक करेंगे।

### पीएम मोदी की हत्या की साजिश में तीन गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ बक्सर

बिहार के बक्सर जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश रचे जाने का मामला सामने आया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सिमरी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने सिमरी के आशा पड़री निवासी अमन तिवारी को उसके घर से गिरफ्तार किया। बक्सर एसपी शुभम आर्य के अनुसार, आरोपी प्रधानमंत्री की हत्या की साजिश रच रहा था और इसके लिए उसने विदेशी एजेंसी से संपर्क साधा था।

गुरुग्राम में होंडा कंपनी में सैलरी बढ़ाने को लेकर हड़ताली कर्मचारियों पर लाठीचार्ज

## 'एक का सिर फूटा, 20 घायल, पुलिस की बाइक फूंकी

एजेंसी ▸▸ गुरुग्राम

हरियाणा के गुरुग्राम स्थित मानेसर में धारा 163 लागू होने के बावजूद वीरवार को हजारों की संख्या में हड़ताली कर्मचारी जुट गए। जिन्हें खदेड़ने के लिए पुलिस लाठीचार्ज किया। जिससे मामला भगदड़ की स्थिति बन गई।

इस दौरान 20 से ज्यादा कर्मचारियों को चोटें आई हैं। एक के सिर पर गहरा जख्म है। काफी खून बहने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। भड़के हड़तालियों ने पुलिस की एक बाइक फूंक दी और गाड़ी पर पथराव किया। जिससे फ्रंट शीशा टूट गया। कई घंटे तक झड़प चलती रही। इस विवाद के बाद कई कंपनियों के बाहर सैलरी बढ़ाने संबंधी सरकार के ऑर्डर वाले नोटिस चिपका दिए गए।



कुछ दिन पहले होंडा कंपनी में सैलरी बढ़ाने को लेकर स्ट्राइक हुई थी। उसके बाद 3 दिन से आधा दर्जन से अधिक बड़ी कंपनियों तक इसकी आंच पहुंच गई। हालांकि होंडा कंपनी के समझौते के बाद काम पर लौट गए। सत्यम, मुंजाल शोवा, रिको और अन्य कंपनियों के कर्मचारी 3 दिन से काम पर लौटने को तैयार नहीं हुए। पुलिस प्रशासन ने कहा कि यहां धारा 163 लागू करते हुए धरना-प्रदर्शन पर रोक लगा दी थी। मगर, प्रदर्शनकारी नहीं माने। कर्मी नेताओं का कहना है कि कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स लंबे समय से शोषण का शिकार हैं। न्यूनतम मजदूरी, ओवरटाइम भुगतान, सुरक्षा और स्थायीकरण जैसी मांगें वर्षों से लंबित हैं।

---

पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले

## हुमायूं कबीर की बीजेपी से 1000 करोड़ की डील

### वायरल वीडियो में पीएमओ का जिक्र, कहा- डिप्टी सीएम बनूंगा, टीएमसी बोली- ईडी चुप क्यों

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले आम जनता उन्नयन पार्टी के चेयरमैन हुमायूं कबीर के वायरल वीडियो से विवाद खड़ा हो गया है। इसमें वे बीजेपी नेताओं के साथ 1000 करोड़ की डील पर चर्चा कर रहे हैं।

19 मिनट के वीडियो में हुमायूं कबीर कह रहे हैं कि वे ममता बनर्जी को किसी भी कीमत पर सत्ता से हटाना चाहते हैं। अगर उनकी 60-70 सीटें आ गईं तो वे डिप्टी सीएम भी बन सकते हैं। टीएमसी के कुणाल घोष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस वीडियो का जिक्र कर कहा कि हुमायूं सुवेंदु अधिकारी, प्रधानमंत्री कार्यालय, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिसवा सरमा के करीबी हैं। घोष ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय चुप क्यों है। उसे इस मामले की जांच करनी चाहिए। बीजेपी ने हुमायूं के जरिए मतुआ, हिंदुओं और मुसलमानों को बेवकूफ बनाने के लिए 'बी टीम' और 'सी टीम' बनाई है।

**कबीर ने कहा- चुनाव के बाद कोर्ट जाऊंगा**



- बंगाल चुनाव में हुमायूं की पार्टी विधानसभा की 294 सीटों में से 118 पर चुनाव लड़ रही है। उनका गठबंधन असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के साथ है। राज्य में 23 और 29 अप्रैल को दो फेज में वोटिंग होगी। नतीजे 4 मई को आएंगे।
- हुमायूं कबीर ने बताया, 'ये आरोप पूरी तरह फेक हैं। ये वीडियो एआई से बनाया गया है। जिन लोगों ने इन्हें जारी किया है मैं उनके खिलाफ कोर्ट जाऊंगा। अभी मैं चुनाव प्रचार में व्यस्त हूं। समय मिलते ही केस करूंगा। हुमायूं कबीर ने कहा कि मैं सीएम हिमंता बिस्व सरमा, मोहन यादव से कभी नहीं मिला, न ही बात हुई।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## आज को पानी की सप्लाई नहीं होगी, पूरे शहर में जलप्रदाय प्रभावित

**उज्जैन।** शुक्रवार सुबह होने वाला जल प्रदाय नहीं किया जाएगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अनुसार, पूरे शहर में पानी की सप्लाई नहीं की जाएगी। उज्जैन नगर निगम द्वारा गंभीर नदी से आने वाली मुख्य राइजिंग मेन (गऊघाट) पर पीडब्ल्यूडी द्वारा किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण और नर्मदा लाइन जोड़ने का कार्य जारी है। इसी के दूसरे चरण के सुधार कार्य के लिए शटडाउन लिया जा रहा है। इस कारण आज 10 अप्रैल 2026 (शुक्रवार) को पूरे शहर में जलप्रदाय नहीं होगा।

## नींव छोड रहे मकान, मालिक तुडवा रहे

**उज्जैन।** लगातार तीसरे दिन ढाबा रोड चौडीकरण में मकान गिरने की बात सामने आ रही है। इस बीच मकान मालिक का कहना है कि भूतल के उपर दो मंजिला मकान को उन्होंने ही तुडवाया है। मकान नीव से कमजोर हो गया था। गर्डर फर्शी का था और पास के मकान की दिवार का सपोर्ट भी हट गया था ऐसे में उसे गिरवाया गया है।

ढाबा रोड चौडीकरण में सोमवार देर शाम को जी प्लस 3 के दो मकान धराशाई हो गए थे। रात में ही नगर निगम के अमले ने पहुंचकर मलबा हटवाया था। नगर निगम के अधिकारियों ने दावा किया था कि उन्होंने ही मकानों को गिराया है। मंगलवार को भी नगर निगम की कार्रवाई जारी रही थी उस दौरान भी कमजोर हो चुके दो मकान गिराने का दावा किया गया था। निरंतर बुधवार को भी मकान गिराया गया है। गेबी साहब की गली वाली पट्टी में राज मेडिकल स्टोर्स की फर्म जिस मकान में संचालित होती थी उसी मकान को धराशाई मकान मालिक ने करवाने की बात कही है। मकान मालिक अनिक मेहता के अनुसार मकान पूरी तरह से कमजोर हो गया था। जी प्लस 2 मंजिल के मकान में पिछले दो दिनों से काम जारी थी। यह मकान गर्डर फर्शी का बना हुआ था एवं चद्दर भी लगे थे। कमजोर स्थिति को देखते हुए बुधवार अपरांह में मकान को गिराया गया है। उसका मटेरियल भी उठवाया गया है। पूरे सुरक्षित तरीके से इसे अंजाम दिलवाया गया।

## बदला मौसम का मिजाज, कई जिलों में बारिश-ओले

**उज्जैन।** प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट लेते हुए गर्मी पर ब्रेक लगा दिया है। प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए रहने, तेज हवाएं चलने और बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है और मौसम सुहावना हो गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, श्योपुर समेत कई जिलों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। श्योपुर में सबसे ज्यादा करीब 12 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि ग्वालियर और दतिया में भी अच्छी बारिश हुई, जिससे फसलों और जनजीवन पर असर पड़ा।

**तापमान में 4-6 डिग्री तक गिरावटः** राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित कई शहरों में दिन का तापमान सामान्य से 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक नीचे दर्ज किया गया। वहीं रात के तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला, जिससे मौसम में ठंडक बढ़ गई है।

**पूर्वी मध्य प्रदेश में भी असरः** जबलपुर, सागर, रीवा, सतना और आसपास के क्षेत्रों में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। यहां हल्की से मध्यम बारिश के साथ तेज हवाएं चलीं, जिससे पूरे इलाके में मौसम सुहावना बना रहा। कई जिलों में नमी का स्तर बढ़ने और तेज हवाओं के चलते दिनभर बादल छाए रहे। सुबह और शाम के समय ठंडी हवाओं ने लोगों को गर्मी से काफी राहत दी। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में सक्रिय सिस्टम के चलते अगले कुछ दिनों तक आंधी, बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी रहने की संभावना है। कुछ इलाकों में फिर से ओलावृष्टि भी हो सकती है।

## ट्रैंडिंग

**पेट्रोल पंप अटेंडेंट: साहब, राहुल जी के पीएम बनने के चांसेज चेक कर लो?**

**ग्राहक: क्या बकवास है?**


**अटेंडेंट: मतलब, सर जीरो चेक कर लें।**

राहगीरों को होना पड रहा समस्या और परेशानी से दो-चार, एक ही क्षेत्र में बार-बार सिवरेज लाईन की खुदाई से बढी परेशानी

# अनियोजित काम से परेशान आम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन









सिवरेज की पाईप लाईन डालने वाली टाटा कंपनी के अनियोजित काम से शहर में बराबर परेशानी का दौर बना हुआ है। छः माह पूर्व जिन क्षेत्रों में कंपनी ने खुदाई कर पाईप लाईन डाली थी एक बार फिर से उन्ही क्षेत्रों में खुदाई का काम किया जा रहा है। इससे राहगिरों को समस्या एवं परेशानी से दो-चार होना पड रहा है। अनियोजित काम से आम परेशान हो रहा है।मामला है प्रेमछाया से भाट गली चौराहा का।

नए शहर से पुराने शहर को जाने वाले चामुंडा माता से प्रेमछाया एवं भाटगली होते हुए लाल मस्जिद मार्ग वर्तमान में अहम हो गया है। आवागमन के लिए यह मार्ग वर्तमान में काफी प्रचलित है। इसके पीछे कारण यह है कि कोयला फाटक एवं फाजलपुरा मार्ग पर चौडीकरण का काम जारी है। इसके चलते इस मार्ग पर जमकर आवागमन की स्थिति रहती है।

### छः माह में दुसरी बार खुदाई

छः माह पूर्व ही टाटा कंपनी ने प्रेमछाया से लेकर भाट गली तक अपनी सिवरेज लाईन डालने के लिए खुदाई की थी। उसके बाद पाईप डालकर चेंबर बनाकर गड्डे बंद कर दिए गए थे। हाल ही में एक बार फिर से इस क्षेत्र में खुदाई कर दी और खास यह है कि मेन लाईन के लिए भी सडक खोद दी गई है। इस क्षेत्र में घरों के कनेक्शन के लिए भी खुदाई की गई है। यह समझ से परे है कि मेन लाईन डालने के बाद एक बार फिर से इस क्षेत्र में खुदाई क्यों की गई।

### अनियोजित काम, गति भी धीमी

आवागमन के लिए कोयला फाटक एवं फाजलपुरा मार्ग पूर्व से ही चौडीकरण के चलते अवरूद्ध हैं। ऐसे में प्रेम छाया मार्ग पर आवागमन बढा हुआ है। इसके बावजूद इस मार्ग पर सिवरेज लाईन डालने की अनुमति दी गई और वह भी छः माह में दुसरी बार इससे ही अनियोजित काम की स्थिति स्पष्ट हो रही है। इसके साथ ही काम की गति भी धीमी होने से पिछले एक सप्ताह बाद भी सडक को सामान्य नहीं किया गया है। वर्तमान में सडक के बीच में खुदाई का आलम है और दोनों और वाहन चालक परेशानी उठाते हुए आवागमन कर रहे हैं। पिछले आठ दिन से अब फिर किसी काम को लेकर इसे खोद कर छोड़ दिया न कोई पाइप लाइन डाली जा रहा है न ही सडक को ठीक किया जा रहा है। दिन भर लोग वहां पड़े सडक के मलबे में उलझकर वाहनों से दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। खास तो यह है कि इन हालातों में भी शेष बचे मार्ग पर चौपहिया वाहनों की पार्किंग की जा रही है।

### आवागमन में बाधा,परेशान वाहन चालक

नए शहर से पुराने शहर में जाने के लिए देवासगेट मालीपुरा एवं रेलवे स्टेशन मार्ग पर हेवी यातायात की स्थिति दिन भर बनी रहती है। इसकी अपेक्षा चामुंडा माता से प्रेमछाया होते हुए भाटगली-लाल मस्जिद चौराहा का रास्ता आवागमन के लिए सुलभ रहता है। इस मार्ग पर एक बार फिर से खुदाई होने से आवागमन करने वाले वाहन चालकों के लिए परेशानी खडी हो गई है।

### चौडीकरण का मतलब ही नहीं निकला

प्रेमछाया झभाटगली चौडीकरण नगर निगम ने किया था। इस मार्ग को लाल मस्जिद चौराहा तक मिलाया गया। इस मार्ग पर वर्तमान हाल में दिन भर वाहनों की पार्किंग जैसी स्थिति बनी रहती है। इससे मार्ग के चौडीकरण का मंतव्य ही सफल होता नहीं दिख रहा है। आवागमन की स्थिति में यहां पूर्व में गली जैसे ही हाल बने हुए हैं।

महाकाल ब्रिज निर्माण कार्यों में तेजी के चलते व्यापारी परेशान

# आंदोलन की चेतावनी; प्रशासन ने 4 दिन का समय मांगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में महाकाल ब्रिज निर्माण के कारण साप्ताहिक हाट बाजार को हटाए जाने का विवाद बढ़ता जा रहा है। 8 दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों ने वैकल्पिक स्थान न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रशासन ने इस समस्या का समाधान 4 दिनों में निकालने का आश्वासन दिया है।

### सिंहस्थ 2028 तैयारियों में महाकाल ब्रिज निर्माण कार्य में तेजी

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत उज्जैन में महाकाल ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस ब्रिज के नीचे वर्षों से लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार को हटाने की प्रक्रिया शुरू होते ही व्यापारियों ने विरोध जताना शुरू कर दिया था।

गुरुवार को व्यापारियों ने एकजुट होकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अपनी मांग दोहराई कि उन्हें विकास कार्यों से आपत्ति नहीं है, लेकिन बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के हाट बाजार हटाना उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा कर देगा।

हाट यूनियन से जुड़े व्यापारी राजू ने बताया कि सोमवार को कमिश्नर और असिस्टेंट कमिश्नर के साथ हुई बैठक में होटल इम्पीरियल के पीछे स्थित स्मार्ट पार्किंग में हाट लगाने का प्रस्ताव रखा गया था। व्यापारी इस स्थान पर सहमत भी थे, लेकिन अब अधिकारी बार-बार उस जगह से इनकार कर रहे हैं।

### व्यापारियों की पहली पसंद उनका पुराना स्थान

व्यापारियों की पहली पसंद उनका पुराना स्थान है, जहां वे वर्षों से हाट लगाते आ रहे हैं। यदि वहां संभव नहीं है, तो वे होटल इम्पीरियल के पास पार्किंग स्थल को व्यवस्थित कर उन्हें दिए जाने की मांग कर रहे हैं, क्योंकि यह जगह उनके लिए उपयुक्त और सुनियोजित है।

### तहसीलदार ने 4 दिन में मामले की स्थिति स्पष्ट करने का आश्वासन दिया

इस बीच, तहसीलदार शेफाली जैन ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कलेक्टर और कमिश्नर के साथ चर्चा के बाद अगले 4 दिनों में इस मामले पर स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी। व्यापारियों ने यह भी बताया कि प्रशासन के सहयोग में उन्होंने गुरुवार को हाट नहीं लगाया, जिसके कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

# रेलवे स्टेशन पर माताओं के लिये किया वात्सल्य केंद्र का लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





रेलवे पुलिस यात्रियों की सुरक्षा के साथ सुविधाओं को लेकर भी लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में उज्जैन रेलवे स्टेशन पर माताओं के लिये वात्सल्य केंद्र के साथ निःशुल्क सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन का लोकार्पण किया गया।

बाबा महाकाल की नगरी में वर्ष 2028 के दौरान आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के रेलवे लाइन के साथ सुविधा के कामों को पूरा किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय रेलवे पुलिस इंदौर द्वारा भी उज्जैन रेलवे स्टेशन पर महिला, बच्चों और युवतियों के लिये सुविधा के प्रयास किये जा रहे है। रेलवे स्टेशन ममता संग सम्मान के अंतर्गत वात्सल्य केन्द्र और निःशुल्क सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन का लोकार्पण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिति के रूप में रेलवे पुलिस अधीक्षक बड़वानी पद्म विलोचन शुक्ल के साथ विशिष्ट अतिथि उज्जैन नगर निगम उपायुक्त संतोष टैगोर के साथ स्टेशन अधीक्षक संजय सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमंत चौहान, उपपुलिस अधीक्षक रेल इंदौर ज्योति शर्मा मौजूद रही। अतिथियों ने कहा कि वात्सल्य केंद्र माताओं को एक सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक स्थान प्रदान करेगा। वह यात्रा के दौरान अपने शिशुओं को सहजता से दुग्धपान करा सकेंगी। निःशुल्क सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन किशोरियों एवं महिलाओं को स्वच्छता एवं सम्मान के साथ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। सिंहस्थ 2028 में यह प्रयास महिलाओं, माताओं और किशोरियों के लिये काफी उपयोगी सिद्ध होगा। मुख्य अतिथि पद्म विलोचन शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुलिस का दायित्व केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के सम्मान एवं सुविधा का ध्यान रखना भी है। ममता संग सम्मान जैसी पहल संवेदनशील पुलिसिंग का सशक्त उदाहरण हैं। रेलवे पुलिस इससे पहले उज्जैन स्टेशन पर पटरी की पाठशाला और भरोसे की सवारी जैसी योजनाओं की शुरूआत कर चुकी है।

# महाकाल भस्म आरती में भावुक हुई अभिनेत्री उल्का गुप्ता, बोलीं- ये अनुभव शब्दों से परे, व्यवस्थाओं को सराहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



उज्जैन स्थित ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रसिद्ध टीवी और फिल्म अभिनेत्री उल्का गुप्ता ने प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल होकर दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए इसे जीवन का अविस्मरणीय पल बताया। अभिनेत्री उल्का गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ह्लमैं आप सभी की उल्का गुप्ता, आपकी झांसी की रानी और केरल स्टोरी टू की सुरेखा नायक हूं। अभी-अभी महाकाल धाम में बाबा महाकाल के दर्शन कर आई हूं।

उन्होंने कहा कि भस्म आरती का अनुभव शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। ह्लअंदर का माहौल ऐसा था कि पता ही नहीं चला दो घंटे कैसे बीत गए। मैं बहुत करीब से बाबा महाकाल को देख सकी, शिवलिंग का श्रृंगार होते हुए देखा और जल अर्पित होते हुए भी देखा। यह कोई सामान्य अनुभव नहीं है।ह्व उन्होंने कहा कि हर शिव भक्त को इस अनुभव को जरूर महसूस करना चाहिए और महाकाल धाम आना चाहिए।

उल्का गुप्ता ने बताया कि भस्म आरती के दौरान उनके अंदर एक अलग ही ऊर्जा थी, जिसे शब्दों में व्यक्त करना मुश्किल है। उन्होंने कहा, ह्लइस दौरान मुझे रोना भी आया और मेरे रोंगटे भी खड़े हो गए। जिस तरह की प्रचंड आरती और तालियों की गूंज थी, वह बहुत ही अद्भुत और आश्चर्यचकित करने वाला अनुभव था।ह्व उन्होंने सभी शिव भक्तों से अपील की कि वे भी महाकाल धाम आकर इस दिव्य अनुभव का हिस्सा बनें।

# श्री महाकालेश्वर दर्शनार्थी सेवा फाउंडेशन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद वितरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर दर्शनार्थी सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष संतोष चौहान ने बताया उज्जैन की प्रसिद्ध 118 किलोमीटर लंबी पंचकोशी पदयात्रा 12 अप्रैल से 16 अप्रैल तक शुरू की जाएगी। 12 अप्रैल से शुरे होने वाली यह पंच दिवसीय पंचकोशी पदयात्रा श्रद्धालुओं द्वारा पवित्र पड़ावों पर बाबा महाकाल के प्रसिद्ध स्वरूपों के दर्शन और चार शिवलिंगों की परिक्रमा के साथ संपन्न होती है। हजारों श्रद्धालु शिप्रा तट से यात्रा शुरू करते हैं और नगर के चारों कोनो में स्थित भगवान शिव पड़ावों पिंगलेश्वर, कायावरोहणेश्वर, बिल्वकेश्वर, दुर्देश्वर और ककोर्टेश्वर की यात्रा करते हैं।

यात्रा के दौरान श्री महाकालेश्वर दर्शनार्थी सेवा फाउंडेशन द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी एवं मार्गदर्शक नारायण यादव दादा के मार्गदर्शन में ग्राम छायन एमपीईबी ग्रिड के पास कायावरोहणेश्वर, पंचकोशी मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, टेंट, स्वास्थ्य, प्रसादी वितरण सेवाओं के इंतजाम किए गए हैं।

इंदौर कोचिंग डिपो की मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री से ट्रेनों में गुणवत्तापूर्ण लिनेन की आपूर्ति सुनिश्चित

# प्रतिदिन 12 हजार बेडशीट, 6-6 हजार पिलो कवर व फेस टॉवेल की धुलाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन/ रतलाम



यात्रियों की यात्रा को सुखद, सुविधाजनक और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में एसी कोचों में यात्रियों को स्वच्छ एवं उच्च गुणवत्ता वाला बेडिंग मटेरियल उपलब्ध कराया जा रहा है।

रेलवे द्वारा प्रत्येक एसी यात्री को दो बेडशीट, एक पिलो कवर, एक फेस टॉवेल एवं एक कंबल प्रदान किया जाता है। इन लिनेन की साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जाता है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार रतलाम मंडल के इंदौर स्थित कोचिंग डिपो में आधुनिक मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें 3-3 वॉशर, ड्रायर, आयरनर एवं बॉयलर लगाए गए हैं। इस लॉन्ड्री के माध्यम से प्रतिदिन औसतन लगभग 4 ट्रेनों के करीब 40 एसी कोचों के लिए लिनेन की आपूर्ति की जाती है।

इंदौर की इस मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री में प्रतिदिन लगभग 12,000 बेडशीट, 6,000 पिलो कवर, 6,000 फेस टॉवेल एवं 200 से अधिक कंबलों की धुलाई कर ट्रेनों में उपलब्ध कराया जाता है। बेडशीट, पिलो कवर और फेस टॉवेल को प्रत्येक उपयोग के बाद साफ किया जाता है, जबकि कंबलों की धुलाई प्रत्येक 15 दिन में सुनिश्चित की जाती है। साथ ही, लिनेन को नेफथलीन और गर्म हवा के माध्यम से स्टरलाइज भी किया जाता है। इंदौर मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री द्वारा प्रतिदिन लगभग 6 हजार पैकेट्स लिनेन ट्रेनों में उपलब्ध कराई जाती है।

इसके अतिरिक्त रतलाम मंडल की अन्य ट्रेनों में बेडरोल एवं कंबलों की धुलाई और समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह कार्य आउटसोर्स किया गया है। आउटसोर्स एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराए गए लिनेन की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु पर्यवेक्षकों द्वारा नियमित निरीक्षण भी किया जाता है।

## न्यूज कॉलम

### वार्ड 49 एवं 53 की सफाई व्यवस्था एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा प्रातः निरीक्षण के दौरान निगम अधिकारियों के साथ वार्ड क्र. 49 एवं 53 में सफाई व्यवस्था एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। वार्ड क्र. 49 अंतर्गत क्षेत्रीय पार्षद आभा कुशवाहा के साथ वार्ड का भ्रमण किया गया जिसमें पुराने जोन कार्यालय के स्थान पर उद्यान का निर्माण किए जाने, प्रमुख मार्गों पर से अवैध अतिक्रमण एवं गुमटियों को हटाए जाने, मुनि नगर स्थित बास्केटबॉल एरीना के अधूरे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने एवं वार्ड में स्थित बड़े नालों की सफाई बारिश के पूर्व करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी के साथ आयुक्त द्वारा वार्ड क्र. 53 के पार्षद प्रतिनिधि श्री करण परमार के साथ बसंत विहार क्षेत्र, तारामंडल क्षेत्र, इंदौर रोड से लेकर नानाखेड़ा महामृत्युंजय द्वारा तक निरीक्षण किया गया।

### पेयजल संबंधित समस्याओं को सुनकर महापौर ने किया समाधान

**उज्जैन।** शहर के नागरिकों की पेयजल से संबंधित समस्या के निराकरण हेतु चामुंडा माता स्थित पीएचई कार्यालय पर महापौर चौपाल का आयोजन महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थिति में किया गया जिसमें पेयजल से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए उनका तत्काल निराकरण किया गया। चौपाल के अंतर्गत अवैध से वेध कनेक्शन कराने हेतु 15 आवेदन प्राप्त हुए एवं 53 शिकायतें जिसमें पाइपलाइन डालने, लाइन लीकेज की समस्या, सप्लाई के दौरान कम प्रेशर, गंदे पानी की समस्या, जल कर की राशि में त्रुटि सुधार कार्य इत्यादि शिकायतें प्राप्त हुई। महापौर ने बताया कि चौपाल के अंतर्गत नागरिकों द्वारा जो समस्याएं बताई गई उनके समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### एचपीवी टीकाकरण अभियान का
### जिला पंचायत सीईओ जैन ने किया निरीक्षण



**इंदौर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने आज इंदौर जिले में संचालित एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जैन ने टीकाकरण केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया तथा वहां तैनात स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने टीकाकरण की प्रक्रिया, लाभार्थी बच्चों की उपस्थिति, पंजीयन व्यवस्था एवं अभिलेख संधारण की विस्तार से समीक्षा करते हुए कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### वार्ड क्र. 53 में टीन शेड एवं पेवर ब्लॉक कार्य का भूमि पूजन

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 53 शक्करवासा स्थित श्री सत्यवीर तेजाजी महाराज मंदिर के बाहर टीन शेड एवं पेवर ब्लॉक लगाए जाने के कार्य का भूमि पूजन निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा महामंत्री आनंद सिंह खींची, कमलेश बैरवा, क्षेत्रीय पार्षद निर्मला करण परमार, मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी, नगर उपाध्यक्ष उमेश सेंगर, नगर कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव की उपस्थिति में संपन्न किया गया। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 53 शक्कर वासा स्थित श्री सत्यवीर तेजाजी महाराज मंदिर के बाहर टीन शेड एवं पेवर ब्लॉक लगाए जाने का कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है उक्त कार्य निगम अध्यक्ष मद की राशि रुपए लगभग 35 लाख की लागत से संपन्न किया जाएगा।

### कंठाल चौराहा एवं कमरीमार्ग चौराहा पर निगम ने की मार्किंग

**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 अन्तर्गत श्रद्धालुओं सुगम आवामन को दृष्टिगत रखते हुए शहर में प्रचलित चौड़ीकरण कार्यवाही अन्तर्गत गुरुवार को निगम अमले द्वारा आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार चौराहों के सौन्दर्यीकरण एवं विकास हेतु मार्किंग का कार्य किया गया। भवन अधिकारी राजकुमार राठौर, उपयंत्री राजेन्द्र रावत द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार कंठाल चौराहे एवं कमरी मार्ग चौराहा (ढाबारोड़) विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु भवनों पर मार्किंग का कार्य किया गया।



### इंदौर जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारंभ

**इंदौर।** इंदौर जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य आज से विधिवत प्रारंभ हो गया। लक्ष्मीनगर मंडी प्रांगण स्थित शासकीय गेहूं उपार्जन केंद्र का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक मधु वर्मा एवं कलेक्टर शिवम वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में गेहूं खरीदी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं किसानों की उपस्थिति में कृषक विजू कुमावत एवं अभिषेक यादव का साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया तथा उनसे प्रतीकात्मक रूप से गेहूं खरीदी की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में सुमित मिश्रा, श्रवणसिंह चावड़ा, ईश्वर सिंह पटेल, विशाल पाठक, नारायण पटेल, सुमेर सिंह सोलंकी, घनश्याम भाटी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला उपार्जन समिति के अधिकारीगण एवं सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

---

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की दो दिनी समन्वय बैठक में मंथन

# संघ के एजेंडे को जमीन पर साकार करेगी भाजपा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वैचारिक और सांगठनिक विषयों को भाजपा राज्यों में धरातल पर उतारने और संगठन को मजबूत करने के लिए व्यापक योजना पर काम कर रही है। आगामी चुनावों को देखते हुए, संघ और भाजपा के बीच समन्वय को और गहरा किया जा रहा है। इसी के मद्देनजर गतदिनों भोपाल में संघ और संगठन की समन्वय बैठक में मंथन किया गया और निर्णय लिया गया कि मप्र में भाजपा संघ के एजेंडे का का जमीन पर क्रियान्वयन करेगा।

संघ के वैचारिक मुद्दों, जैसे- सामाजिक समरसता, हिंदुत्व, राष्ट्रीय सुरक्षा और एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे जैसे संदेशों को आम जनता तक पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के निर्णयों को प्रदेश भाजपा मप्र में आगे बढ़ाएगी। संघ ने पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व से अपनी मंशा जता दी। सूत्रों की मानें बैठक में सत्ता और संगठन के समन्वय को लेकर भी चर्चा की गई है। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान लिए गए संकल्पों को कैसे पूरा किया जाएगा और इसमें भाजपा की क्या भूमिका रहेगी इस पर मंथन किया गया। बैठक में भाजपा संगठन से अपेक्षा की गई है कि संघ के अनुषांगिक संगठनों सेवा भारती सहित दूसरे संगठनों की गतिविधियों से सहयोग दिया जाए। इससे मध्यप्रदेश में संघ के कार्यों और संगठन को और मजबूत बनाया जा सके।




#### संगठन में कसावट और बदलाव

मप्र में 2028 के विधानसभा चुनाव और 2027 के नगरीय निकाय चुनावों को लेकर संगठन में बदलाव की प्रक्रिया जारी है। इसका उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना है। भाजपा गांव-बस्ती चलो जैसे अभियानों के जरिए मंत्री, सांसद और विधायक को सीधे ग्रामीण स्तर पर सक्रिय कर रही है, ताकि जनता से सीधा संवाद हो सके। संघ अपने सांगठनिक ढांचे में बदलाव (प्रांत प्रणाली की जगह संभाग व्यवस्था) कर रहा है ताकि गांवों और मोहावों तक बेहतर पहुंच बन सके। संघ और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के बीच लगातार समन्वय बैठकें हो रही हैं। गौरतलब है कि संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में भौगोलिक स्वरुप में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें अब प्रांतीय कार्यकारणी के स्थान पर संभागीय कार्यकारणी गठित की जाएगी। यह प्रक्रिया मार्च 2027 से प्रारम्भ होगी। बताया गया है कि दो दिन हुई बैठक में भाजपा ने भी अपने संगठनात्मक ढांचे को संघ की तरह संभाग स्तर पर मजबूत करने की बात कही है। यानि कि एक बार फिर भाजपा संभागीय मुख्यालयों में अपने संगठन मंत्री बैठाकर पार्टी को गतिविधियों को निचले स्तर तक मजबूती से उतारने का प्रयास करेगी।

#### संगठन के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

सूत्रों की मानें तो बैठक में संघ विरोधी विचारधारा वाले दलों द्वारा देश में जो वातावरण निर्मित किया जा रहा है, उससे कैसे निपटा जाए। इसे लेकर भी बैठक में चर्चा की गई है। पदाधिकारियों ने समाज के बांटने वाले प्रयासों पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे संघ की विचारधारा से जुड़ रहे लोगों को किसी भी स्थिति में गुमराह होने से बचाना होगा। इसके लिए संघ के स्वयं सेवक अपने स्तर पर काम कर रहे है, लेकिन भाजपा के कार्यकताओं को भी इसके लिए बूथ स्तर पर लोगों को जागरुक बनाना होगा। बैठक से जुड़े सूत्रों का कहना है कि दो दिवसीय बैठक में मध्यप्रदेश भाजपा का अगला संगठन महामंत्री कौन होगा, इस पर भी चर्चा की गई है। निर्णय क्या हुआ, यह खबर बाहर नहीं आ सकी है, लेकिन यह कहा जा रहा है कि यदि प्रदेश संगठन महामंत्री बनाए जाते है, तो इसका एक दो दिन में घोषणा हो जाएगी और यदि नहीं निर्णय नहीं होता, तो फिर संगठन महामंत्री का विषय लंबे समय तक के लिए टल जाएगा और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ही इस भूमिका में रहेंगे। बैठक से जुड़े सूत्रों की मानें तो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ समन्वय बैठक में जिन बिंदुओं को लेकर मंथन किया गया है, उन्हें जमीनी स्तर तक उतारने के लिए प्रदेश भाजपा कोई बड़े अभियान या एजेण्डे की घोषणा कर सकती है। जिसके जरिए संघ की लाइन को भाजपा बूथ स्तर पर ले जा सके।

---

### एक साल में पर्व स्नानों के लिए पानी पर 27 करोड़ खर्च

# 2 माह रोज जलप्रदाय के लिए डेढ़ करोड़ नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गंभीर डेम में केवल 38 दिन का पानी बचा है, और यदि शहर में रोजाना जलप्रदाय किया जाए, तो गंभीर का पानी 14 मई तक ही पर्याप्त रहेगा। ऐसे घटते जलस्तर के बीच नगर निगम में एक दिन छोड़कर जलप्रदाय करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। अभी तक अधिकारिक रूप से कोई आदेश जारी नहीं हुआ, लेकिन पिछले साल भी 15 अप्रैल को अचानक एक दिन छोड़कर जलप्रदाय की व्यवस्था लागू की गई थी।

इस साल नर्मदा से पानी लेने के लिए दो सीधे कनेक्शन भी किए गए हैं। इसके बावजूद शहरवासियों को रोजाना नर्मदा जल देने पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसके लिए पीएचई को नर्मदा विकास प्राधिकरण (एनवीडीए) को एक निश्चित राशि का भुगतान करना होगा। हालांकि, यह स्थिति हैरानी की है कि पीएचई, जो पिछले साल धार्मिक पर्वों और स्नान आयोजनों पर 27 करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है, वो दो माह शहरवासियों को रोजाना जलप्रदाय के लिए केवल 1.47 करोड़ रुपए खर्च करने का निर्णय नहीं ले पा रही है। नर्मदा से शिप्रा में सालाना औसतन 10-12 एमसीएम (करीब 12 अरब लीटर) पानी लिया जाता है।



#### शहर की जल व्यवस्था गंभीर डेम पर निर्भर

- पिछले साल मुख्य रूप से मकर संक्रांति, महाशिवरात्रि, शनिश्चरी अमावस्या, भूतड़ी अमावस्या जैसे महत्वपूर्ण स्नान पर्वों के लिए लगभग 12 अरब लीटर नर्मदा का पानी एनवीडीए से लिया था, जिसके लिए 27.12 करोड़ रुपए का खर्च हुआ है। दूसरा कनेक्शन- अगस्त 2025 में नर्मदा-गंभीर समूह जलप्रदाय योजना के तहत बने इंटेकवेल से नर्मदा का पानी गंभीर में लिया जाना शुरू हुआ। उस समय गंभीर का जलस्तर 128 एमसीएफटी पर था, जिससे शहर में अगले 15 दिन जलप्रदाय मुश्किल हो गया था। तय हुआ कि नर्मदा से लगभग 129 एमएलडी पानी रोज लिया जाएगा ।फिलहाल दोनों कनेक्शन से रोजाना जलप्रदाय शुरू नहीं किया गया है।
- शहर की जल व्यवस्था गंभीर डेम पर निर्भर है। वर्तमान में गंभीर में 483 एमसीएफटी पानी मौजूद है, जिसमें से 100 एमसीएफटी डेड स्टोरेज हटाने के बाद 383 एमसीएफटी उपयोग योग्य बचता है। गर्मी, वाष्पीकरण, लीकेज और अन्य कारणों से जलस्तर तेजी से घटता है, जिससे 38 दिन (10 एमसीएफटी रोज) का रोजाना जलप्रदाय ही संभव है। ऐसे हालात में यदि पीएचई नर्मदा का पानी लेता है, तभी शहर में नियमित जलप्रदाय संभव हो सकेगा।

---

### संतों के साथ मैदान में उतरा प्रशासन

# सिंहस्थ को भव्य बनाने की रफ्तार तेज



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने संतों के साथ निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। शनि मंदिर से शुरू हुए दौरे में नए घाटों और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

आगामी सिंहस्थ महापर्व को लेकर तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारी लगातार कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। इसी कड़ी में सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने साधु संतों के साथ विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। भ्रमण की शुरूआत शनि मंदिर से की गई। इसके बाद अधिकारियों और संतों ने नए घाटों के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान प्रशासन ने सिंहस्थ से जुड़े विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी संतों को दी।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि सिंहस्थ से जुड़े सभी कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि साधु-संतों और गुरुजनों को स्थल पर ले जाकर निर्माण कार्यों की स्थिति से अवगत कराया जा रहा है। करीब 29 किलोमीटर लंबे नए घाटों का निर्माण तेजी से जारी है, जिससे श्रद्धालुओं की भीड़ का दबाव कम होगा। प्रशासन द्वारा शिप्रा नदी को शुद्ध और आचमन योग्य बनाने के लिए चल रही परियोजनाओं का भी निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही पुल निर्माण और आवागमन व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि सिंहस्थ के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित सुविधा मिल सके।

---

### सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में

# विवादित प्रश्न पर पेपर सेटर ब्लैकलिस्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में बीकाम, बीबीए और बीसीए तृतीय वर्ष की फाउंडेशन परीक्षा में पूछे गए एक विवादित प्रश्न के बाद प्रशासन ने त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित पेपर सेटर को ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय लिया है। साथ ही विद्यार्थियों को राहत देते हुए उक्त प्रश्न के एवज में एक बोनस अंक देने की घोषणा की गई है। दरअसल, सोमवार को आयोजित भाषा एवं संस्कृति विषय के प्रश्नपत्र में एक बहुविकल्पीय प्रश्न शामिल किया गया था, जिसमें अल्लाह के सिवा दूसरा कोई नहीं है जैसे कथन पर आधारित विकल्प दिए गए थे।

इस प्रश्न को पाठ्यक्रम से बाहर और धार्मिक भावनाओं से जुड़ा बताते हुए विभिन्न संगठनों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया था। मामले के तूल पकड़ते ही विश्वविद्यालय प्रशासन हरकत में आया और जांच समिति गठित की गई। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि विवादित प्रश्न अधिकृत पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं था, बल्कि पेपर सेटर द्वारा निजी स्तर पर जोड़ा गया था। इसे गंभीर शैक्षणिक लापरवाही और कदाचार मानते हुए कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने संबंधित पेपर सेटर को विश्वविद्यालय की सभी शैक्षणिक गतिविधियों से प्रतिबंधित करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

#### विद्यार्थियों को मिलेगा बोनस अंक

छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने निर्णय लिया कि इस प्रश्न को मूल्यांकन से पूर्णतः निरस्त किया जाएगा और सभी परीक्षार्थियों को इसके बदले एक अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा, ताकि किसी के परिणाम पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक गरिमा और सामाजिक सद्भाव सर्वोपरि है। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए प्रश्नपत्र निर्माण प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और जिम्मेदार बनाया जाएगा।

---

### दस दिनों से फिर बंद पड़ा रेल ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य

# कल से शुरू हो सकेगा कार्य - पीडब्ल्यूडी, एसडीओ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अपने निर्माण के दो साल पूर्ण कर चुकी रेल ठेका कंपनी दो साल और पूरे होने के बावजूद इतने विलंब से किशनगंज के पास कैंट नाके से अंबेडकर जन्मस्थली को जोड़ने वाले रेल ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा नहीं कर पा रही है। जबकि पिछले 10 दिनों से एक बार फिर कार्य ठप्प पड़ा हुआ है।

गौरतलब है कि पूर्व विधायक, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के समय एक साथ दो रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण पूर्ण हुआ था,लेकिन वर्तमान में तीसरा रेलवे ओवर ब्रिज जो डॉ. अंबेडकर जन्मस्थली, सेना के वीआईपी अधिकारियों के आवागमन, धारनाका, महूगांव और पीथमपुर, रतलाम, धार को



जोड़ने वाला महत्वपूर्ण ब्रिज है, को इतनी लापरवाहियों से बनाया जा रहा है कि *इसे लेकर बीजेपी नेतृत्व, कांग्रेस दल और शहर की बुद्धिजीवी जनता इतनी लकुआ ग्रस्त हो गई हैं कि विरोध की कोई आवाज ही नहीं निकलती है।

न ही सांसद, राज्यसभा सदस्य और विधायक इस मामले में निमार्णाधीन कंपनी को बार बार पुल निर्माण रोकने पर कोई कार्यवाही करते नजर आते हैं। महू के लोग रोज उड़ती धूल से बेजार भुक्तभोगी बनते जा रहे हैं।

2024 नवंबर में इस रेल ओवर ब्रिज को पूर्ण हो जाना था यह अभी भी लगभग 70% ही पूरा हो पाया है। इंदौर महू रोड की तरफ की दीवारें अधूरी हैं, भराव बाकी है, वैकल्पिक रोड नहीं बन पाया है, जबकि अंबेडकर जन्मस्थली का दूसरा छोर तो 10% ही बन पाया है, जिसमें भी लंबी दीवारें बनाने का काम ठप पड़ा है।

#### आम जनता को एकमात्र पुल का आसरा

अलावा रेल पटरियों के ब्रिज को भी अभी तक जोड़ा नहीं गया है। निर्माण की गति ऐसी ही रही तो लगता है कि वर्ष 2026 अंत तक भी ये पूरा नहीं हो पाएगा! मई अंत से प्री मानसून वर्षा की संभावना भी है और फिर जून, जुलाई, अगस्त तक वर्षा काल चलेगा। ऐसे में आम जनता जो एकमात्र पुल के आसरे है वो भजिए की तरह तलती रहेगी, क्योंकि एकमात्र पुल पर कई बार जाम हो जाता है। अभी 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती पर फिर दुर्गति होना तय है। निर्माण कब तक पूरा हो सकेगा, इस मामले कोई गारंटी नहीं मिल रही है। साफ है कि जिस शहर के नेता भरोसे लायक नहीं बचे हैं उस शहर के लोगों को भी उन्हें झेलने की आदत बढ़ती जा रही है।

---

# राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान को स्थापित करने में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका

### कांग्रेस को अपने अंदर अनुशासन और राष्ट्रभक्ति को लेकर दिखानी होगी सख्ती, फौजिया और रुबीना पर पार्टी कर सकती है सख्त एक्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

वंदे मातरम विवाद के बीच शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे का सख्त और आक्रामक रुख सामने आया है। उन्होंने दो टूक शब्दों में साफ कर दिया है कि अब कांग्रेस के हर कार्यक्रम में वंदे मातरम अनिवार्य होगा और जो इसे गाने से परहेज करता है, उसे पार्टी की बैठकों से दूर रहना होगा।

चौकसे ने जारी बयान में तीखा संदेश देते हुए कहा कि कांग्रेस की हर मीटिंग की शुरूआत वंदे मातरम से होगी और समापन जन गण मन के साथ किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि जिसे वंदे मातरम गाने में दिक्कत है, वह कांग्रेस के कार्यक्रम में आने की जरूरत ही न समझे।







राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान को स्थापित करने में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान को स्थापित करने में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका रही है। आजादी से पहले कांग्रेस के हर सम्मेलन में वंदे मातरम गूंजता था और अब उसी परंपरा को फिर से सख्ती के साथ लागू किया जाएगा। ऐसे में यदि कोई कांग्रेसी ही इससे पीछे हटता है तो यह पार्टी की विचारधारा के खिलाफ खुली बगावत है।

#### धार्मिक या व्यक्तिगत मान्यता से ऊपर देश का सम्मान

चौकसे ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है और किसी भी धार्मिक या व्यक्तिगत मान्यता से ऊपर देश का सम्मान आता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कोई भी धर्म देशभक्ति के गीत गाने से नहीं रोकता, और जो ऐसा तर्क देते हैं, वे न केवल भ्रम फैला रहे हैं बल्कि राष्ट्रीय भावना को भी ठेस पहुंचा रहे हैं।

#### कांग्रेस का आक्रामक रुख

उन्होंने आगे कहा कि अब समय आ गया है जब कांग्रेस को अपने अंदर अनुशासन और राष्ट्रभक्ति को लेकर सख्ती दिखानी होगी। पार्टी के भीतर ऐसे बयानों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जो राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के सम्मान पर सवाल खड़े करें। कुल मिलाकर, वंदे मातरम विवाद के बाद कांग्रेस ने भी अब आक्रामक रुख अपना लिया है और साफ संकेत दे दिए हैं कि पार्टी लाइन से हटने वालों के लिए संगठन में कोई जगह नहीं होगी।

## न्यूज कालम



## बाग माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष वंदना झॅवर एवं सचिव कांता बुब बनी

**बाग।** माहेश्वरी समाज की महिला मंडल के निर्विरोध निर्वाचन मंगलवार रात को संपन्न हुए माहेश्वरी भवन पर आयोजित बैठक में मार्गदर्शक समिति की वरिष्ठ स्नेहलता झॅवर एवं प्रादेशिक उपाध्यक्ष शकुंतला झॅवर के मार्गदर्शन में चुनाव प्रक्रिया पुरी हुई सर्वसम्मति से वंदना दिनेश झॅवर को अध्यक्ष बनाया गया साथ ही सचिव कांता दिलीप बुब को बनाया गया कार्यकारी में उपाध्यक्ष तारा जाजू , कोषाध्यक्ष पुनम बल्देवा , प्रचार मंत्री रिता राठी , संगठन मंत्री अर्चना अगाल , मिडिया प्रभारी पुजा बल्देवा, सांस्कृतिक सचिव रेणु जाजू को सर्वसम्मति से बनाया गया इसके अलावा कार्यसमिति में बाराह सदस्य को लिया गया है अध्यक्ष बनने के बाद वंदना झॅवर ने कहा कि सभी वरिष्ठ के मार्गदर्शन और सहयोग से महिला मंडल को और आगे बढ़ाना और समाज हित में कार्य करना प्राथमिकता रहेगी।इस अवसर पर समाज भवन पर आयोजित बैठक में सुनिता झॅवर, मिथलेश राठी ,शशि झॅवर , इन्दिरा अगाल , ललिता मानधनया ,छाया झॅवर ,जय श्री जाजू , पुर्व अध्यक्ष प्रिती अगाल , टिना झवर के साथ ही महिला मंडल की सभी सदस्य उपस्थित रहीं ।

## बच्चों में संस्कार के लिए तल्लेरा दंपती कर रहे वर्षी तप आराधना

**उज्जैन।** अलखधाम नगर में रहने वाले तल्लेरा दंपती ने अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने की प्रेरणा देने के लिए एक कठिन धार्मिक मार्ग चुना है। जैन समाज में अत्यंत कठिन माने जाने वाले वर्षी तप आराधना को यह दंपती पिछले एक वर्ष से पूरे संयम और नियमों के साथ कर रहा है। इस तप का पारणा 20 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के अवसर पर गुजरात के पालीताना जैन तीर्थ में होगा।अनाज व्यापारी शैलेंद्र तल्लेरा और उनकी पत्नी प्रमिला तल्लेरा ने वर्ष 2025 की गुड़ी पड़वा से इस तप की शुरूआत की थी। शैलेंद्र तल्लेरा ने बताया कि उन्होंने पहले कभी इतनी बड़ी तपस्या के बारे में नहीं सोचा था, लेकिन गुरुजी के आशीर्वाद से उन्हें प्रेरणा मिली। जब उन्होंने अपनी इच्छा प्रमिला तल्लेरा के सामने रखी, तो उन्होंने भी पूरा साथ देने का निर्णय लिया और दोनों ने मिलकर इस कठिन तप को शुरू किया।

## ऑपरेशन हवालात के तहत 4 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**बड़वानी।** पुलिस अधीक्षक बड़वानी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में जिले में फरार आरोपियों एवं स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु ऑपरेशन हवालात संचालित किया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर एवं एस डी ओ पी बढ़वाश्री महेश सुनैया के मार्गदर्शन में थाना पाटी पुलिस द्वारा टीम गठित कर प्रभावी कार्यवाही की गई। थाना पाटी पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक 253/2022 धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के प्रकरण में 4 वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी भूरला पिता मंशाराम बारेला, उम्र 24 वर्ष, निवासी बुदी थाना पाटी को मुखबिर सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया।

## जिला पंचायत सीईओ ने नोडल अधि-कारियों की बैठक में दिशा निर्देश दिए

**उज्जैन।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट ने बुधवार सुबह पंचक्रोशी यात्रा के पड़ाव एवं उप-पड़ाव के समस्त झोनल अधिकारी, नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी पंचक्रोशी यात्रा की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक के संबंध में तथा लोक स्वास्थय यांत्रिकी विभाग को पड़ाव/उप-पड़ाव की पानी की टंकी की साफ सफाई तथा पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने के एवं विद्युत विभाग को मार्ग पर प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत उज्जैन और घट्टिया, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग को पंचक्रोशी यात्रा अंतर्गत समस्त व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने जिले की तहसीलों में स्थानीय अवकाश घोषित किए

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सामान्य प्रशासन विभाग के निदेर्शानुसार जिले में वर्ष 2026 के लिए सभी तहसीलों में स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए है। आदेश के तहत कलेक्टर श्री सिंह ने ०१ सितंबर ,मंगलवार को बड़नगर में भादों माह की प्रथम सवारी के दूसरे दिन, 7 सितंबर, सोमवार को उज्जैन और घट्टिया में श्री महाकालेश्वर की राजसी सवारी,7 सितंबर को तराना में श्री तिलभांडेश्वर महादेव की राजसी सवारी,7 सितंबर को महिदपुर में श्री धुर्जटेश्वर महादेव की राजसी सवारी, 15 सितंबर ,मंगलवार को बड़नगर में गणेश चतुर्थी के अगले दिन, 21 सितंबर, सोमवार को तराना में तेजादशमी के दिन, 23 सितंबर ,बुधवार को खाचरौद और नागदा में डोल ग्यारस के दूसरे दिन, 19 अक्टूबर, को उज्जैन, खाचरौद ,महिदपुर/नागदा में महाअष्टमी/दुर्गा नवमी के दिन, 21अक्टूबर, बुधवार को घट्टिया में दशहरा पर्व के दूसरे दिन, 10 नवंबर, को बड़नगर में दिपावली के अगले दिन (पड़वा के दिन) और 11 नवंबर ,बुधवार को उज्जैन, खाचरौद, महिदपुर, नागदा, तराना और घट्टिया में भाईदूज के दिन स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

## बुरहानपुर को मिली आयुर्वेदिक चिकित्सा की सौगात

**बुरहानपुर।** जिले के विकास के लिए सदा तत्पर डीएम हर्ष सिंह ने शहर के मध्य आयुर्वेदिक चिकित्सा की सुविधा प्रदान की है। पाली क्लीनिक के लिए बनाई गई बिल्डिंग को आयुर्वेदिक चिकित्सकों के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्णय शाने पर शिकारपुरा थाने के पीछे स्थित आयुर्वेद अस्पताल की जर्जर अवस्था को देखते हुए लिया गया है। इससे शहर के मध्य आयुर्वेद चिकित्सा मिलने से लोगों को बीमारी के साथ-साथ परेशानी से भी निजात मिलेगी।

# सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने वाले संजय गुप्ता को मिलेगी 25 हजार की प्रोत्साहन राशि

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर (दुर्घटना के तुरंत बाद का महत्वपूर्ण समय) में अस्पताल पहुँचाकर उनकी जान बचाने वाले सजग नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार की राह-वीर योजना-2025 के तहत राहवीर को प्रोत्साहन स्वरूप अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र दिए जाने का प्रावधान है। इसी कड़ी में, परिवहन आयुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश द्वारा बड़वानी के राह-वीर श्री संजय गुप्ता को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

23 जून को जुनाझिरा घाटी के पास एक सड़क दुर्घटना हुई थी, जिसमें ग्राम जुनाझिरा निवासी श्री हीरा मातंग, उनकी पत्नी श्रीमती गीता मातंग और पुत्र नक्ष मातंग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मौके से गुजर रहे बड़वानी निवासी श्री संजय गुप्ता ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल किया और सभी घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिलावद पहुँचाया। उनकी इस समयबद्ध मदद के कारण घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल और उच्च उपचार के लिए इंदौर भेजा जा सका। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय कमेटी द्वारा श्री संजय गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा।

# शुगर मिल के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता स्वीकृत

**नेपानगर।** बुधवार 8 अप्रैल को लखनचंद पटेल मध्य प्रदेश इंटक के सचिव एवं जिला संगठन प्रभारी के साथ शुगर मिल के कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल इंटक प्रदेश अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव के नेतृत्व में नवल सिंह शक्कर कारखाना मर्यादित के माननीय अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एम.एल.मकवाना से उनके 123, देवी अहिल्या मार्ग स्थित कार्यालय पहुंचकर सौजन्य भेंट कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में शक्कर कारखाना में रिकॉर्ड उत्पादन साथ ही गन्ने के भाव वर्ष ,2026-27 में 190 रुबढ़ाने पर 4075 रु प्रति टन किये जाने पर हार्दिक बधाई प्रेषित कर श्रमिकों के निस्वार्थ मेहनत से कारखाने को उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर चर्चा कर श्रमिकों को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा घोषित महंगाई भत्ता पिछले 3 वर्षों से कारखाना प्रबंधक द्वारा लागू नहीं करने पर गंभीरता पूर्वक समझते हुए साथ ही 15.10.2025 को कारखाना प्रबंधन व प्रतिनिधि संघ के प्रति वर्ष होकर मिलने वाले लाभ जिसपर वर्तमान प्रशासन एवं जिला कलेक्टर महोदय ने सहमति स्वरुप हस्ताक्षर किए जिसपर मात्र आप अर्थात आदरणीय मकवाना के हस्ताक्षर न होने पर लागू नहीं हुआ जबकि 2024-25 के हुए अनुबंध जिस पर आदरणीय मकवाना ने हस्ताक्षर कर सहमति जताई थी तो सभी को उसका लाभ मिला था तथा इस गंभीर महंगाई के दौर में उन सभी श्रमिकों को जिन्हें ब्रेक देकर घर बिठाया है वर्तमान कारखाना प्रबंधन से उन्हें कैसे सहयोग किया जा सकता है पर जानकारी लेकर सहयोग करने का प्रयास करुंगा।

# 11 अप्रेल को भव्य पुस्तक मेले का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल और अनुविभागीय अधिकारी आईएएस विशाल धाकड़ राजस्व कुक्षी के निर्देशानुसार शिक्षा को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से विकास खण्ड कुक्षी, बाग, डही एवं निसरपुर में एक भव्य पुस्तक मेले का आयोजन सांदीपनि विघालय कुक्षी मै दिनांक 11 अप्रैल एवं 12 अप्रैल प्रात : 10 बजे किया जा रहा है।



उपरोक्त जानकारी देते हुए विकास खंड शिक्षा अधिकारी डी एस बघेल ने बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री एक ही स्थान पर सुलभ कराना तथा पालकों को अपने बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें और अध्ययन सामग्री उचित एवं सस्ते दामों पर उपलब्ध कराना है।

इस पुस्तक मेले में कुक्षी तहसील के समस्त पुस्तक विक्रेताओं को आमंत्रित किया गया है, जिससे वे अपनी-अपनी पुस्तकों, कॉपियों, युनिफार्म, लंच, बाक्स,पेन तथा अन्य शैक्षणिक सामग्री के स्टॉल लगाकर विद्यार्थियों और पालकों को उचित मूल्य पर सामग्री उपलब्ध करा सकें। मेले में स्कूल पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें, सामान्य ज्ञान की पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी पुस्तकें, बाल साहित्य, कहानी की किताबें, चित्र पुस्तकें तथा विभिन्न विषयों की संदर्भ पुस्तकें भी उपलब्ध रहेंगी। इससे विद्यार्थियों को अपनी आवश्यकता और रुचि के अनुसार पुस्तकें चुनने का अवसर मिलेगा।

यह मेला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, क्योंकि यहाँ पर पेन, कॉपी, पुस्तकें और अन्य शैक्षणिक सामग्री बाजार मूल्य की अपेक्षा सस्ते दामों पर उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पालकों को आर्थिक रूप से भी राहत मिलेगी तथा वे अपने बच्चों के लिए अधिक से अधिक शैक्षणिक सामग्री खरीद सकेंगे। इस प्रकार यह आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक पहल के रूप में कार्य करेगा।

इस पुस्तक मेले में तहसील के सभी पालकों से विशेष आग्रह किया जाता है कि वे अपने बच्चों के साथ मेले में अवश्य आएं और उन्हें पुस्तकों के महत्व के बारे में प्रेरित करें। बच्चों को छोटी उम्र से ही पढ़ने की आदत डालना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि पुस्तकें ही ज्ञान का सबसे बड़ा स्रोत होती हैं। पुस्तक मेले के माध्यम से बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ेगी और वे नई-नई जानकारी प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकेंगे।

## कलेक्टर ने कट्ठीवाड़ा अनुभाग का किया भ्रमण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने आज कट्ठीवाड़ा अनुभाग



का दौरा कर विभिन्न योजनाओं एवं व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बोकड़िया स्थित उचित मूल्य दुकान, मोटी बड़ोई में संचालित फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य तथा नल-जल योजना का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा दो माह का अतिरिक्त राशन वितरण किया जा रहा है। यदि किसी विक्रेता द्वारा राशन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो इसकी शिकायत तत्काल मुख्यालय पर करें, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने बोरिंग में मोटर फंस जाने के कारण पेयजल संकट की समस्या से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर श्रीमती माथुर ने तुरंत पीएचई अधिकारी को निर्देशित किया कि समस्या का शीघ्र निराकरण कर ग्रामीणों को पेयजल संकट से राहत प्रदान की जाए। कलेक्टर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि शासन द्वारा ग्रीष्मकाल में प्रत्येक घर तक पेयजल उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी ग्रामीण को पानी की कमी का सामना न करना पड़े। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधी मिश्रा सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

## 10 अप्रैल को बड़वानी शहर में बंद रहेगी विद्युत सप्लाय

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है 10 अप्रैल शुक्रवार को समय प्रातः 7 बजे से प्रातः 11 बजे तक 11 के.व्ही. बावनगजा फिडर पर मेंटेनेंस का कार्य किया जावेगा। जिस कारण से बसंत विहार, वृन्दावन, बालाजी अस्पताल, सावरिया अस्पताल, संजीवनी अस्पताल, भाजपा कार्यालय, साई अस्पताल, महावीर नगर, विद्या नगर, राजघाट रोड़ क्षेत्र में विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। कार्य अनुसार निर्धारित समय सीमा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत राशन का अग्रिम आवंटन

**बड़वानी।** प्रधनमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत हितग्राहियों को माह मार्च, अप्रैल एवं मई, जून में दो-दो माह की राशन सामग्री का अग्रिम आवंटन एवं वितरण किया जायेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार माह मार्च एवं अप्रैल का राशन 12 अप्रैल तक तथा माह मई एवं जून का राशन 13 से 30 अप्रैल तक की अवधि में हितग्राही राशन दुकान से राशन का अग्रिम आवंटन ले सकता है।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 10 से 14 अप्रैल तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**बड़वानी।** भारत रत्न संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 10 से 14 अप्रैल तक जिला मुख्यालय एवं विकासखण्ड स्तर पर हितग्राही सम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा ।इस हेतु कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिला पंचायत सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# विश्व नवकार दिवस पर भव्य आयोजन, 98 सदस्यों ने मिलकर किया कुल 60804 बार नमोकार मंत्र का जाप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



सकल जैन समाज मंडलेश्वर द्वारा विश्व नवकार दिवस के पावन अवसर पर श्री दिगंबर जैन धर्मशाला में भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन (जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन) के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन, माताएं एवं बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समाज के मीडिया प्रभारी संयम जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः ८:३० बजे मंगलाचरण से हुई, जिसे श्रीमती नूपुर डॉ. समकित जैन एवं श्रीमती सिंपल मोनू जैन द्वारा भावपूर्ण प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात समाज मंत्री श्री मनोज कुमार जैन ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए संगठन की जानकारी एवं विश्व नवकार दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. निधि जैन (दीदी) ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए नमोकार मंत्र की महिमा का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि यह मंत्र आत्मशुद्धि एवं मानसिक शांति का सर्वोत्तम माध्यम है तथा जीवन के हर सुख-दुख में इसके जाप का संकल्प लेना चाहिए। नमोकार मंत्रकिसी व्यक्ति नहीं, गुणों की पूजा करता है इसलिए इसे सर्वश्रेष्ठ और सार्वभौमिक मंत्र माना जाता है।कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक च्चमेरी भावनाज्ज पाठ जिसका नेतृत्व धर्मेंद्र कुमार जैन व प्रेमेश जैनद् वारा किया जा कर, प्रातः 9 से 9.40 बजे तक नमोकार मंत्र का सामूहिक जाप किया गया। इस दौरान उपस्थित 98 धर्मप्रेमी बंधुओं के द्वारा कुल 60804 बार नमोकार महामंत्र का जाप कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया गया। कार्यक्रम के पश्चात प्रभावना वितरण किया गया, जिसमें श्री नवीनचंद जैन सुनिधि, पृथ्वीचंद जैन, रक्षित जैन, श्री मनोज कुमार जैन एवं श्री धर्मेंद्र कुमार जैन का विशेष सहयोग रहा।अंत में सकल जैन समाज एवं की ओर से अध्यक्ष श्री नवीनचंद जैन (श्वेतांबर समाज) एवं अध्यक्ष श्री रक्षित जैन (दिगंबर समाज) द्वारा सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया। इस सफल आयोजन में प्रेमेश जैन, विपिन जैन, राकेश जैन, डॉ प्रसन्न जैन, मनोज दादा जैन ,समीर जैन, बसंत जैन अनाज, महावीर बाकलीवाल, उपस्थित थे।

# सीजीडी समितियो की कार्यवाही हेतु नोडल अधिकारी का हुआ गठन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में शहरी गैस वितरण के बुनियादी ढांचे के विकास के लिये अनुमतियों में तेजी लाने, शुल्को में छूट के लिये अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों के संबंध में सीजीडी कम्पनियों द्वारा पीएनजी के लिये पाइप नेटवर्क बिछाने, पीएनजी के नेटवर्क का विस्तार करने, पीएनजी के कनेक्शन हेतु उपभोक्ताओं को आकर्षित, पीएनजी के लाभ से अवगत कराने के लिये शिविर आयोजित करने हेतु अपर कलेक्टर श्री सोहन कनाश को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नियुक्त नोडल अधिकारी पीएनजी कार्यो एवं संबंधित स्टेक होल्डर द्वारा सीजीडी अंतर्गत पीएनजी में गैस कनेक्शन प्रदाय हेतु समय - समय पर समीक्षा कर ज्यादा से ज्यादा पीएनजी कनेक्शन हितग्राहियो को कराये जाये ।

इस हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। जिसमें पुलिस अधीक्षक , जिला वन अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जिला अधिकारी नगर एवं ग्राम निवेश, जिला परिवहन अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदुर्षण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय प्रबंधक म.प्र. सड़क विकास निगम, प्राधिकृत सीजीडी संस्था के प्रतिनिधि को सदस्य के रूप में मनोनित किया गया है। वहीं जिला आपूर्ति अधिकारी को सदस्य सचिव मनोनित किया गया है। जिला स्तरीय समिति सीजीडी अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक अनुमति तथा सीजीडी नेटवर्क विस्तार के कार्यान्वयन की सतत निगरानी एवं नियमित समीक्षा कर अंर्तविभागीय कठिनाईयो का समाधान करेंगी ।

## सहायक संचालक ने वन स्टॉप सेंटर व आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया

**रतलाम।** महिला एवं बाल विकास संचालनालय से सहायक संचालक श्री आनंद शिवहरे द्वारा रतलाम जिले के भ्रमण के दौरान वन स्टॉप सेंटर व आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। सहायक संचालक श्री शिवहरे द्वारा वन स्टॉप सेंटर सहित तीन आंगनवाड़ी केंद्रों एवं सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री शिवहरे ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने पर जोर दिया। भ्रमण के दौरान पोषण पखवाड़ा अंतर्गत भारत सरकार द्वारा आयोजित लाइव प्रसारण कार्यक्रम को भी देखा एवं उपस्थित हितग्राहियों को पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रेरित किया।

# आंगनवाड़ी केन्द्रों का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण, सुधार के दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

जिले में आंगनवाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने राकसा क्रमांक-१ स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। कलेक्टर ने बच्चों से संवाद कर उन्हें दिए जा रहे भोजन, पोषण एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी भी ली।




भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर चांदपुर में आयोजित पोषण पखवाड़ा से संबंधित बैठक में भी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं से चर्चा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप बच्चों के पोषण एवं सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को पोषणयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसका निर्वहन पूरी ईमानदारी से किया जाना चाहिए।

बैठक के दौरान शिकायत प्राप्त हुई कि दावानल स्वयं सहायता समूह एवं पटेल स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तथा शिकायत करने पर धमकी दी जाती है। इस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित समूहों को तत्काल हटाने एवं उनके विरुद्ध प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए।

निरीक्षण के दौरान चांदपुर आंगनवाड़ी केन्द्र में कई अनियमितताएं भी पाई गईं। यहां बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा था तथा भोजन की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं थी। इस पर कलेक्टर ने संबंधित समूह को हटाने और व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकताओं एवं सहायिकाओं को सख्त हिदायत दी कि बच्चों को नियमित रूप से पोषणयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होंने निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान एसडीएम सुश्री निधि मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री मोनिका बघेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अपनी शक्ति को पहचानें



सत और असत कर्म प्रकृति के परिणाम (परिवर्तन) के प्रत्यक्ष कारण नहीं हैं, वरन वे उसकी बाधाओं को दूर कर देने वाले निमित्त मात्र हैं। जैसे, किसान मेड़ तोड़ देता है।

जब कोई किसान खेत में पानी सींचने की इच्छा करता है, तो उसे अन्य किसी जगह से पानी लाने की आवश्यकता नहीं होती। खेत के समीपवर्ती जलाशय में ही पानी संचित होता है, बीच में बांध होने के कारण पानी खेत में नहीं आ पा रहा है। किसान उस बांध को खोल भर देता है, और बस पानी गुरुत्वाकर्षण के नियमानुसार, अपने आप खेत में बह आता है।

इसी प्रकार, सभी व्यक्तियों में सब प्रकार की उन्नति और शक्ति पहले से निहित है। पूर्णता ही मनुष्य का स्वभाव है; केवल उसके द्वार बंद हैं, वह अपना यथार्थ रास्ता नहीं पा रही है। यदि कोई इस बाधा को दूर कर सके, तो उसकी वह स्वाभाविक पूर्णता अपनी शक्ति के बल से अभिव्यक्त होगी ही और तब मनुष्य अपने भीतर पहले से ही विद्यमान शक्तियों को प्राप्त कर लेता है। जब यह बाधा दूर हो जाती है और प्रकृति को अपनी अप्रतिहत गति प्राप्त हो जाती है, तब हम जिन्हें पापी कहते हैं, वे भी साधु में परिणत हो जाते हैं।

प्रकृति ही हमें पूर्णता की ओर ले जा रही है, कालांतर में वह सभी को वहां ले जाएगी। धार्मिक होने के लिए जो कुछ साधनाएं और प्रयत्न हैं, वे सब केवल निषेधात्मक कार्य हैं। वे केवल मार्ग की बाधा को दूर कर देते हैं और इस प्रकार उस पूर्णता के द्वार खोल देते हैं, जो हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, जो हम सबका मूल स्वभाव है।

सम्पादकीय

## शांति की ओर

ईरान युद्ध के थमने से भारत और दुनिया में स्वाभाविक ही खुशी का माहौल है। यह युद्धविराम अस्थायी है, फिर भी यह संतोष और स्वागत का विषय है। दुनिया के एक बड़े हिस्से में लोगों को मंगलवार रात परमाणु हमले की आशंका से बहुत मुश्किल से नींद आई थी, पर जब लोग सुबह जगे, तब तक 14 दिन के युद्धविराम का एलान हो चुका था। भारत सरकार ने उचित ही इसका स्वागत किया है और आशा व्यक्त की है कि यह अस्थायी समझौता पश्चिम एशिया में स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त करेगा। बहरहाल, इतिहास यह दर्ज करेगा कि इस पूरे संघर्ष के समय भारत एक निश्चित दूरी या संयम बरतते हुए बार-बार युद्धविराम की गुहार लगा रहा था। अब भारत ही नहीं, उन तमाम देशों को राहत की सांसें नसीब होंगी, जो इस अनावश्यक युद्ध की वजह से चिंतित थे। भारत ने सही कहा है कि युद्ध को स्थायी तौर पर समाप्त करने के लिए संवाद और कूटनीति की जरूरत है। युद्ध के बहुत गहरे मानवीय और आर्थिक प्रभाव पड़े हैं। करोड़ों लोगों को पीड़ा हुई है और वैश्विक ऊर्जा संकट ने सभी के विकास को धीमा किया है।

अब युद्धविराम के बाद सबसे जरूरी है- होर्मुज समुद्री मार्ग का खुलना। जब यह मार्ग खुलेगा, तभी बहुत हद तक दुनिया की चिंताएं दूर होंगी। होर्मुज मार्ग के खुलने के बाद ही अर्थव्यवस्थाओं में सुधार के लक्षण दिखेंगे। वायदा बाजार से शेयर बाजार तक संतुलन कायम होगा। निर्यात और रोजगार पर मंडरा रहा संकट टलेगा, अतः जल्दी से जल्दी होर्मुज में हालात को सामान्य बनाने के पक्ष में भारत की गुहार सराहनीय है। यह सुखद है कि ईरान ने जो दस सूत्री प्रस्ताव पेश किया, अमेरिका उसे मानने को तैयार हो गया। इसी आधार पर शांति-वार्ता आगे बढ़े, लेकिन इस दौरान ईरान होर्मुज को अपना हथियार न बनाए। साथ ही, अमेरिका भी होर्मुज पर कब्जे या उससे कमाई की न सोचे। आशंका होती है, जब ट्रंप होर्मुज से पैसा बनाने की बात कहते हैं, इसके लिए ईरान कभी तैयार नहीं होगा। सबसे बेहतर होगा कि फरवरी में जो स्थिति थी, वही बहाल हो जाए। दुनिया में ईंधन की आपूर्ति सामान्य हो। वैसे, गौर करने की बात होगी, ईरान अपने नेताओं की हत्या को कैसे भूल पाता है? शायद वह अमेरिका से मिलने वाली आर्थिक भरपायी व सुरक्षा आश्वासन से संतोष कर लेगा और उसे अपने व्यापक हित और इस दुनिया के लिए ऐसा करना चाहिए। बहरहाल, युद्ध के समाप्त होने के तीन विशेष कारणों को ध्यान में रखना चाहिए। पहला कारण, अमेरिका युद्ध को ज्यादा खींचने की स्थिति में नहीं है, क्योंकि उसके अनेक सक्षम मित्र देश नाखुश हैं।

### झूठे हितैषी दल होंगे बेनकाब

## महिला आरक्षण विधेयक में होंगे प्रभावी बदलाव



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक)के परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार बड़े संवैधानिक बदलाव की तैयारी में जुट गई है। संसद के दोनों सदनों से पारित हुए इस विधेयक के प्रारूप में परिसीमन की शर्त को विलोपित कर सरकार की इच्छा लोकसभा और विधानसभाओं में 2027 से ही महिलाओं को आरक्षण देने की है। परिसीमन की शर्त के साथ इस प्रावधान को लागू करना 2029 से पहले संभव नहीं है। इस विधेयक में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए संसद और विधानसभा की सीटें आरक्षित करना जरूरी है। अतएव 16,17 और 18 अप्रैल को विशेष सत्र आमंत्रित किया गया है।

केंद्र सरकार ने देश की आधी आबादी का अभिनंदन करते हुए सितंबर 2023 में 128 वां संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित किया था। लोकसभा में 27 साल से यह विधेयक लंबित था। इस विधेयक के पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों से लेकर विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत तय कर दी गई है। विधेयक के कानून में बदलने और क्रियान्वित होने के बाद वर्तमान स्थिति के हिसाब से लोकसभा में महिलाओं के लिए 181 और राज्य विधानसभाओं में 1374 सीटें आरक्षित हो गई हैं। इन सीटों पर महिला प्रत्याशी ही चुनाव लड़ सकेंगी। फिलहाल आरक्षण की यह सुविधा 15 वर्ष के लिए तय की गई है। लेकिन मांग के अनुसार इसे बढ़ाया भी जा सकता है। देश में इस समय करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं।अतएव इसके कानून बनते ही ऐसे कई दोहरे चरित्र के चेहरे हाशिये पर चले जाएंगे, जो पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, गाहे-बगाहे बीते 27 साल से गतिरोध पैदा किए हुए थे। महिला आरक्षण विधेयक का मूल प्रारूप संयुक्त मोर्चा सरकार के कार्यकाल के दौरान गीता मुखर्जी ने तैयार किया था। लेकिन अक्सर इस विधेयक को लोकसभा सत्र के दौरान अंतिम दिनों में पटल पर रखा गया। इससे यह संदेह हमेशा बना रहा कि एचडी देवगौड़ा, इन्द्रकुमार गुजराल और अटलबिहारी वाजपेयी सरकारें गठबंधन के दबाव और राजनीतिक असहमतियों के चलते ठोस इच्छा शक्ति नहीं जता पाई थीं। हालांकि 9 मार्च 2010 में कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने जरूर इस विधेयक को राज्यसभा में पेश कर पास करा लिया था, लेकिन मनमोहन सिंह इसे लोकसभा से पारित नहीं करा पाए थे। जबकि उनके पास लोकसभा में स्पश्ट बहुमत था। इस सरकार को अपने ही सहयोगी दलों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। सहयोगी गठबंधन के सांसदों ने पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, इस विधेयक को अटका दिया था। यहां तक की समर्थक दलों ने कांग्रेस को समर्थन वापसी की धमकी भी दे दी थी। हालांकि प्रजातंत्र में तार्किक असहमतियां, संवैधानिक अधिकारों व मूल्यों को मजबूत करने का काम करती हैं, लेकिन असहमतियां जब मुट्ठीभर सांसदों की अतार्किक हठधर्मिता का पर्याय बन जाएं तो ये संसद की गरिमा और सदन की शक्ति को ठेंगा दिखाने वाली साबित होती हैं।

उस समय विधेयक से असहमत दलों की प्रमुख मांग थी, 33 फीसदी आरक्षण के कोटे में पिछड़े और मुस्लिम समुदायों की महिलाओं को विधान मंडलों में आरक्षण का प्रावधान रखा जाए। जबकि संविधान के वर्तमान स्वरूप में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के समुदायों को आरक्षण की सुविधा हासिल है। ऐसे में पिछड़े वर्ग की महिलाओं को लाभ कैसे संभव है ? हमारे लोकतांत्रिक संविधान में धार्मिक आधार पर किसी भी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लिहाजा इस बिना पर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की सुविधा कैसे हासिल हो सकती है ? अब ऐसी जानकारी मिल रही है कि 33 प्रतिशत आरक्षित सीटों के अलावा अनारक्षित सीटों पर भी महिलाओं की उम्मीदवारी को प्राथमिकता देने का प्रावधान जोड़ दिया जाए। इससे एक तो संसद में महिलाओं की कुल हिस्सेदारी 38 प्रतिशत से बढ़कर करीब 40 प्रतिशत हो जाएगी, दूसरे जो लोग पिछड़े समुदाय की महिलाओं को विधेयक में जोड़ने की मांग उठा रहे थे, उनकी बोलती बंद हो जाएगी।

दरअसल इस कानून के वजूद में आ जाने के बाद अस्तित्व का संकट उन काडरविहीन दलों को है, जो व्यक्ति और जाति आधारित दल हैं। इसी कारण लालू, मुलायम और शरद यादव इस बिल के विरोध में दृढ़ता से खडे.होते रहे थे। उत्तर प्रदेश और बिहार में जातियता के बूते क्रियाशील इन यादवों की तिकड़ी का दावा रहता है कि इस अलोकतांत्रिक विधेयक के पास होने के बाद पिछड़ी व मुस्लिम महिलाओं के लिए जम्हूरियत के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे। जबकि उनकी वास्तविक चिंता यह नहीं है ? दरअसल 33 फीसदी आरक्षण के बाद बाहुबलि बने पिछड़े वर्ग के आलाकमानों का लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक आधार तो सिमटेगा ही, सदनों में संख्याबल की दृष्टि से भी इन दलों की ताकत घट जाएगी। अन्यथा ये सियासी दल वाकई उदार और पिछड़ी व मुस्लिम महिलाओं के ईमानदारी से हिमायती हैं, तो सभी आरक्षित सीटों पर इन्हीं वर्गों से जुड़ी महिलाओं को उम्मीदवार बना सकते हैं ? बल्कि अनारक्षित सीटों का भी इन्हें प्रतिनिधित्व सौंप सकते हैं ? दरअसल इन कुटिल राजनीतिज्ञों के दिखाने और खाने दांत अलग-अलग हैं। गोया तय है कि अल्पसंख्यकों की बेहतर नुमाइंदगी की वकालात के इनके दावे थोथे हैं।

इन दलों का दोहरा चरित्र इस बात से भी जाहिर होता रहा है कि जब देश की पंचायती राज्य व्यवस्था में महिलाओं का 33 फीसदी से 50 फीसदी आरक्षण बढ़ाने का विधेयक लाया गया था तब ये सभी दल एक राय थे। यही नहीं जब नगरीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण का विधेयक लाया गया था, तब भी इन दलों की सहमति बनी रही। लेकिन जब लोकसभा व विधानसभा की बारी आती है तो यही दल गतिरोध पैदा करने लग जाते हैं। क्योंकि इस विधेयक के लागू होते ही इनके निजी राजनीतिक हित प्रभावित हो जाएंगे। इनका लोकसभा और विधानसभा में पुरूशवादी वर्चस्व का दायरा 33 फीसदी घट जाएगा। राजनेताओं के लिए यह विधेयक इसलिए भी वजूद का संकट है, क्योंकि जिन लोक व विधानसभा क्षेत्रों से ये लोग लगातार विजयश्री हासिल करते चले आ रहे हैं, वह क्षेत्र यदि महिला आरक्षण के दायरे में आ गया तो इन्हें चुनाव लड़ना भी मुश्किल हो जाएगा ?

## पुनर्जन्म का आधार कार्ड

बेलतारा गांव के राजनीति विशारद 'लल्लन बाबू' ने जब इस बार प्रधानी का बिगुल फूँका, तो उन्होंने 'स्मार्ट सिटी' और 'मुफ्त बिजली' के घिसे-पिटे वादों को ठेंगा दिखा दिया। उनका नया चुनावी शगूफा था– 'पितृ-पेंशन और पुरखा-कनेक्ट योजना'। लल्लन बाबू का तर्क था कि नेता जीवितों की सेवा तो सब करते हैं, लेकिन जो पूर्वज स्वर्ग में बैठकर अपनी संतानों की दुर्दशा देख रहे हैं, उनके लिए कोई कुछ नहीं करता। उन्होंने घोषणा की कि यदि वे चुनाव जीते, तो गांव के श्मशान में 'वाई-फाई युक्त प्रेत-कॉलिंग सेंटर' बनवाएंगे, जहाँ से ग्रामीण सीधे अपने परलोकवासी दादा-परदादाओं से सलाह ले सकेंगे कि इस बार कौन सी भैंस खरीदनी है या किस लड़के की शादी कहाँ करनी है। गांव के भोले-भाले लोग, जो पितृ पक्ष में कौवों को रोटी खिलाकर थक चुके थे, अचानक 'टेक्नो-अध्यात्म' के इस जादुई जाल में ऐसे फंसे कि उन्हें अपनी वर्तमान गरीबी से ज्यादा पूर्वजों की 'नेटवर्क कनेक्टिविटी' की चिंता होने लगी।

प्रचार के अंतिम पड़ाव पर लल्लन बाबू ने गांव के पुराने कुएं के पास एक 'आत्मा-स्कैनर' मशीन स्थापित की, जो असल में एक कबाड़ हो चुका एक्सरे मशीन का ढांचा था जिस पर ढेर सारी चमकीली झिलमिलियां चिपकी थीं। उन्होंने दावा किया कि जो भी व्यक्ति उन्हें वोट देने की कसम खाकर इस मशीन के नीचे खड़ा होगा, उसे अपने अगले सात जन्मों का 'आधार कार्ड' और 'प्रोफेशनल बायोडाटा' तुरंत मिल जाएगा। विपक्षी उम्मीदवार 'घसीटा राम' बदहवास थे; वे स्कूल की मरम्मत और खाद की बात कर रहे थे, जबकि जनता को यह जानने की उत्सुकता थी कि अगले जन्म में वे राजा बनेंगे या पड़ोसी के घर के पालतू कुत्ते। लल्लन बाबू ने एक लाउडस्पीकर पर डरावनी और रहस्यमयी आवाजें रिकॉर्ड करके चला दीं, जिसे सुनकर ग्रामीणों को साक्षात 'गरुड़ पुराण' का लाइव टेलीकास्ट महसूस होने लगा। लोग अपनी मेहनत की कमाई चंदे के रूप में लल्लन बाबू के चरणों में अर्पित करने लगे ताकि उनका 'अगला जन्म' कम से कम सुरक्षित हो सके। मतदान के अगले दिन जब लल्लन बाबू की प्रचंड जीत हुई, तो पूरा गांव अपना 'पुनर्जन्म का आधार कार्ड' लेने उनके दरवाजे पर कतारबद्ध हो गया।



### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 10 अप्रैल 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:15 सूर्यास्त 18:42
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - अष्टमी 23:15 उपरांत नवमी
नक्षत्र - पूर्वाषाढा 11:28 उपरांत उत्तराषाढा
योग - शिव 18:30 उपरांत सिद्ध
करण - बालव
चन्द्रमा - धनु में है। 18:03 पर मकर में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 21 तारिख

**मेष-** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है।

**वृषभ-** परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**मिथुन-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। जीवन में तनाव हो सकता है।

**कर्क-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा।

**सिंह-** संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूँजी निवेश बढ़ेगा। प्रचार-प्रसार से दूर रहें। उलझनों से मुक्ति मिलेगी।

**कन्या-** मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जीवन में तनाव हो सकता है।

**तुला-** जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। अभिष्ट कार्य की सिद्धि के योग हैं।

**वृश्चिक-** वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें।

**धनु-** अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें। विवादों से दूर रहना चाहिए।

**मकर-** मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे।

**कुंभ-** धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी।

**मीन-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामायिक

## व्यथा दर्शन :मोबाइल का गुम होना और नींद का खोना



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

वर्तमान में मोबाइल का सभी के पास होना अनिवार्य होगया। जीवन की आश्यकताओं में मोबाइल भी शामिल हो ही गया। पुराने समय में चिठ्ठी पत्री कबूतर,और धीरे धीरे डाक से भेजी जाने के बाद मोबाइल के चलन में आगे रफ़्तार पकड़ीसुबह-शाम मोबाईल हाथों में लेकर घूमना। मोबाइल से हानी की बात किसी से कहे तो वो आपकी बात को एककान से सुनकर दूसरे कान से बात को निकाल देगा। शराब की बोतलों पर हानिकारक संदेश लिखा होता है। फिर भी लोग कहाँ मानते। मोबाइल से विकिरण और ज्यादा उपयोग और निर्देशों के बावजूद लोग संग ही रखते हैवो एक प्रकार से घर का सदस्य बन गया हो। जिसके पास मोबाइल है वो शख्स दूसरों के सामने उसकी खूबियों का बखान करने से नहीं चुकता।फैशन का भी हिस्सा बन गया। कई लोग है जो मोबाईल तो रखते मगर उसकोसही ढंग से चलना नहीं जानते। मोबाइल को चलाना के सीखने के गुरु होते है। जो लोग कही अटक जाते तो अपने उस्ताद के पास ले जाते उस्ताद, जो वो कुछ जानता वो उन्हें बता देता है। उस्ताद भी अटक जाते है वो अगल बगल झाँक कर अधिक जानकर की तलाश में जाते है।जब मोबाइल की चार्जिंग खत्म होती है तो मोबाइल धारक चिंता में मोड़ हो जाता है उसे लोग चिंतनीय मोड़ का नाम दे देते है।और जब चार्जर की जुगाड़ जम जाए। तो ऐसा महसूस होता है किसी ने गर्मी के दिनों में ठंडा पानी पिलाया हो या ताप्ती धूप में पेड़ की छाया नसीब होगई हो।

पहले हाट बाजारों में ,आदि में जेब ही कटती थी। अब मोबाईल के लिए जेबकतरे भी आगे आए है। एक बार भीड़ भरे इलाके में एक महाशय की जेब में रखा मोबाईल जेब कतरोंबाज ने चुरा लिया। मोबाइल की रिपोर्ट दर्ज की गई। उसके लिए आवदेन पत्र के साथ मोबाईल ,पहचान ,मोबाईल से संबंधित कई दस्तावेज संलग्न करें। मोबाइल सीम ऑफिस जाकर सीम उसी नंबर की की गई। उसमे भी खर्चा लगा। सीम वाले ने बहत्तर घंटे में चालू होने की बात बताई।नए मोबाईल के लिए राशि की जुगाड़ उधार पाव कर की।नए मोबाईल की पूजा की ,दोस्तों ने मिठाई मांगी। तब ऐसा लगा जैसे कोढ़ में खाज होगई हो।सीम चालू होने के इंतजार में दोस्त,रिश्तेदार ,घर के सदस्य सभी परेशान हो गए मोबाईल चालू हुआ तो लगा जैसे कोई सुबह का भुला शाम को घर आगया हो।मोबाईल घूमने की व्यथा सुनाते सुनाते खर्चा बढ़ता गयो व्यथा सुनाने के लिए चाय पिलाओं तब ही कुछ देर सुनने के लोग बाग रुकते है और आश्वासन के साथ -फिक्र न करों का मूलमंत्र भी दे जाते है।उधर घर में महाशय की पत्नी उनकी लू उतारती रही और चीजों को संभाल कर रखने की हिदायते भी हर समय देती रही । मोबाइल घूम नहीं हुआ होता तो महाशय कहाँ अपनी पत्नी के इशारों पर नाचने वाले थे ? मोबाइल घूमने की चिंता से अब महाशय बार बार अपनी जेब को निहारते रहने लगे। नींद मे उठकर अपने सिरहाने पड़ा मोबाइल देखते। फिक्र का विकिरण वाकई ताकतवर होता है। मोबाइल चालू होने के बाद त्योहारों पर शुभकानाओं के साथ मोबाइल घूमने की व्यथा भी जोड़ देते है। लोग ये समझ नहीं पा रहे थे कि ये शख्स रो रहा है या हंस रहा है। मोबाइल से सेल्फी ली तो उसमे चेहरे पर मुस्कान कोसों दूर। क्या करें मोबाईल घूमने का दर्द दिल में दबा था तो मुस्कान आए भी तो कहाँ से। महाशय को एक उपाय सुझा उसने प्याऊ पर पानी का गिलास को जंजीर में बंधा देख कर जंजीर में मोबाईल को बांधने का उपाय सोचा। मगर सामने वाले के घर पर पालतू कुत्ते के गले जंजीर बंधी देखकर उसका प्लान फिर फेल हो गया। उनको आखिर में एक बात समझ में आई भाई मोबाईल नहीं घूमना चाहिए उससे उत्साह और खुशियां नदारद हो जाती है।

## सरल और सुलभ उपचार पद्धति है होम्योपैथी



डॉ. सिद्धार्थ मारोठिया
(दैनिक अवन्तिका)

### होम्योपैथी दिवस पर विशेष

एक सरल और सुलभ उपचार पद्धति के रूप में होम्योपैथी को अनेक देशों में अपनाया गया है। लगभग 80 देशों में इस पद्धति का प्रयोग किया जाता हैं । होम्योपैथीक चिकित्सा पद्धति की स्वीकार्यता तथा लोकप्रियता को और अधिक बढ़ाने में रिसर्च और प्रोफिशिएंसी की महवपूर्ण भूमिका रहेगी। अनेक पद्धतियों से इलाज करके निराश हुआ व्यक्ति, होम्योपैथी के चमत्कार से लाभान्वित हुआ, ऐसे अनुभव लोग साँझा करते है। आरोग्यं परमं भाग्यं, स्वास्थ्यं सर्वार्थ साधनमः अर्थात अच्छा स्वस्थ सबसे बड़ा सोभाग्य है, Holistic wellness का यह दृष्टिकोण भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों तथा होमियोपैथी में देखने को मिलता है।

लगभग एक दशक पहले शुरू की गयी राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत भृत्य चिकित्सा पद्धितयों के साथ साथ होम्योपैथी की पहुँच और अधिक व्यापक हुई है। विश्व होम्योपैथी दिवस होम्योपैथी के योगदान और स्वास्थ्य सेवा पर इसके प्रभाव का सम्मान करने का एक अवसर है। हर साल विश्व स्तर पर आयोजित होने वाला यह दिवस होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की उपलब्धियों का स्मरण करता है और इस वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। इस दिन को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाता है जो प्राकृतिक रूप से बीमारियों के इलाज में होम्योपैथी की प्रभावशीलता को उजागर करते हैं। होम्योपैथी के प्रणेता डॉ. सैमुअल हैनीमैन की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। उनके अभिनव सिद्धांतों ने चिकित्सा के लिए एक समग्र और प्राकृतिक दृष्टिकोण की नींव रखी, जिससे दुनिया भर में लाखों लोगों को लाभ मिल रहा है।

होम्योपैथी चिकित्सकों का मत है कि इस पद्धति का उपयोग अक्सर एक व्यापक श्रेणी की बीमारियों के इलाज के लिए दवा के पूरक रूप में किया जाता है। फिर भी कुछ बीमारियों में इसे ज्यादा कारगर माना जाता है। इन बीमारियों में एलर्जी, दमा, वात रोग, चिंता और अवसाद, क्रोनिक फटीग सिंड्रोम, माइग्रेन और सिरदर्द, पाचन विकार, इरिटेबल बाउल सिंड्रोम (आईबीएस), त्वचा की स्थिति (जैसे एक्जिमा और सोरायसिस), मासिक धर्म संबंधी विकार, जैसे मासिक धर्म में ऐंठन और अनियमित अवधि, श्वसन संक्रमण, जैसे सर्दी और फ्लू आदि। लेकिन अपनी विशिष्ट स्थिति के लिए उपचार का सर्वोत्तम तरीका निर्धारित करने के लिए एक योग्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से परामर्श करना जरूरी है। यह दुनिया के कई देशों में प्रचलित है और इसने भारत में भी सर्वाधिक लोकप्रियता हासिल की है। भारत में होम्योपैथी के उपयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। अनुमान है कि भारत में 15 करोड़ से अधिक लोग होम्योपैथी का उपयोग अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए करते हैं। उदाहरण के लिए, भारत में 300,000 से अधिक पंजीकृत होम्योपैथिक डॉक्टर और 7,000 से अधिक होम्योपैथिक अस्पताल और औषधालय हैं।

### हर समय कारगर है होम्योपैथी चिकित्सा-

उज्जैन के होम्योपैथी चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ सिद्धार्थ मारोठिया बताते हैं कि होम्योपैथी चिकित्सा हर समय कारगर है, सही दवा एवं सही मात्रा में ली गई दवा शरीर की सुरक्षा पद्धति को सक्रिय बनाती है और उन्हें स्वयं ठीक होने में मदद करती है। होम्योपैथी दवाओं का बाजार तेजी से बढ रहा है। होम्योपैथी उपचार अब कंपनियों द्वारा उनकी व्यापक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के तहत दिए जा रहे हैं। चिकित्सा की एक वैकल्पिक प्रणाली होने से आज होम्योपैथी चिकित्सा की एक पूरक प्रणाली है और इसका उपयोग एलोपैथी के साथ भी किया जा सकता है। साथ ही यह बच्चों सहित सभी पुरुषों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए प्राकृतिक और सुरक्षित है।

धर्म-आस्था

## जैसी करनी वैसी भरनी–मृत्यु का सत्य और आत्मा का अंतिम पथ

भारतीय संस्कृति में जीवन केवल घटनाओं का क्रम नहीं, बल्कि संकेतों की एक सूक्ष्म धारा भी माना गया है। इसी धारा में शकुनझ्अपशकुन की परंपरा जन्म लेती है। प्राचीन काल से हमारे ऋषि-मुनियों ने प्रकृति के संकेतों को पढ़कर जीवन के निर्णयों को दिशा देने का प्रयास किया। यात्रा आरंभ करने से पहले, किसी नए कार्य की शुरूआत के समय या किसी महत्वपूर्ण निर्णय के क्षणों में इन संकेतों पर विचार करना हमारी परंपरा का हिस्सा रहा है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

वास्तव में शकुन स्वयं न तो शुभ होते हैं और न अशुभ, वे केवल संभावनाओं के संकेतक होते हैं। जब प्रकृति में कोई असामान्य परिवर्तन दिखाई देता है, तो उसे किसी आने वाली घटना का पूवार्भास मान लिया जाता है। हमारे शास्त्रों में भी इसका विस्तृत वर्णन मिलता है। रामायण में भगवान राम की बारात के समय शुभ शकुनों का उल्लेख इस बात का प्रमाण है कि उस युग में भी इन संकेतों को महत्व दिया जाता था।

धर्मग्रंथों और ज्योतिष में शकुनों को मुख्यतः दो भागों में विभाजित किया गया है–दीप्त और शांत। दीप्त शकुन वे होते हैं, जो असामान्य या विपरीत परिस्थितियों में प्रकट होते हैं और उन्हें सावधानी का संकेत माना जाता है। वहीं शांत शकुन सामान्य और अनुकूल परिस्थितियों के प्रतीक होते हैं, जो कार्य की सफलता का संकेत देते हैं। यह वर्गीकरण केवल अंधविश्वास नहीं, बल्कि अनुभवों का संचित ज्ञान है, जिसे पीढ़ियों ने आगे बढ़ाया है। हमारे दैनिक जीवन में भी कई ऐसी मान्यताएँ देखने को मिलती हैं। जैसे यात्रा के समय छींक आना, कौवे का विशेष प्रकार से बोलना या छिपकली का किसी दिशा में गिरना–इन सबको संकेत के रूप में देखा जाता है। ग्रामीण और पारंपरिक समाज में आज भी इन संकेतों को गंभीरता से लिया जाता है। यह केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव का परिणाम है।



कुत्तों, पक्षियों और अन्य जीवों के व्यवहार को भी संकेत के रूप में देखा गया है। माना जाता है कि ये जीव प्राकृतिक परिवर्तनों को पहले महसूस कर लेते हैं। वर्षा, आपदा या किसी अनहोनी की आहट उनके व्यवहार में दिखाई देती है। यही कारण है कि हमारे पूर्वजों ने उनके आचरण को समझने और उससे सीखने का प्रयास किया।

किन्तु आधुनिक समय में इस विषय को केवल अंधविश्वास मानकर नकार देना भी उचित नहीं है, और हर छोटी बात को अपशकुन मान लेना भी सही नहीं। विज्ञान हमें यह समझाता है कि कई घटनाएँ शारीरिक या प्राकृतिक कारणों से होती हैं। जैसे छींक आना शरीर की स्वाभाविक प्रक्रिया है, या आँख फड़कना रक्त प्रवाह से जुड़ा हुआ है। इसलिए इन संकेतों को अंधविश्वास के रूप में देखने के बजाय संतुलित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। आस्था और विवेक का यही संतुलन जीवन को सही दिशा देता है। यदि हम हर संकेत से डरने लगेंगे, तो हमारे निर्णय कमजोर हो जाएंगे। वहीं यदि हम पूरी तरह इन अनुभवों को नकार देंगे, तो परंपरा और प्रकृति से हमारा संबंध टूट जाएगा। इसलिए आवश्यक है कि हम संकेतों को समझें, परंतु अपने कर्म और आत्मविश्वास को सर्वोपरि रखें। सफलता और असफलता केवल शकुन-अपशकुन पर निर्भर नहीं होती, बल्कि हमारे प्रयास, धैर्य और सोच पर आधारित होती है। कई बार हम असफलता के बाद ही अपशकुन को याद करते हैं, जबकि सफलता मिलने पर उसी संकेत को भूल जाते हैं। यह मानव स्वभाव है, जिसे समझना आवश्यक है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि शकुन-अपशकुन हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं, जो हमें प्रकृति के प्रति सजग रहने की सीख देते हैं। परंतु जीवन की दिशा केवल संकेतों से नहीं, बल्कि हमारे कर्म, विवेक और विश्वास से तय होती है। इसलिए आवश्यक है कि हम आस्था को सम्मान दें, परंतु निर्णय विवेक से लें। यही संतुलन हमारे जीवन को सफल, शांत और सार्थक बना सकता है।

### इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,700, रवा- 1,51,500 चांदी- टंच- 2,36,600 पाट- 2,35,500।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

# जान जोखिम में डाल बांस-बल्लियों से बिजली ले रहे द्वारकापुरी के रहवासी

## परेशान होकर बिजली कार्यालय पर किया प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शहर की द्वारकापुरी कॉलोनी मूलीखेड़ा रोड के रहवासी लंबे समय से बिजली की भारी किल्लत और जानलेवा व्यवस्था से जूझ रहे हैं। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लोग बांस और बल्लियों के सहारे मौत के साए में बिजली के तार खींचने को मजबूर हैं। इसी खस्ताहाल व्यवस्था और जिम्मेदारों की लंबे समय से चली आ रही अनदेखी से आक्रोशित होकर बुधवार दोपहर सैकड़ों रहवासियों ने लालघाटी स्थित बिजली कंपनी के कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। लोगों ने अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की चरमराई विद्युत व्यवस्था को तत्काल सुधारने की मांग की।



### हादसों का बना रहता है हर पल डर

रहवासियों का कहना है कि पूरी कॉलोनी में न तो बिजली के पर्याप्त खंभे हैं और न ही अन्य जरूरी लाइन संसाधन। मजबूरी में लोगों को बांस-बल्लियों के सहारे झूलते तारों से घरों तक बिजली पहुंचानी पड़ रही है। इस खतरनाक स्थिति से पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं और बारिश या तेज हवाओं के दौरान हर समय लोगों की जान का खतरा बना रहता है।

### दिया स्क्रैप सामग्री का सुझाव

प्रदर्शनकारियों ने केवल समस्या ही नहीं बताई, बल्कि ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को एक व्यावहारिक सुझाव भी दिया। रहवासियों ने बताया कि शहर में फोर लेन सड़क निर्माण के दौरान काफी मात्रा में स्क्रैप सामग्री, जैसे पुराने पोल और तार निकले हैं। विभाग चाहे तो इन अनुपयोगी पड़े पोल और तारों का उपयोग कर कॉलोनी की मौजूदा जानलेवा व्यवस्था को सुरक्षित कर सकता है।

### भर रहे भारी-भरकम बिल

स्थानीय रहवासियों ने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए बताया कि कॉलोनी में सैकड़ों परिवार निवास कर रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें स्थायी बिजली कनेक्शन नहीं दिया गया है। विडंबना यह है कि स्थायी कनेक्शन और सुरक्षित लाइन न होने के बावजूद उन्हें हर महीने भारी-भरकम बिजली का बिल थमाया जा रहा है। कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### अवैध कॉलोनी का पेंच, बिजली कंपनी ने दी सफाई

इस पूरे मामले में बिजली कंपनी के कार्यपालन यंत्री चंद्रशेखर झा ने अपना पक्ष रखते हुए स्पष्ट किया कि द्वारकापुरी का उक्त क्षेत्र अवैध कॉलोनी की श्रेणी में आता है। नियमों के तहत ऐसे क्षेत्रों में विभाग द्वारा केवल अस्थायी कनेक्शन ही दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में स्थायी और सुरक्षित बिजली व्यवस्था तभी आकार ले सकती है, जब कॉलोनाइजर और रहवासी आपसी सहयोग कर जरूरी प्रक्रिया पूरी करें।

## महिदपुर में निकलेगी वर्षीदान यात्रा, संयम मेहता के दीक्षा अनुमोदनार्थ भव्य आयोजन

**महिदपुर।** जैन समाज के लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि समाज में एक आध्यात्मिक उत्साह का वातावरण बनने जा रहा है। वर्तमान गच्छाधिपती, शांतिदूत, पद्मश्री से अलंकृत प. पू. आचार्य भगवंत श्रीमद् विजय नित्यानंद सुरीश्वरजी म. सा. के पावन आशीर्वाद एवं दीक्षा प्रदाता सुविशाल गच्छाधिपति पू.आ.श्री नरदेवसागर सूरीश्वरजी महाराजा के पू.आ. श्री पद्मचन्द्रसागरसूरिजी महाराजा, पू.आ. श्री आनन्दचन्द्र सागरसूरिजी महाराजा एवं दीक्षार्थी के बहन म.सा. प. पू. युगादि प्रिया श्रीजी एवं प. पू. दीप दर्शना श्री जी म.सा. की प्रेरणा से मुमुक्षु संयम मेहता के दीक्षा अनुमोदनार्थ वषीर्दान यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प.पू. मातृहदया अमित गुणा श्री जी म.सा. की प्रशिष्या प.पू. वात्सल्य मूर्ति अमिझरा श्री जी म.सा. की शिष्या प.पू. सरल स्वभावी जिनकीर्ति श्री जी म.सा. आदी ठाणा 2 की पावन निश्रा प्राप्त हो रही है। यह यात्रा महिदपुर नगर के कोचर परिवार के भानेज एवं रामगंज मंडी निवासी संदीप मेहता के सुपुत्र संयम मेहता के दीक्षा महोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली जा रही है। कार्यक्रम के अनुसार, वर्षीदान यात्रा दिनांक 12 अप्रैल को प्रातः 8 बजे स्व निवास घाटी मोहल्ला महिदपुर से प्रारंभ होगी। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर श्री शांतिनाथ आराधना भवन पहुंचेगी, जहां आदिनाथ बहु मंडल द्वारा दीक्षार्थी की भव्य एंट्री होगी एवं पूज्य गुरुवर्या के मंगल प्रवचन होंगे। तत्पश्चात मुमुक्षु का बहुमान किया जाएगा। कोचर परिवार ने नगर के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से आग्रह किया है कि वे इस पुण्य अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करें एवं आयोजन को सफल बनाए।



## संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर शिक्षकों ने उज्जैन पहुंचकर निकाली रैली



**महिदपुर रोड।** संकुल केंद्र के शिक्षक शिक्षिकाओं ने अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा उज्जैन के वहां पर टेट परीक्षा के विरोध में को नियुक्त दिनांक से वरिष्ठता की मांग को लेकर बुधवार को उज्जैन में आयोजित रैली में शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रैली में शामिल होने महिदपुर रोड जन शिक्षा केंद्र के सभी शासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षक शिक्षिका उज्जैन पहुंचे।

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**गुना।** जिले में 8 अप्रैल को मध्य प्रदेश अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर जिला गुना द्वारा प्रांतीय आव्हान पर महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल के नाम बुधवार कलेक्टर को टीईटी के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन में गुना जिले के समस्त अध्यापक संवर्ग के संघों के जिला अध्यक्ष प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के वरिष्ठ पदाधिकारी रमेश अहिरवार, धर्मेंद्र रघुवंशी, कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रमोद रघुवंशी, राज शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेंद्र भार्गव, प्रांतीय सचिव कमलेश कुशवाहा, जिला अध्यक्ष दामोदर धाकड़, शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीतिश जैन, नरेंद्र भारद्वाज, राजमणि दुबे, आजाद अध्यापक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष केपी त्यागी, प्रमोद दुबे, कीर्ति मोरोलिया, अर्चना सहित हजारों की संख्या में प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक उपस्थित रहे।

## राजस्व विभाग की वर्चुअल समीक्षा बैठक में कलेक्टर हुए सख्त, जताई नाराजगी

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में राजस्व विभाग की वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीएल में मार्क किए गए प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान तहसीलदार माचलपुर की अनुपस्थिति पर कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को सख्त निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से न्यायालय में बैठकर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही आरसीएमएस पोर्टल को लगातार अपडेट रखने के निर्देश भी दिए गए। खिलचीपुर एसडीएम के ई-अटेंडेंस में खराब प्रदर्शन पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त किया।विशेष रूप से मार्च माह में उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए गए। साथ ही एसडीएम सारंगपुर पर भी ई-अटेंडेंस में खराब प्रदर्शन को लेकर नाराजगी व्यक्त की गई। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी पटवारी अपने-अपने हल्कों में नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज कराएं।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

### 9 दिन चले अढ़ाई कोस, फिर भी दिल्ली 12 कोस

## जीरापुर हाट बाजार की स्थिति जस की तस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर



नगर के साप्ताहिक हाट बाजार को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से नगर पंचायत द्वारा आवास रोड से हटाकर छोटे तालाब क्षेत्र में सीमेंट-कंक्रीट का फर्श बनाकर नई व्यवस्था लागू की गई। मंशा यह थी कि जाम की समस्या से निजात मिले और नगरवासियों को सुविधाजनक माहौल में खरीदारी का अवसर मिल सके।

लेकिन हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। हाट बाजार के स्थान परिवर्तन के बावजूद मुख्य मार्ग पर जाम की समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। बाजार के दिन अस्थायी दुकानदार पहले की तरह सड़क किनारे ही दुकानें लगाने लगे हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

स्थिति यह है कि जहां एक ओर सीमेंट-कंक्रीट का बना फर्श आधा खाली पड़ा रहता है, वहीं अधिकतर दुकानदार आगे बढ़कर सड़क पर ही दुकान लगाना उचित समझते हैं। परिणामस्वरूप नगर में अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है।

हाट बाजार में नगर पंचायत की ओर से न तो पर्याप्त कर्मचारी तैनात दिखाई देते हैं और न ही ऐसी व्यवस्थाएं नजर आती हैं, जिससे आमजन, विशेषकर महिलाएं, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से खरीदारी कर सकें।

नगरवासियों का कहना है कि स्थान परिवर्तन के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। पहले भी जाम लगता था और आज भी वही स्थिति बनी हुई है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस नई व्यवस्था से आखिर किसका लाभ हुआ? व्यवस्था के बारे में बात करने हेतु नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह व सीएमओ से फोन पर बात करने की काफी कोशिश की पर फोन रिसीव नहीं किया।

## ब्लैकमेलिंग केस में डॉक्टर पर एफआईआर,वीडियो से खुलासा

### 7 में से 3 आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

**देवास।** देवास में ब्लैकमेलिंग से जुड़े मामले में एक नया मोड़ आया है। भ्रूण परीक्षण से संबंधित एक वीडियो वायरल होने के बाद अब संबंधित डॉक्टर के खिलाफ भी कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई ब्लैकमेलिंग के एक बड़े प्रकरण से जुड़ी है। पुलिस ने श्रीराम नर्सिंग होम की संचालिका डॉ. चारु तिवारी के खिलाफ प्रथम दृष्टया अपराध पाया है। उनके खिलाफ थाना कोतवाली में गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। कार्रवाई कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने की। जांच के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. सरोजनी जेम्स बैक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर डॉ. चारु तिवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। ब्लैकमेलिंग के इस मामले में पुलिस ने कुल 7 आरोपियों को नामजद किया है। इनमें से 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि 4 अन्य आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। देवास पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इस मामले में जल्द ही डॉ. चारु तिवारी की गिरफ्तारी भी संभव है।

## सुनेरा ब्रिज के पास गेहूं से भरा ट्रक पलटा, क्लीनर अस्पताल में भर्ती

**शाजापुर।** नेशनल हाईवे-52 पर अलसुबह ड्राइविंग के दौरान नींद की झपकी आना एक बार फिर बड़े हादसे का कारण बन गया। सुबह सुनेरा ब्रिज के समीप गेहूं के बोरों से लदा एक ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। गनीमत यह रही कि इस भयानक हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन ट्रक का क्लीनर घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, चालक बाल-बाल बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना बुधवार सुबह करीब 6 बजे की है। एक ट्रक, जिसमें भारी मात्रा में गेहूं के बोरे लदे हुए थे, हाईवे से गुजर रहा था। सुनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुनेरा ब्रिज के पास पहुंचते ही चालक को नींद की झपकी आ गई, पलक झपकते ही उसका स्टीयरिंग से नियंत्रण छूट गया और भारी-भरकम ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया।

## कोरोनाकाल के दिवंगत पत्रकारों को दी श्रद्धांजलि, सेवा के रूप में किया अन्नदान

### प्रेस क्लब द्वारा दिवंगत पत्रकारों की याद में प्रतिवर्ष किया जाता है आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना




जिले से एक भावुक और प्रेरणादायक खबर सामने आई है, जहां कोरोना काल में दिवंगत हुए पत्रकार साथियों की स्मृति में एक सराहनीय सेवा कार्य का आयोजन किया गया।? इस मौके पर प्रेस क्लब जिलाध्यक्ष आनंद सिंह लोढा के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय स्थित सेवा भारती परिसर में पत्रकार गण पहुंचे और वहां पर संस्था के पदाधिकारियों को अनुदान के रूप में गेहूं दाल चावल और तेल आदि राशन भेंट किया। ज्ञात हो कि सेवा भारती द्वारा न्यूनतम मूल्य में जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है। यह भोजन जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को दिया जाता है प्रेस क्लब के द्वारा इसमें सहयोगी बनने पर पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।

इस अवसर पर कोरोना काल में दिवंगत हुए पत्रकारों में स्वर्गीय शिवदान सिकरवार, राजा श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, सुनील शर्मा, रवि श्रीवास्तव, विशाल कदम, नरेंद्र भार्गव, निर्मल साहू, अपसर खान डम्पी और गोविंद पलिया को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधि विधान और वैदिक रीति रिवाज से अन्य दान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शामिल हुए।

### देवास में कांग्रेस ने कलेक्टर कार्यालय घेरा

## किसान मुद्दों पर प्रदर्शन, जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन फाड़ा, पुतला जलाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास




देवास में जिला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) ने भारतीय जनता पार्टी की कथित किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसानों के हक और न्याय के लिए जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान गेहूं खरीदी में हो रही देरी, किसानों पर बढ़ते कर्ज और ब्याज का बोझ, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी की अनिश्चितता, समय पर भुगतान न होना, खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था और ओलावृष्टि से फसलों को हुए भारी नुकसान जैसे प्रमुख मुद्दे उठाए गए।

कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे, लेकिन कलेक्टर की अनुपस्थिति पर उन्होंने नाराजगी जताई। इस दौरान शहर/ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि जब कलेक्टर के पास ज्ञापन लेने का समय ही नहीं है, तो ऐसे ज्ञापन का कोई महत्व नहीं है। इसके बाद उन्होंने वहीं ज्ञापन फाड़कर विरोध दर्ज कराया। प्रयास गौतम ने इस दौरान कहा कि यह लोकतंत्र है, जिसमें अपनी आवाज मुख्यमंत्री तक पहुंचाना उनका अधिकार है। जब ज्ञापन लेने का समय ही नहीं है, तो इसे देकर क्या करेंगे, इसलिए हमने ज्ञापन फाड़ दिया। उन्होंने जोर दिया कि विपक्ष की आवाज को दबाया नहीं जा सकता।

गौतम ने आगे कहा कि विरोध स्वरूप मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला भी जलाया गया। उन्होंने कृषि मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि सोए हुए कृषि मंत्री से पूरा देश परेशान है, जिसके विरोध में प्रतीकात्मक रूप से पुतला दहन किया गया। वहीं, जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) कांग्रेस मनीष चौधरी ने कहा कि किसान आज प्रताड़ित हो रहा है। समर्थन मूल्य पर उसका माल नहीं बिक रहा है। किसानों ने बैंकों से कर्ज लिया हुआ है और उन पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। पराली जलाने पर किसानों पर एफआईआर दर्ज की जा रही है।

चौधरी ने कलेक्टर पर किसानों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कलेक्टर को किसानों के लिए कुछ समय निकालकर उनसे मिलना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस कार्यकर्ता घेराव के लिए आ रहे थे, तब उन्हें समय देना चाहिए था, लेकिन यह जवाबदेही से बचने जैसा है। मनीष चौधरी ने शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा, उन्होंने संसद में कहा कि किसानों की आय 8 गुना बढ़ गई है, लेकिन किसानों की आय नहीं बढ़ी, शिवराज की जरूर बढ़ गई होगी। इसलिए उनके विरोध में पुतला दहन किया गया।

इस मौके पर प्रयास गौतम, मनीष चौधरी, मनोज सांकते, कुलदीप नागर (जिला प्रवक्ता), हरीश गजधर (शहर प्रवक्ता), जाहिद पठान, जितेंद्र सिंह गौड़ (संगठन महासचिव) सहित समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, अग्रणी संगठन और मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## नगरपालिका ने बंद शुल्क पुनः चालू करने का निर्णय लिया

**महिदपुर।** न.पा. की बजट बैठक न.पा. अध्यक्ष श्रीमती नानीबाई प्रकाश माली की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें नामांतरण प्रकरणों में शुल्क रजिस्ट्री शुल्क का एक प्रतिशत या न्यूनतम 4000 करने का निर्णय लिया। बाजार बैठक सब्जी मण्डी शुल्क जो बंद था पुनः शुरू करने का निर्णय लिया गया जो 10 रुपये प्रतिदिन होगा। पशु पंजीयन शुल्क 10 रुपये से वृद्धि कर 30 रुपये निर्धारित किया गया। पशु वध शुल्क 10 से 50 रुपये किये गये। डॉ. अम्बेडकर भवन, सामुदायिक भवनों का शुल्क प्रतिदिन का तय किया गया। इस प्रकार की वृद्धि पर आपत्तियां 15 दिन में आमंत्रित की गई है। इसके पश्चात नई शुल्क वृद्धि प्रभावशील हो जावेगी।

## जल जीवन मिशन के तहत किये गये नल कनेक्शनों का परीक्षण रहा सफल

**महिदपुर रोड।** नगर में शिप्रा कालीसिंध लिंक परियोजना के अन्तर्गत जल प्रदाय योजना के तहत जल जीवन मिशन अभियान के अंतर्गत घरों में लगाये गये नल कनेक्शनों का परीक्षण सफल रहा अधिकांश नल कनेक्शनों में परीक्षण के दौरान विगत तीन चार दिनों से एक दिन छोड़कर की जा रही जल प्रदाय व्यवस्था संतोष प्रद रही है जल जीवन मिशन के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मिली जानकारी के अनुसार नगर में 1000 से अधिक घरों में नल कनेक्शन दिये गये हैं जिनमें परीक्षण के दौरान अधिकांश कनेक्शन में जलप्रदाय व्यवस्था संतोष प्रद रही है। जल जीवन मिशन के साइड इंजीनियर मुकेश आर्य के अनुसार कुछ घरों में दिये गये नल कनेक्शन में जल प्रदाय नहीं होने की जानका री संबंधित उपभोक्ताओं से मिली है जिन्हें परीक्षण कर दुरुस्त कर दिया जायेगा।

## पिंजराया में पं. कमलकिशोर नागर की भागवत कथा कल से

**बदनावर।** बदनावर क्षेत्र के ग्राम पिंजराया में 11 अप्रैल से सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। मालवा के संत पंडित कमलकिशोर नागर के मुखारविंद से होने वाली यह कथा 17 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से आयोजित होगी। आयोजन से पहले बुधवार को आयोजन स्थल पर धर्म ध्वजा स्थापित की गई। यजमान रतनसिंह गोहिल, मनोहरसिंह गोहिल और निर्मलसिंह रघुवीरसिंह गोहिल सहित गोहिल परिवार ने पंडित विनायक शुक्ल और दिनेश शुक्ल के सानिध्य में विशेष पूजा-अर्चना संपन्न की। सफल आयोजन को लेकर ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें कथा के दौरान पेयजल, भोजन और वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए अलग-अलग टोलियों (समितियों) का गठन किया गया, जिन्हें विशिष्ट जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आयोजन प्रमुख रतनसिंह गोहिल ने जानकारी दी कि कथा के प्रथम दिन 11 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड तीन बत्ती चौराहा फ्रिंगज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि प्रकोष्ठ/फ्लेट क्रमांक 210 सेकण्ड फ्लोर, भूखण्ड क्रमांक 01"C21 RES-COMM" का भाग स्थित नानाखेड़ा इन्दौर रोड़ स्टेडियम योजना मित्र नगर के पास उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 69.70 वर्गमीटर (बिल्टप एरिया 92.93 वर्गमीटर) है। जिसके पूर्व मे - प्रकोष्ठ क्रमांक 209, पश्चिम मे -खुला भाग के बाद प्रकोष्ठ क्रमांक 222, उत्तर मे- एम.ओ.एस., दक्षिण मे- कॉरिडोर के बाद गार्डन स्थित है। उक्त सम्पत्ति ऋचा दुबे पुत्री श्री दीपक दुबे को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई है तथा ऋचा दुबे द्वारा मुख्तयारआम दीपक दुबे ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP17IGR18842026A100296189 दिनांक 14/03/2026 को श्रीमति वैशाली बजाज पति श्री प्रशांत बजाज को विक्रय कि। तथा श्रीमति वैशाली बजाज द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने नवीनकुमार पण्ड्या पिता स्वर्गीय श्री आनन्द मोहन जी पण्ड्या निवासी 26, भाट गली, आर्य समाज मार्ग, उज्जैन के मालिकी का एक मकान जिसका पुराना नगर पालिक निगम क्रमांक 6/484, का भाग रहा है जिसका नवीन नगर पालिक निगम क्रमांक 19. का पूर्व दिशा का भाग रहा है जिसका वर्तमान में नगर पालिक निगम क्रमांक 19 का पूर्व दिशा भाग, भोज मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 45.47 वर्गमीटर है। इस मकान को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का तय पाया है, जिसमें मेरे पक्षकार से टोकन बयाना राशी भी प्राप्त कर ली गई है। मेरे पक्षकार द्वारा शेष पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री कराई जावेगी। उक्त मकान के विक्रय के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हों या किसी का कोई ऋण, भार हो या किसी का उक्त मकान में स्वत्व हित निहित हो, व इस मकान को किसी के हित में किसी भी प्रकार से अनुबन्धित किया गया हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिन की अवधि के अन्दर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा इस अवधि के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त मकान को शेष विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करा ली जावेगी व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक : 07/04/2026 ई., स्थान- उज्जैन

**मानमल दुग्गड़, अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन - 2554829, 94250-91829**

## भाजपा की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ घेराव

**गुना।** जिले में किसानों से जुड़े मुद्दों को लेकर गुरुवार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र और राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर किसान विरोधी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज सरकार किसानों की फसल समर्थन मूल्य पर खरीदी करने में असफल है और किसान मंडियों में परेशान हो रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, खाद-बीज और डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे किसानों को खेती करना मुश्किल होता जा रहा है। इधर आमजन अपनी समस्याओं से जूझ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर महंगाई आमजन की कमर तोड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए मांग की है कि किसानों के हित में ठोस कदम उठाए जाएं। सभा समाप्ति के बाद कांग्रेस जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट का घेराव करने पहुंची। इस दौरान प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की गई।

## अंग्रेजी साहित्य के इतिहास पर विस्तार व्याख्यान आयोजित

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में अंग्रेजी विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में हिस्ट्री ऑफ इंग्लिश लिटरेचर विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अंग्रेजी साहित्य के विभिन्न कालखंडों और प्रमुख रचनाकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय जावर के असिस्टेंट प्रोफेसर राकेश कुमार सोलंकी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने व्याख्यान में अंग्रेजी साहित्य के इतिहास, प्रमुख साहित्यकारों और साहित्यिक प्रवृत्तियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही नेट, सेट, टेट एवं एमपीपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं और संभावित प्रश्नों की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर के शर्मा ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष मोना जाटव, असिस्टेंट प्रोफेसर अंकिता वर्मा, अर्पणा श्रीवास्तव एवं निखत परवीन सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन मोना जाटव व आभार अंकिता वर्मा ने व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. संजय कुमार प्रजापति, डॉ. रवि राठौर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ई विकास प्रणाली से ही होगा उर्वरक वितरण

**शुजालपुर।** जिले में उर्वरकों के वितरण को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए शासन ने 1 अप्रैल 2026 से ई-विकास वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान प्रणाली को अनिवार्य कर दिया है। इसके तहत अब शत प्रतिशत उर्वरक वितरण इसी पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। उपसंचालक कृषि आर एल जामरे ने विकासखंड शुजालपुर और कालापीपल में निजी उर्वरक विक्रेताओं की बैठक लेकर उन्हें पोर्टल के नए अपडेट और तकनीकी सुधारों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में मैन्युअल वितरण स्वीकार नहीं किया जाएगा। तकनीकी समस्या आने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित कर समाधान लेने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि ई विकास प्रणाली के जरिए किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता की सटीक जानकारी मिलेगी और समय पर वितरण सुनिश्चित होगा। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि अनियमितताओं पर नियंत्रण और शासन स्तर पर प्रभावी निगरानी भी संभव होगी। उपसंचालक कृषि ने विक्रेताओं से अपील की कि वे पोर्टल का सही उपयोग करें और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। इस दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी शुजालपुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कालापीपल सहित विभागीय अधिकारी और निजी उर्वरक विक्रेता मौजूद रहे।

## घर के अंदर से लाखों के गहने व नगदी चोरी

**शुजालपुर।** क्षेत्र के ग्राम डूंगलाय में शादी की तैयारियों के बीच एक घर में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात बदमाश करीब 14.50 लाख रुपए के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए। इस चोरी की सूचना पर मंडी पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई और थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व अमला घटना स्थल पर पहुंचा, इस चोरी की वारदात के 24 घंटे बाद ही चोरी गए आभूषण व नगदी घर के बाहर सीढ़ियों के नीचे बने स्टोर में मिले। पुलिस के अनुसार फरियादी सज्जन सिंह धनगर निवासी डूंगलाय ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके घर में रखी पेटी से सोने-चांदी के आभूषण और 10 हजार नकदी चोरी हो गई। धनगर ने बताया कि 5 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे उन्होंने सामान पेटी में रखा देखा था। 7 अप्रैल को दोपहर करीब 3 बजे जब दोबारा पेटी देखी तो जेवर और नकदी गायब मिले। उन्होंने यह भी बताया कि 6 अप्रैल को दोपहर 1 से 4 बजे के बीच घर सूना था। क्योकि परिवार के सदस्य बाहर गए हुए थे। लाखों रुपए की चोरी की सूचना के बाद थाना प्रभारी शिवकुमार यादव सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिन्होने कुछ लोगों से चर्चा की और सख्ती से पूछताछ के बाद वारदात में शामिल व्यक्ति की तलाश के लिए डॉग स्कॉर्ट लाने की बात कही गई। मिली जानकारी अनुसार 8 अप्रैल को चोरी का मामला दर्ज हुआ था और 9 अप्रैल की सुबह पुलिस को पता चला कि चोरी गए आभूषण व नगदी फरियादी के घर के बाहर छत पर जाने वाली सीढ़ियों के नीचे बने स्टोर में मिले, पुलिस ने इन सामग्रियों का तौल कार्य किया।

# प्रभारी मंत्री श्री नागर 11 अप्रैल को लेंगे जिला विकास एवं सलाहाकार समिति की बैठक

**आगर मालवा।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान की अध्यक्षता में जिला विकास एवं सलाहकार समिति की बैठक 11 अप्रैल को दोपहर 12:00 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा हेतु शामिल विभागों में स्कूल शिक्षा, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जल संसाधन, जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग तथा मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभाग शामिल रहेंगे।

### कार्यकर्ताओं की पीड़ा खुलकर आई सामने

बैठक में जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने अपनी समस्याओं को खुलकर रखा। उन्होंने बताया कि- कई जिलों में अनुसूचित जाति कांग्रेस के पदाधिकारियों को अपेक्षित सम्मान नहीं दिया जाता। प्रेस नोट एवं अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों में उनके नाम तक शामिल नहीं किए जाते, जिससे कार्यकर्ताओं में निराशा है। वर्षों तक पार्टी के लिए समर्पित रहने के बावजूद संगठन में उन्हें उचित पद नहीं मिल पाता। जमीनी स्तर पर मेहनत करने वाले कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर बाहरी उम्मीदवारों को टिकट दिया जाता है, जिससे निष्ठावान कार्यकर्ता आहत होते हैं। कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि वे वर्षों से पार्टी का झंडा-बैनर उठाकर मेहनत करते हैं, लेकिन जब जिम्मेदारी देने का समय आता है तो उन्हें पीछे कर दिया जाता है। इस स्थिति के चलते कई समर्पित कार्यकर्ता धीरे-धीरे पार्टी से दूर होते जा रहे हैं। समूह चर्चा और लंच के बाद भी जारी रहा मंथन- बैठक के दौरान तीन समूहों की चर्चा पूरी होने के बाद लंच ब्रेक किया गया। लंच के बाद एक और समूह ने अपनी बात रखी, लेकिन समय की कमी के चलते मध्य प्रदेश सहित कुछ अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों को अपनी पूरी बात रखने का अवसर नहीं मिल सका। इसके बावजूद सभी राज्यों की प्रमुख समस्याओं और सुझावों को संकलित कर राष्ट्रीय अध्यक्ष के माध्यम से मंच पर प्रस्तुत किया गया।

### राहुल गांधी का बड़ा आश्वासन

सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनने के बाद राहुल गांधी ने मंच से बड़ा बयान देते हुए कहा कि- अब कांग्रेस पार्टी में अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्षों को वही अधिकार और महत्व मिलेगा, जो मुख्य जिला कांग्रेस अध्यक्ष को प्राप्त होता है। उन्होंने यह भी संकेत दिए कि पार्टी आने वाले समय में जमीनी कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देगी और संगठन में पारदर्शिता एवं सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा। राहुल गांधी के इस बयान के बाद बैठक में उपस्थित सभी प्रदेश एवं जिला अध्यक्षों में नया उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने इसे अपने सम्मान और अधिकारों की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

### मध्य प्रदेश का सक्रिय योगदान

इस महत्वपूर्ण बैठक में मध्य प्रदेश से भी सक्रिय भागीदारी रही। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार सहित प्रदेश पदाधिकारी और विभिन्न जिलों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। आगर जिले से गौरीशंकर सूर्यवंशी एवं सुसनेर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सज्जन सिंह सोलंकी ने भी बैठक में भाग लेकर अपने विचार रखे और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया।

### भविष्य को लेकर जताया विश्वास

बैठक के समापन पर सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में विश्वास जताया कि यदि संगठनात्मक ढांचे में सुधार और कार्यकर्ताओं को सम्मान मिला, तो आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी देशभर में मजबूती के साथ उभरेगी। सभी ने उम्मीद जताई कि आगामी चुनावों में कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करेगी और विभिन्न राज्यों में पार्टी की सरकार बनेगी।

## कांग्रेस की रैली, किसानों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**आगर मालवा।** जिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तबंर के नेतृत्व में आज छावनी स्थित गांधी उपवन में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। यहां से सभी ने रैली निकालते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से होकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर आर.पी वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर ने कहा की शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी एक माह देरी से शुरू की गई, जिसके चलते अधिकांश किसानों को अपनी उपज कम दामों में मंडियों में बेचनी पड़ी और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। कांग्रेस ने मांग की कि ऐसे वंचित किसानों को कृषि ऋ ण पर ब्याज में छूट दी जाए तथा 500 से 700 रुपये प्रति क्विंटल के अंतर को भावांतर योजना के तहत भुगतान किया जाए। जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तबंर ने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व में हुई ओलावृष्टि से सोयाबीन की फसलें बर्बाद हुई थीं, लेकिन आज तक किसानों को न तो मुआवजा राशि मिली है और न ही बीमा क्लेम का भुगतान किया गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा एवं बीमा राशि प्रदान की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि समर्थन मूल्य पर संचालित गेहूं खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि भीषण गर्मी के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विजयलक्ष्मी तबंर ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस किसानों की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी। जरूरत पड़ने पर धरना-प्रदर्शन और आंदोलन भी किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष बंसीलाल पाटीदार, प्रदेश प्रवक्ता गुड्डु लाला, तनोडिया से बिछोट साहब सहित सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष, नगर के अध्यक्ष यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय बैठक- 14 राज्यों के प्रतिनिधियों की भागीदारी

**आगर मालवा।** गौरीशंकर सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुवे बतायाकि नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में 8 अप्रैल 2026 को कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग की एक अहम और व्यापक बैठक आयोजित की गई। सुबह 11 बजे शुरू हुई इस बैठक का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र गौतम पाल ने किया, जिसमें देशभर के 14 राज्यों के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में विशेष बात यह रही कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी इसमें शामिल हुए। उन्होंने बैठक की अनुशासित व्यवस्था, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और मुद्दों की गंभीरता को देखते हुए संतोष व्यक्त किया और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।


### कार्यालय रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट एवं अनुविभागीय अधिकारी, उज्जैन ग्रामीण, जिला उज्जैन

**क्रमांक/रीडर-1/2026 / 1165** **प्रकरण क्रमांक**

**लोक न्यास का नाम श्री आलौकिक पार्श्वनाथ जैन तीर्थ न्यास हासमपुरा उज्जैन पंजीयन क्रमांक 55/21.11.1981**

**उज्जैन दिनांक 9/4/2026**

**श्री आलौकिक पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर तीर्थ ट्रस्ट हासमपुरा उज्जैन द्वारा अध्यक्ष श्री अशोक कुमार जैन पिता श्री राजमल जी जैन, निवासी 89, साईनाथ कॉलोनी, सांवेर रोड उज्जैन**

**.............प्रार्थी**

**विरुद्ध**

**मध्यप्रदेश शासन** **...............प्रतिप्रार्थी**

### विज्ञप्ति

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नक आवेदक श्री आलौकिक पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर तीर्थ ट्रस्ट हासमपुरा उज्जैन द्वारा उपाध्यक्ष श्री अशोक कुमार जैन पिता श्री राजमल जी जैन, निवासी- 89 साईनाथ कॉलोनी, सांवेर रोड, उज्जैन द्वारा श्री आलौकिक पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर तीर्थ ट्रस्ट हासमपुरा उज्जैन द्वारा मध्यप्रदेश ट्रस्ट एक्ट 1951 धारा 04 के अधीन ट्रस्ट कार्य में अरूचि रखने एवं मृत ट्रस्टी में स्थान पर ठहराव प्रस्ताव जुनसार नवीन ट्रस्टीयों के नाम ट्रस्ट डीड में स्थापित किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है,

**न्यास का नामः-**

**श्री आलौकिक पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर तीर्थ ट्रस्ट हासमपुरा उज्जैन**

| क्र. | ट्रस्ट डीड में स्थापित किये जाने वाले ट्रस्टीयों का नाम एवं पता | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | शैलेश पिता नगीनदास शाह, निवासी 604-5 बी चंदनबाला बिल्डिंग आर. ट्रस्टी आर. ठक्कर मार्ग नियत मालाबार हिल वालकेश्वर, मुंबई | ट्रस्टी |
| 2 | सुभाष पिता श्री पूनमचंद जी वानिगोता, निवासी 1401 सोलिटेयर टॉवर, ट्रस्टी 14वीं मंजिल तुकाराम जावजी मार्ग भाटिया हास्पिटल ग्रांट रोड, मुबई | ट्रस्टी |
| 3 | पुखराज पिता शांतिलाल जैन, निवासी इंदौर 38, अंजनी नगर, एयरपोर्ट रोड,इंदौर | ट्रस्टी |
| 4 | महेश जैन पिता इंदौरीलाल जैन, निवासी उज्जैन ए-130, वी.डी. क्लॉथ मार्केट, उज्जैन | ट्रस्टी |
| 5 | नवनीत कुमार संचेती पिता चंदनमल संचेती, निवासी 172 बडा बाजार आष्टा म.प्र. | ट्रस्टी |

म.प्र. पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1951 की धारा 04 के अंतर्गत उक्त ट्रस्टीयों के संबंध में उक्त न्यास या संपत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यवाही न्यासधारी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझावः प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनाक से एक माह के भीतर द प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुतकर्ता मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक य अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए। नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। दिनांक 84 26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा से युक्त सूचना पत्र जारी किया गया।

**( कृतिका भीमावद )**
**रजिस्टार पब्लिक ट्रस्ट अधिकारी**
**अनुभाग उज्जैन**

### क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस0ओ0 1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s Shri Vikram Singh S/o Shri Gopal Singh Chouhan, Malya Murram, Stone (Gitti) and M-Sand Quarry Mining of Minerals, Production Capacity: ~, cum per year Murram, v, cum per year Stone (Gitti) and vz, cum/year M-Sand, Area y. hect., Khasra No. v/v, Village:- Malya Tehsil Mahidpur Distt. Ujjain (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर उज्जैन (2) कार्यालय जिला पंचायत, उज्जैन (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उज्जैन (4) ग्राम पंचायत माल्या तहसील महिदपुर जिला उज्जैन (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17. भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) के कार्यालय में लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 12.05.2026 को समय दोपहर 03:00 बजे से स्थान आवेदित स्थल, ग्राम माल्या तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**( क्षेत्रीय अधिकारी )**
**उज्जैन**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर (म.प्र.)

Email-cmoshajapur@mpurban.gov.in

क्रं. / स्वा. / 2026 / शाजापुर, दिनांक:-

#### सार्वजनिक सूचना

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहरी क्षेत्रों के नागरिको को उच्च स्तरीय नागरिक नागरिक हितेषी सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु नगर पालिका शाजापुर में निम्नानुसार सर्विस लेबल बेंचमार्क निर्धारित किए गए है।

| क्रं. | सेवा का प्रकार | मानक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | शौचालय खुलने का समय | 24 घण्टे |
| 2 | जल की उपलब्धता | 24 घण्टे |
| 3 | शौचालय में प्रकाश एवं हवादानी | प्रत्येक सीट मे प्राकृतिक एवं एलईडी लाईट से प्रकाश एवं हवादानी |
| 4 | सेप्टिक टैंक/सीवरेज व्यवस्था | समस्त सीट हेतु |
| 5 | शिकायत निवारण की समय सीमा | 24 घंटे/100 प्रतिशत |
| 6 | शौचालय की ऑनलाईन मैप मे खोजने हेतु गूगल या समकक्ष प्लेटफार्म मे उपलब्धता एवं फीडबैक व्यवस्था | समस्त शौचालय |
| 7 | दिव्यांग हितेषी सीट/बच्चो के सीट की उपलब्धता | प्रत्येक ब्लॉक में न्यूनतम एक सीट |
| 8 | सीट, बेसिन, फर्श, दीवार, दरवाजा, आईना आदि की साफ सफाई | निरंतर किंतु 24 घंटे मे न्यूनतम 3 बार |
| 9 | साबून, फिनाईल, डस्टबिन, मॉपिंग, सफाईकर्मी, सुरक्षा पहनावे (जैसे- ग्लव्स, जूता, एप्रेन आदि) की व्यवस्था | समुचित सफाई हेतु निरंतर उपलब्धता |
| 10 | कुल परिवार की तुलना मे शौचालय की संख्या | 100 प्रतिशत |
| 11 | मलजल के उपचार की गुणवत्ता | 100 प्रतिशत |
| 12 | शोधित मलजल के उपचार की गुणवत्ता | 100 प्रतिशत |
| 13 | शोधित मलजल पुनः उपयोग/पुनः चक्रीकरण विस्तार | 100 प्रतिशत |
| 14 | सेवा संचालन एवं संधारण लागत के विरूद्ध वसूली | 100 प्रतिशत |
| 15 | सेनेटरी नेपकीन, एयर फ्रेशनर, हेण्ड ड्रायर | शहर मे स्थित कुल 100 प्रतिशत शौचालय में |
| 16 | उपयोग शुल्क देयक वसूली | 100 प्रतिशत |
| 17 | शोधित जल पुनः उपयोग/पुनः चक्रीकरण | 50 प्रतिशत |

उपरोक्त प्रावधान नगर पालिका शाजापुर क्षेत्र में प्रभावशील है एवं स्वच्छता ऐप तथा निकाय कार्यालय दूरभाष क्रमांक 07364229565 मे अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

B. Dixit
(भूपेन्द्र कुमार दीक्षित)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, शाजापुर

## बाल विवाह रोकने पहुंची टीम के साथ अभद्रता, प्रकरण दर्ज

**मन्दसौर।** जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र के ग्राम धानड़ाखेड़ा में बाल विवाह की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास कार्यालय सुवासरा से एक टीम मौके पर पहुंची तो वहां मौजूद लोगों ने टीम के साथ अभद्रता कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई। प्राप्त जानकारी अनुसार यह घटना 7 अप्रैल की रात करीब 10 से 11 बजे के बीच धानड़ाखेड़ा में घटित हुई। जिसकी रिपोर्ट थाने पर फरियादी महिला एवं बाल विकास कार्यालय सुवासरा में पदस्थ रमेशचन्द्र पिता हरिशचन्द्र ने की कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर वह टीम के साथ आरोपी किशनसिंह के यहां विवाह स्थल पर पहुंचे जहां आरोपियों ने टीम के साथ अभद्रता कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी नारायणसिंह पिता झुझारसिंह, किशनसिंह पिता झुझारसिंह निवासी रलायता थाना सीतामऊ के विरूद्ध बीएनएस की धारा 132, 3(5) में प्रकरण दर्ज किया।

## 8 लेन पर हुई दुर्घटना में ड्राइवर की मौत, कंडक्टर घायल

**मन्दसौर।** शामगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली-मुंबई 8-लेन एक्सप्रेसवे पर बुधवार रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई और एक अन्य घायल है। घटना हरिपुरा फंटा के पास की है, जहां गरोठ से लोहे की रेलिंग भरकर जा रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरा। इस दुर्घटना में ट्रक ड्राइवर देवेंद्र बामनिया (25) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद कंडक्टर राजेंद्र बामनिया (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की डायल ११२ टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल कंडक्टर को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मन्दसौर।** जिले के अफजलपुर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर क्र. एमपी 14 जेडए 3936 के चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा पलवई फंटे के पास सीतामऊ-मंदसौ रोड़ ग्राम पलवई में 3 अप्रैल की शाम को हुआ। जिसकी रिपोर्ट फरियादी अजय पिता रमेशचन्द्र पाटीदार निवासी रावटी ने की कि आरोपी ट्रेक्टर के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर उसके भाई संजय पाटीदार की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे उसे आई चोंटों की वजह से उसकी मृत्यु हो गई।

## 86 किलो डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना पुलिस टीम ने घेराबंदी कर एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार से डोडाचूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर राजस्थान नंबर की एक स्विफ्ट कार को रोका। तलाशी लेने पर कार से 86 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 लाख 72 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी नरेंद्रसिंह उर्फ शंभूसिंह (36 वर्ष) निवासी ग्राम गुराड़िया जोगा, जिला झालावाड़ (राज.) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली है।

## नव नियुक्त एल्डरमैनो का नगर परिषद में हुआ भव्य स्वागत

**पिपलिया मंडी।** नगर परिषद पिपलिया मंडी में वरिष्ठ पार्षद (एल्डरमैन) के रूप में चार अनुभवी चेहरों की नियुक्ति के बाद आज नगर में उत्साह का माहौल रहा। प्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत किए गए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं–श्री रूपचंद होतवानी, श्री ललित बंबोरिया, पूर्व पार्षद श्रीमती मुक्ति मनोहर काबरा एवं श्री हेमंत पाटीदार ने आज नगर परिषद कार्यालय पहुँचकर पदभार ग्रहण करने की प्रक्रिया के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# तारीख पे तारीख बंद करे सरकार, तुरंत खरीदें अनाज- राजानी

## मंदसौर मंडी में कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



अन्नदाता की बदहाली और उपज की खरीदी में हो रही देरी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर मंदसौर कृषि उपज मंडी के बाहर आयोजित जिला स्तरीय धरने में अनेक किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता जुटे। इस दौरान भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई और किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई।

धरने को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस प्रभारी मनोज राजानी ने सीधे तौर पर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के हितों की लगातार अनदेखी कर रही है। गेहूं की खरीदी के लिए सरकार केवल तारीखें बढ़ा रही है, जिससे किसान असमंजस में है। उन्होनें कहा कि ओलावृष्टि का मुआवजा और फसल बीमा की लंबित राशि किसानों का हक है, जिसे कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक लड़कर हासिल करेगी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज जिले का किसान हताश और निराश है। समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू न होने के कारण किसान अपनी मेहनत की फसल को औने-पौने दामों में बेचने पर मजबूर है। आय दोगुनी करने का वादा आज महज एक ढोंग साबित हो रहा है। समय पर उपज न बिकने से किसान डिफाल्टर हो रहे हैं। गुर्जर ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं, तो कांग्रेस एक बड़ा जन आंदोलन छेड़ेगी।

विधायक विपिन जैन ने कहा कि जहां एक ओर भाजपा किसान कल्याण वर्ष मना रही है, वहीं मंडियों में किसानों के लिए पीने के पानी तक की सुविधा नहीं है। उन्होंने पड़ोसी राज्य राजस्थान का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू हो चुकी है, तो मध्यप्रदेश में देरी क्यों?

प्रदर्शन के अंत में किसानों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, पुष्पा भारती, प्रकाश रातड़िया, मनजीतसिंह टुटेजा, राजेश रघुवंशी, मुकेश पोरवाल, ओम सिंह भाटी, अजहर हयात मेव, कांतिलाल राठौर, दिलीप देवड़ा, डॉ. प्रीतिपाल सिंह राणा, लियाकत मेव, विजेश मालेचा, विकास दशोरा, अजीत जैन, इष्टा भाचावत,कमलेश पटेल, सुनील बसेर, दुर्गेश सिंह पटेल, सुरेन्द्र कुमावत,दीपक सिंह गुर्जर, तरुण खींची, अजय लोढ़ा, युनुस मेव, किशोर गोयल, रफत पयामी, राखी सत्रावाला, निर्विकार रातडिया, अंबालाल हिंगोरिया, सम्यक जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल शर्मा एवं तुलसीराम पाटीदार द्वारा किया गया।

## विश्व शांति के लिए हजारों लोगों ने एक साथ किया नवकार महामंत्र का जाप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गोनाईजेशन (जीतो) के रतलाम चैप्टर द्वारा आयोजित विश्व नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में हजारों लोग जुटे। इस कार्यक्रम में प्रातः 8 से 9.36 बजे तक एक साथ विश्व शांति और बंधुत्व का भाव लेकर नवकार महामंत्र का जाप किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप रहे। जाप में उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महामंत्री जयवंत कोठारी एवं भाजयुमो प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन और मंडल रेल प्रबंधक अश्विनी कुमार भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में जीतो रतलाम चैप्टर के चेअरमेन इंदरमल जैन ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम संयोजक अशोक भाणावत ने विश्व नवकार महामंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विश्व के 120 देशों में एक साथ नवकार महामंत्र का जाप हो रहा है, जो जीतो रतलाम चैप्टर के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर जीतो रतलाम चैप्टर के संचालक मंडल की और से मुकेश जैन,जयंत जैन, निर्मल लुनिया महेंद्र बोथरा, अशोक बरमेचा,राजकमल जैन ने कार्यक्रम के लाभार्थी जीतो चेअरमेन इंदरमल जैन का बहुमान किया। कार्यक्रम के दौरान संगीता जैन द्वारा जैन भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां भी दी गई। समापन से पूर्व नवकारसी का आयोजन किया गया, इसमें बिबड़ौद सेवा मंडल ने सेवाएं दी। नवकार महामंत्र जाप में जीतो महिला विंग भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन चीफ सेक्रेटरी मुकेश जैन ने किया,



## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्व समाज द्वारा नवकार महामंत्र के जाप में भाग लिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी

नो चार जपो नवकार दिनांक 9 अप्रैल गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नवकार महामंत्र के जाप प्रातः 8 बजकर 1 मिनट से 9 बजकर 36 मिनट तक पोरवाल धर्मशाला पिपलिया मंडी पर रखे गए जिसमें सकल जैन समाज के अलावा सर्व समाज के लोगों की भी भरपूर उपस्थिति रही इस अवसर पर मंदिरमार्गी संघ से महासती श्री उपेन्द्र यशा श्री जी आदि ठाना ३ एवं साधुमार्गी जैन संघ से महासती श्री चारित्र प्रभा जी आदि ठाना ३ का भी पदार्पण हुआ एवं जाप पश्चात यहां विराजित महा सतीया जी म. सा. द्वारा मांगलिक श्रवण करवाया गया कार्यक्रम के बाद सकल जैन समाज के द्वारा प्रभावना वितरण किया गया लगभग 500 जन की उपस्थिति रही।



## जल संरक्षण के लिये रैली निकाली, बनाई मानव श्रृंखला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

प्रकृति के संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों को जल संकट के खतरे से बचाने के उद्देश्य से सार्थक सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन-जागरूकता रैली निकाली गई जिसका शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन ने हरी झंडी दिखाकर किया। गांधी चौराहा से निकली रैली में हाथों में जल संरक्षण की तख्तियां लिए सैकड़ों छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने एक मानव श्रृंखला बनाई। इस माध्यम से शहरवासियों को न केवल जल की बूंद-बूंद सहेजने का संदेश दिया गया, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति से अपने घर में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने और अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान भी किया गया।

इस अभियान में अ.भा. हिंदी साहित्य परिषद् तथा दशपुर जागृति संगठन सहित अन्य संगठनों ने भाग लिया। रैली के समापन पर जीव दया और प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण का संदेश देते हुए सहभागी बच्चों को मिट्टी के सकोरे वितरित किए गए।

इस दौरान 15 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए कैनवास पर जल संकट के समाधान उकेरे। बच्चों द्वारा बनाई गई इन कलाकृतियों में न केवल जल बचाने की तड़प दिखी, बल्कि रूफ वाटर हार्वेस्टिंग जैसे आधुनिक तकनीकी समाधानों को भी बड़ी खूबसूरती से प्रदर्शित किया गया। अंत में संस्था की अध्यक्ष डॉ. उर्मिला तोमर ने आभार व्यक्त किया।

## भारत विकास परिषद का शपथ ग्रहण समारोह 11 को

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

सेवा एवं संस्कार के उद्देश्य से कार्यरत भारत विकास परिषद की सुभाष शाखा (नीमच) द्वारा सत्र 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण एवं सदस्य परिवारों का शपथ ग्रहण समारोह 11 अप्रैल, शनिवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम महू रोड स्थित मणिरत्नम रिसोर्ट में सायं 7.30 बजे से प्रारंभ होगा।

समारोह में राष्ट्रीय ओजस्वी वक्ता पं. मनोज कश्यप का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश मानव आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह उपस्थित रहेंगे, जबकि प्रांतीय सचिव विनोद काला शपथ अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। प्रांतीय संरक्षक सुनील सिंहल एवं रीजनल गतिविधि संयोजक प्रदीप चौपड़ा का भी विशेष सानिध्य रहेगा।

कार्यक्रम में विधायक दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, नगरपालिका अध्यक्ष स्वाती चौपड़ा, मण्डी व्यापारी संघ अध्यक्ष राकेश भारद्वाज एवं वैश्य महासम्मेलन के संभागीय अध्यक्ष संतोष चौपड़ा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। सत्र 2026-27के लिए निर्वाचित नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष मनीष गर्ग, सचिव प्रमोद मालू, कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, उपाध्यक्ष राकेश खंडेलवाल एवं सहसचिव महेश शर्मा, महिला प्रमुख संध्या राठी दायित्व संभालेंगे। साथ ही प्रांतीय कार्यसमिति, मार्गदर्शक मंडल एवं विभिन्न प्रकल्प संयोजकों की घोषणा भी की जाएगी। निवर्तमान अध्यक्ष ललित राठी सहित परिषद पदाधिकारियों ने सभी सदस्य परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।

## रणजीत सिंह ने धरना प्रदर्शन में किसानों को किया संबोधित



**पिपलिया मंडी।** दिनांक 9 अप्रैल को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने मंदसौर जिला प्रभारी मनोज राजानी एवं जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर तथा विधायक विपिन जैन की उपस्थिति में किसान एवं जन विरोधी नीतियों के विरोध में जिला स्तरीय विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ो किसानों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। आपने कहा कि गूंगी बहरी सरकार को जगाने हेतु सभी लोगों से निवेदन किया सरकार द्वारा गेहूं की खरीदी में देरी करने एवं किसानों को परेशान करने तथा किसानों से निश्चित समयावधि में ऋण जमा करने हेतु किसानो के ऊपर बनाए जा रहे दबाव और किसानों को डिफाल्टर घोषित करने जैसी विभिन्न समस्याओं को लेकर मंदसौर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित विशाल धरना प्रदर्शन में सरकार के कान खड़े करने हेतु कुंवर शक्तावत ने दहाड़ लगाई। सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह सरकार किसान विरोधी सरकार है यह सरकार किसानों की हत्यारी सरकार है इस सरकार के हाथ किसानों के खुन से रंगे हुए हैं इस प्रकार के विचार व्यक्त करते हुए कुंवर शक्तावत ने सरकार से आग्रह किया की सरकार किसानों के फसलों के दाम निर्धारित करने एवं किसानों की फसलों को समयावधि में खरीदने का काम करें अन्यथा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने हेतु मध्य प्रदेश का हर एक कांग्रेस कार्यकर्ता तैयार है।

## श्री केशव भगवान महानिर्वाण शताब्दी महोत्सव उत्साह के साथ मनाया जा रहा

### 10 अप्रैल से शुरू होंगे विभिन्न आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

श्री नित्यानंद आश्रम सागोद रोड स्थित श्री केशव भगवान महानिर्वाण शताब्दी महोत्सव धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। 13 अप्रैल को प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में श्री केशव भगवान का अभिषेक, प्रातः 10 बजे पूणार्हुति के बाद महाप्रसादी होगी। इसके पूर्व 10 अप्रैल से विभिन्न आयोजन शुरू होंगे। विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। आश्रम स्थल पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर होगा।

भक्त मंडल के मोहन चौहान ने बताया कि संतश्री नर्मदानंदजी बापजी के सान्निध्य चल रहे महोत्सव के तहत 10 अप्रैल को श्री हनुमान चालीसा के 1008 पाठ किए जाएंगे।11 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 तक इंदौर के कुशल चिकित्सकों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर श्रीनित्यानंद आश्रम में आयोजित किया जाएगा। शिविर में कैंसर, किडनी, आंख, नाक, कान, गले शुगर, बीपी आदि की निशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा।

11 अप्रैल की शाम 4 बजे महलवाड़ा से श्री केशव भगवान की शोभायात्रा विशाल दो पहिया वाहन रैली के रूप में निकाली जाएगी जो कि नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए श्री नित्यानंद आश्रम पहुंचेगी।11 अप्रैल एवं 12 अप्रैल शाम को देश के ख्यात संतों के द्वारा कर्म, भक्ति एवं उपासना विषय पर गोष्ठी आयोजित की जाएगी।

भक्त मंडल के राजेश सक्सेना, नरेंद्र जोशी, समाजसेवी मनोहर पोरवाल, गोविंद काकानी, रामबाबू शर्मा, गायत्री परिवार से विवेक चौधरी, ब्लडबैंक प्रभारी मोहन मुरलीवाला, संदीप यादव, जनक नागल, नवीन चौधरी, बसंत पंड्या, सुरेश पापटवाल, विजय शर्मा, सावन ओझा, शंभू चौधरी, पार्षद अनिता कटारा, पार्षद बलराम भट्ट, जुगल पंड्या, विकास शैवाल, डॉ. दिलीप पंड्या,डॉ राजेंद्र तिवारी, गोपाल पंड्या, गुल्लू जोशी, देवेंद्रपुरोहित, आनंद शर्मा, चंद्र प्रकाश व्यास, सुरेंद्र सिंह भाटी, नारायण चौधरी, अशोक चौहान, सुखदेव सिंह कुशवाह दिनेश ठन्ना, ओम ठन्ना, आनंदीलाल ठन्ना, गोवर्धन लाल पटेल, पूनम चंद्र पटेल, बसंती लाल धाकड़, नरसिंह पटेल, गोपाल नागर, अनिल पांचाल, बृजमोहन पंड्या, ईश्वर पांचाल ईश्वर मिर्ची, शंकर लाल पटेल, राधेश्याम नायमा सहित कई गुरु भक्तों ने धमार्लुओं से महोत्सव में शामिल होने का आह्वान किया है।

## न्यूज कालम



### इंदौर के दंपति ने बचाई घायल बच्चों की जान, पुलिस ने किया सम्मानित

**मन्दसौर।** सड़क हादसे में घायलों की मदद करने के लिए शासन की ञ्राहवीर योजनाञ्ज का एक प्रेरक उदाहरण जिले के दलौदा में देखने को मिला है। यहाँ एक सड़क हादसे के बाद इंदौर के एक दंपति ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए चार मासूम बच्चों सहित 10 लोगों की जान बचाने में पुलिस की मदद की। जानकारी के अनुसार, बीती रात दलौदा थाना क्षेत्र के आक्या गाँव के पास एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी। इस हादसे में 6 बच्चे और 4 वयस्क गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उसी समय वहाँ से गुजर रहे इंदौर निवासी पंकज सिंह और उनकी पत्नी अंजू सिंह ने बिना देर किए घायलों की मदद शुरू की। अंजू सिंह ने घायल बच्चों को संभालते हुए पुलिस वाहन में बैठकर उन्हें समय पर अस्पताल पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दंपति की इस निस्वार्थ सेवा और उत्कृष्ट सहायता की सराहना करते हुए दलौदा थाना प्रभारी शुभम व्यास ने उन्हें थाना परिसर बुलाकर सम्मानित किया। पुलिस ने इस साहसी दंपति का नाम मध्य प्रदेश शासन की ञ्राहवीर योजनाञ्ज के तहत 25 हजार रुपये के पुरस्कार के लिए भेजा है।

### संयुक्त कर्मचारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर सीएमओ को दिया मांग पत्र



**जावरा ।** नगर पालिका के संयुक्त कर्मचारी संघ द्वारा दो महापूर्व पांच सूत्रीय दिए गए मांग पत्र को पुनः सीएमओ चंद्रशेखर सोनीस को गुरुवार को दिया। अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश महामंत्री पुखराज बिडवान ने बताया कि नगर पालिका में कार्यरत कर्मचारियों को प्रत्येक माह के दिनांक 1 से 10 के बीच चुंगी प्राप्त होने पर वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए। वहीं विभिन्न विभागों में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को प्रति माह 29 दिवस के कार्य की सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर पारिश्रमिक भुगतान जारी किया जा रहा इंदौर नगर निगम की तर्ज पर यहां भी प्रतिमाह 29 दिवस के स्थान पर 89 -89 दिवस पश्चात नियमानुसार एक दिन का ब्रेक देकर भुगतान किया जावे । दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 11 माह का एरियर की राशि का भुगतान चार किस्तों में किया जावे । नगर पालिका के विभिन्न विभागों में कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर कार्य व्यवस्था प्रभावित हो रही है। निकाय में 50 पुरुष एवं ५० महिला कर्मचारियों को कार्य पर रखने को कहा गया । इस मौके पर संदीप डूलगज, कपिल बिडवान ,लक्की फरकीया , वैभव राठौर, अलमास काजी ,जफर हुसैन, नंदलाल मोर्य , सलीम खान , गौरव राठौर आदि उपस्थित थे।

### डॉ. पांडेय लायंस डिस्ट्रिक्ट के रीजन चेयरमैन बने



**जावरा।** लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं झोन चेयरमैन डॉक्टर शैलेंद्र पांडे को लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी_1 के सत्र 26-27 के लिए रीजनचेयरमैन मनोनीत किया। डॉक्टर पांडे के रीजन चेयरमैन की घोषणा इंदौर स्थित मनमोहन मेहता ऑडिटोरियम में आयोजित कांफ्रेंस में निर्वाचित प्रांत पाल जयप्रकाश त्रिपाठी ने की। क्लब के सह सचिव संदीप राँका ने बताया कि रीजन के अंतर्गत 16 क्लब रहेंगे। कॉन्फ्रेंस में पूर्व डायरेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान ,कमलेश जैन ,कुलभूषण मित्तल, गवर्नर अनिल खंडेलवाल ,राम जाट, एवं डॉक्टर राजेंद्र सोडाणी आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय डॉक्टर पांडे बोडिया कुआं हनुमान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष, गीता भवन के ट्रस्टी एवं अखिल भारतीय आदित्य ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं । डॉक्टर पांडे को उक्त उपलब्धि पर क्लब के सदस्यों ने आत्मीय स्वागत कर बधाई दी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल भराव क्षमता का अमृत सरोवर पूर्ण



**नीमच।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 अंतर्गत मनरेगा अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करवाने के लक्ष्य के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव के नेतृत्व में जिले में जनपद पंचायत मनासा की ग्राम पंचायत मजेरिया में मनरेगा योजना से प्रगतिरत अमृत सरोवर तालाब का कार्य पूर्ण हुआ है । इस तालाब की लागत राशि रुपए 25 लाख है एवं इसकी जल संग्रहण क्षमता 18 हजार घन मीटर है। इस तालाब के निर्माण से ग्राम पंचायत मेजेरिया के क्षेत्र में भूजल रिचार्ज के साथ-साद जैव विविधता व पशु एवं मवेशियों के लिए भी जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### आईपीएल सट्टा गिरोह में नीमच के 2 सटोरियों सहित 6 गिरफ्तार

**नीमच ।** नीमच जिले के सीमावर्ती प्रतापगढ़ पुलिस ने आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह को दबोचने में सफलता हासिल की है।



## नरवाई प्रबंधन को लेकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने की समीक्षा बैठक

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी की संयुक्त अध्यक्षता में नरवाई जलाने की घटनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी एसडीएम एवं एसडीओपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक के दौरान नरवाई जलाने के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। नरसिंहगढ़ एसडीएम एवं एसडीओपी के कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए गए कि नरवाई जलाने के मामलों में अधिक से अधिक एफआईआर दर्ज की जाए तथा दोषियों पर सख्त आर्थिक दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उप संचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि वे सप्ताह में तीन दिन एसएडीओ को अनिवार्य रूप से मैदानी निरीक्षण हेतु भेजें, जिससे नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। बैठक में जिले के बाहर से लाई गई हार्वेस्टर मशीनों की जानकारी भी ली गई, जिनका उपयोग नरवाई प्रबंधन हेतु किया जा रहा है। नरवाई जलाने की घटनाओं की सैटेलाइट से प्राप्त जानकारी का गहन विश्लेषण किया गया। सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि वे पटवारियों को अनिवार्य रूप से मौके पर भेजें एवं प्रत्येक घटना की सही एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि नरवाई जलाने के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षकों की पात्रता परीक्षा बाध्यता एवं वरिष्ठता हेतु जिला प्रशासन को सौपा ज्ञापन



**राजगढ़-ब्यावरा।** राजगढ़ जिला मुख्यालय पर स्थित खिलचीपुर नाका नंबर 3 पर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में जिले के सैकड़ों शिक्षकों ने उपस्थित होकर सर्वोच्च्य न्यायालय के पालन में शिक्षकों की पात्रता परीक्षा बाध्यता समाप्त करने एवं प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि अनुसार वरिष्ठता प्रदान करने हेतु धारण प्रदर्शन कर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौपा, शिक्षकों की नौकरी पर आन पढ़ी है ओर उनकी रोजी रोटी का सवाल है साथ ही उनकी शून्य की गई सेवा अवधि का लाभ वरिष्ठता में मिले आदि मुद्दों को लेकर प्रदेश प्रतिनिधि रामचरण वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 मार्च को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का गठन कर मध्यप्रदेश संयुक्त मोर्चा ने त्रिस्तरीय कार्यक्रम जारी किया जिसके प्रथम चरण में आज 8 अप्रैल को सम्पूर्ण प्रदेश में टीईटी शिक्षा पात्रता परीक्षा की बाध्यता समाप्त करने और नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने हेतु प्रशासन को ज्ञापन सौपा, द्वितीय चरण में ब्लॉक स्तर पर 11 अप्रैल और 18 अप्रैल 2026 को राजधानी भोपाल में प्रदर्शन कर शासन को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा, जिसमे शिक्षकों के हितों शासन पुनर्विचार याचिका दायर कर भारत शासन को अध्यादेश लाने हेतु पत्र लिखे और शिक्षकों की 20 वर्ष की सेवा अवधि का लाभ नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के आदेश कर सेवानिवृत्ति या दिवंगत पर समस्त लाभों का भुगतान करे।

## राजेंद्र गोयल सहायक शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित



**महिदपुर।** शा.प्रा.वि. मेढकी के सहायक शिक्षक राजेन्द्र कुमार गोयल की सेवानिवृत्ति पर ग्राम भीमाखेड़ा में पटवारी एवं शिक्षकों के द्वारा भव्य विदाई समारोह का कार्यक्रम रखा गया जिसमें पूर्व सेवानिवृत्ति पहलादसिंह चौहान और ब्रजकिशोर पाठक का भी विदाई समारोह में शाल, श्रीफल एवं पुष्प मालाओं से अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर विभिन्न मित्र मंडली के द्वारा अपने-अपने विचार रखे गए कार्यक्रम का संचालन अशोक पाठक पूर्व प्रधानाध्यापक के द्वारा किया गया। आभार देवेंद्र पालीवाल पटवारी साहब के द्वारा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पटवारी संघ में पप्पू पालीवाल, भूपेंद्र शर्मा, नरेंद्र राठौड़, महेंद्र पटवारी एवं पूर्व जनपद सदस्य पटेल हरिसिंह बिनपुरा, ओंकारसिंह ठाकुर कड़ाई, पुष्पेंद्रसिंह पंवार कढ़ाई एवं शिक्षक संगठन में रामचंद्र शर्मा, जयराम गहलोत, दिलीप बोथरा, ,रामचंद्र परोलिया, अनिल त्रिवेदी, भगवानसिंह चौधरी, शोभाराम राठौर एवं अन्य मित्र मंडल उपस्थित थे कार्यक्रम के पश्चात सहभोज का आयोजन भी रखा गया।

## खरमास खत्म, अब 16 से शादियों के मुहूर्त होंगे शुरू

**सारंगपुर।** खरमास की समाप्ति के साथ मांगलिक कार्यों की रौनक लौटेगी। 16 अप्रैल से विवाह के मुहूर्त शुरू होंगे। यह क्रम जुलाई मध्य तक चलेगा। ज्योतिषियों के अनुसार अप्रैल से जुलाई के बीच शादियों के 35 से ज्यादा श्रेष्ठ मुहूर्त हैं। इसी माह 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया का अबूझ मुहूर्त रहेगा। इस दिन बिना पंचांग देखे शादियां होंगी। पंडित पवन पारीक ने बताया, इस साल वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ मास में विवाह के लिए पर्याप्त शुभ तिथियां हैं। 16 अप्रैल को पहला बडा मुहूर्त रहेगा। इस दिन स्वाति नक्षत्र, आनंद योग का संयोग रहेगा। इसे सीजन का पहला सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त माना गया है। सबसे खास दिन 20 अप्रैल रहेगा।

### खेलें तो कहाँ... न मैदान न सुविधाएं, उपेक्षित हो रही प्रतिभाएं

# शहर के खेल मैदानों की स्थिति बदहाल, मंडी पार्किंग में खेलना मजबूरी, सुरक्षा को भी खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

नगर में खेल के मैदानों की भारी कमी और बदहाली से खिलाडियों के भविष्य किए किसी संकट से कम नहीं है। उचित खेल मैदान सहित संसाधनों की कमी है, जिससे प्रतिभाएं उपेक्षित रही है। शहरीकरण, अतिक्रमण और रखरखाव के अभाव में कई मैदान नष्ट हो चुके है। नतीजतन, खिलाडी कांक्रीट के बीच, ऊबड-खाबड जमीन या दूर-दराज के स्थानों पर अभ्यास करने को मजबूर है। खेलने के लिए सर्वसुविधायुक्त मैदान, इनडोर स्टेडियम सहित आधुनिक संसाधनों की जरूरत है, लेकिन ये सब देगा कौन? इसका जवाब ना उन जनप्रतिनिधियों के पास है, जो विकास के नाम पर खुद का महिमा मंडन करते है ना प्रशासन के पास। युवाओं की प्रतिभाओं को संसाधनों की कमी खल रही है।

### युवाओं को नहीं मिल रही सुविधाएं

क्षेत्र में आज भी ऐसी प्रतिभाएं मौजूद है, जिनमें राष्ट्रीय स्तर पर उम्दा प्रदर्शन करने की क्षमता है, लेकिन खेल मैदान और संसाधनों के अभाव में उनकी प्रतिभाएं अपना जौहर नहीं दिखा पा रही है। खिलाडियों का कहना है कि बेहतर अभ्यास और प्रतियोगी माहौल न मिलने की वजह से उनका प्रदर्शन स्थानीय स्तर तक ही सिमट रहा है।



### अभ्यास में कठिनाई आ रही, कोई मदद नहीं

युवाओं ने बताया कि नगर में एक भी सुव्यवस्थित खेल मैदान नहीं होने से अभ्यास करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पडता है। फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, कबड्डी जैसे खेलों के इच्छुक युवा छोटे-छोटे खाली स्थानों या खेतों में अभ्यास करने को मजबूर है, जहां न तो समतल मैदान है और न ही खेल उपकरणों की व्यवस्था है। नगर सहित विधानसभा में हजारों युवा खेलों के प्रति रुचि रखते हैं, लेकिन प्रतिदिन सुविधाओं की कमी खल रही है।

### क्रिकेट के अलावा कोई अन्य खेल नहीं

नगर के युवा क्रिकेट के अलावा कोई खेल नहीं खेलते। ऐसा नहीं है कि यहां के युवा अन्य खेल खेलना पसंद नहीं करते है, लेकिन व्यवस्थित मैदान की कमी और अन्य सुविधाएं नहीं होने से क्रिकेट के अलावा हॉकी, फुटबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वालीबॉल सहित एथलेटिक्स जैसी शानदार खेल प्रतिभाएं अपना दम तोड रहे हैं। जन प्रतिनिधियों को ये देखना होगा कि खिलाडियों के लिए भी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद करें।

### वाहनों के पार्किंग स्थल पर क्रिकेट

कृषि उपज मंडी के अंदर सुबह शाम बच्चे और युवा क्रिकेट खेलने के लिए पहुंच जाते हैं। खास बात है कि उक्त मैदान खेलने के लिए नहीं, बल्कि कृषि उपज मंडी के वाहनों को खडा करने के लिए है, लेकिन अन्य मैदान नहीं होने पर खिलाडी यहां पर खेलते है। यहां व्यापारियों के वाहन मैदान के बीच से ही निकलते है, जिससे हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। नगर की चारों दिशाओं में कोई भी समतल खेल मैदान नहीं है। हालांकि उत्कृष्ट स्कूल के दशहरा मैदान पर खेल मैदान है किंतु गंदगी, उबड खाबड सहित मैदान अतिक्रमण की चपेट में होने के कारण यहां खिलाडियों को परेशानी का सामना करना पडता है। वहीं एक मैदान मुख्य नगर से बाहरी क्षेत्र उपजैल के सामने में है।

### स्कूल में मैदान नहीं होने से बच्चों को दिक्कत

शारीरिक विकास में बाधाः खेल मैदान के अभाव में बच्चे शारीरिक गतिविधियां दौडना, कूदना नहीं कर पाते, जिससे बच्चे मोटापा, सुस्ती और शारीरिक कमजोरी का शिकार हो सकते हैं।

मानसिक तनाव और एकाग्रता में कमीः खेल बच्चों के मानसिक तनाव को कम करते हैं। मैदान नहीं होने से बच्चे पढाई के तनाव से मुक्त नहीं हो पाते, जिससे उनकी एकाग्रता कम हो सकती है। सामाजिक कौशल का विकास नहीं होनाः खेल के मैदान में ही बच्चे मिल-जुलकर खेलना, टीम वर्क, अनुशासन सीखते हैं। मैदान नहीं होने से कमी रह जाती है।

प्रतिभा को निखारने का अवसर नहीं मिलनाः कुछ बच्चे खेलों में बहुत अच्छे होते हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव में उनकी प्रतिभा दब जाती है और वे खेलों के क्षेत्र में केरियर नहीं बना पाते हैं। अनुशासनहीनता और बोरियतः खेल नहीं खेलने से बच्चों की ऊर्जा सही दिशा में खर्च नहीं होती, जिससे कक्षा में एकाग्रता कम होती है और वे कक्षा के समय में अनुशासनहीनता कर सकते हैं।

**बोले जिम्मेदार**

खेल एवं युवा कल्याण विभाग का खेल मैदान नहीं है। सारंगपुर में आकोदिया रोड पर जो स्टेडियल बना हुआ है वह भी हमें हैंडओंवर नहीं हुआ है।

**शर्मिला डावर, उपसंचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, राजगढ़।**

## फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 6 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ माचलपुर




राजगढ़ जिले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत माचलपुर पुलिस ने 6 आरोपी गिरफ्तार किये। फरियादी डॉ.सुनील चौरसिया, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जीरापुर ने प्रस्तुत आवेदन के आधार पर माचलपुर में अपराध प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी अर्जुन बैरागी रामगढ़ अस्पताल में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था फरवरी 2026 में पीएचसी रामगढ़ में एक भी डिलीवरी नहीं हुई, इसके बावजूद आरोपी द्वारा 137 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए। संबंधित जन्म प्रमाण पत्रों के लिए कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ। कई प्रमाण पत्र 01अप्रैल 2007 के पूर्व बनाए गए, जो कि शासकीय अस्पताल द्वारा जारी नियम विरुद्ध है। कई प्रमाण पत्र अन्य राज्यों राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश के व्यक्तियों के बनाए गए। कई प्रमाण पत्र 1950 से 1980 के मध्य के पाए गए, जबकि उस समय उक्त केन्द्र में डिलीवरी नहीं होती थी। सीआरएस पोर्टल पर फर्जी दस्तावेज स्कैन कर अपलोड किए गए। संबंधित मेडिकल ऑफिसर को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। जांच में पाया गया कि उक्त कार्य रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी के माध्यम से किया गया. मुख्य आरोपी द्वारा बताया गया कि आधार कार्ड में नाम, जन्मतिथि संशोधन कराने के लिए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाते थे। लोकसेवा केन्द्र, आधार सेंटर एवं एमपी ऑनलाइन संचालकों के माध्यम से ग्राहकों को जोड़ा जाता था। संबंधित व्यक्तियों की जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जाती थी। बिना किसी वैध दस्तावेज के सीआरएस पोर्टल पर एंट्री कर प्रमाण पत्र जारी किए जाते थे। प्रति प्रमाण पत्र 500 से 1000 रुपये तक लिए जाते थे आरोपी के द्वारा लगभग 250 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाना और करीब 35,000 रुपये अवैध लाभ अर्जित करना स्वीकार किया गया। आरोपी अर्जुन पिता रमेशचंद्र बैरागी, निवासी ग्राम लखौनी माचलपुर, देवीलाल पिता गंगाराम गुर्जर कचनारिया, गिरिराज पिता हरिसिंह मीणा, निवासी दुपाड़िया जीरापुर, पवन पिता प्रेम सिंह राठौड़, निवासी धत्रवाड़ा जीरापुर, जसवंत गुर्जर एवं भगवान सिंह गुर्जर, निवासी फिरोजपुर माचलपुर, सोनू पिता देवीलाल शर्मा, निवासी राजपुरा माचलपुर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से फर्जी प्रमाण पत्र बनाने में प्रयुक्त मोबाइल फोन, पीएचसी रामगढ़ का कंप्यूटर सिस्टम बरामद किये। प्रकरण में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की जांच जारी है एवं वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### किसान के गेहूं खरीदी में विलम्ब से हाहाकार

## किसान, बाजार, मजदूर बहुत बेहाल - नवलखा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

गेहूं की फसल आये लगभग 1 माह से ज्यादा समय हो गया। लाचार, बेबस व मजबूर किसान हाल बेहाल होकर आज निराश होकर अपना लेनदेन नहीं कर पा रहा है व अपने परिवार की आवश्यकता की पूर्ति नहीं कर पा रहा है। बेमौसम वर्षा से भयभीत किसान ने फसल खराब होने के डर से गीले गेहूं घरों में भर लिये है जिससे गेहूं खराब होने का अंदेशा प्रबल हो गया है। सरकार को किसानों की चिंता व व्यवस्था की तनीक भी फिक्र नहीं होने के कारण समर्थन मूल्य की खरीदी की दिनांक चार बार बढ़ाने व घटाने के बाद भी खरीदी नहीं कर सकी है। जनचर्चा प्रबल हो रही है कि सरकार भावांतर में किसानों को धकेल सकती है। गेहूं की बिकवाली न होने से मजदूरों की मजदूरी किसान देने में विलम्ब होने से मजदूर की स्थिति खराब होकर अपनी व्यवस्था चौपट कर चुका है वहीं किसान की अर्थव्यवस्था भी चैपट हो गई है। कपड़ा, किराना, सोना चांदी, रेडीमेड व अन्य प्रमुख बाजार में भयंकर सन्नाटा बना है। सरकार को ग्रामीण व शहरी अर्थव्यवस्था को चौपट करने वाली निति को मजबूती प्रदान नहीं करने हेतु समय पर कारगर व सख्त कदम उठाने की पहल करना चाहिये। म.प्र. कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक नवलखा ने राज्य सरकार की निति की तीव्र निंदा करते हुए किसान मजदूर व व्यापारी पर हो रहे वज्रपात की आलोचना करते हुए किसानों को बेहाल कर लूटने व नुकसान होने से बचाने तथा सम्पूर्ण म.प्र. में भी 9 अप्रेल से खरीदी प्रारम्भ करने की मांग की है।

## प्रवचन के दौरान संत ने बताया आयुकर्म का महत्व

**सुसनेर।** दिगंबर जैन संत आचार्य विद्या सागर जी के शिष्य मुनि श्री श्रमण सागर जी ने आठ कर्मो में से एक आयुकर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि आठ कर्म होते है,जिसमे आयुकर्म की व्यवस्था अलग है। देव, मनुष्य, तिर्यंच और नरक चार प्रकार की गति होती है। जीवन के दो-तिहाई बीत जाने पर, जब एक -तिहाई हिस्सा शेष रहता है, तब अगली आयु का बंध होता है।

## युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला 16 अप्रैल को

**शाजापुर।** मध्यप्रदेश शासन की मंशा अनुसार एवं कलेक्टर के निदेर्शानुसार जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला उद्योग केंद्र एवं म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत शाजापुर द्वारा 16 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक शासकीय आई टी आई शाजापुर में एक ही छत के नीचे युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले में आमंत्रित निजी क्षेत्र की कंपनियों के द्वारा सेल्समैन, ट्रेनी, सेल्स एवं मार्केटिंग, वर्कर, हेल्पर, मशीन आपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, सहायक हेल्पर, एक्जुक्यटिव फिल्ड ऑफिसर, बीमा सलाहकार, आदि पदों पर कम्पनियों के रिक्त लगभग 200 से अधिक पदों पर रोजगार प्रदान करने के लिए कंपनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारंभिक चयन करेंगें। रोजगार मेले में कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट एवं आईटीआई उत्तीर्ण एवं 18 से 40 वर्ष तक के आयु के आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, रिज्यूम, के साथ युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले में आकर चयन के लिए साक्षात्कार दे सकते हैं।

## सोशल मीडिया पर रील्स के जरिए युवतियों को बना रहे निशाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर युवाओं में रील्स बनाने का जबरदस्त क्रेज देखा जा रहा है। खासतौर पर इंस्टाग्राम पर सक्रिय कुछ युवक आकर्षक और ट्रेंडिंग रील्स बनाकर तेजी से फॉलोअर्स बढ़ा रहे हैं। इसी के साथ अब इन रील्स के जरिए युवतियों से संपर्क साधकर उन्हें अपने प्रभाव में लेने की चर्चाएं भी सामने आने लगी हैं। जिससे समाज में चिंता का माहौल बन गया है।

स्थानीय स्तर पर लोगों का कहना है कि कुछ युवक पहले मनोरंजक और स्टाइलिश रील्स बनाकर अपनी ऑनलाइन पहचान मजबूत करते हैं। इसके बाद वे फॉलोअर्स के माध्यम से युवतियों से बातचीत शुरू करते हैं और धीरे-धीरे व्यक्तिगत संपर्क स्थापित करने का प्रयास करते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में युवतियों को भावनात्मक रूप से प्रभावित करने की आशंका जताई जा रही है। जिसे लेकर अभिभावक वर्ग खासा चिंतित नजर आ रहा है। हालांकि इस संबंध में अब तक सुसनेर थाने में किसी भी प्रकार की औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। लेकिन चर्चाओं और अन्य शहरों में सामने आए मामलों को देखते हुए यह विषय गंभीर होता जा रहा है।

कई सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। गौरतलब है कि देश के विभिन्न हिस्सों में सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग और मानसिक उत्पीड़न जैसे मामले सामने आ चुके हैं। ऐसे में सुसनेर क्षेत्र में भी इस तरह की गतिविधियों की चर्चा लोगों को सतर्क कर रही है। अभिभावक अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने की बात कह रहे हैं। समाज के जिम्मेदार लोगों का कहना है कि सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है। जिसका उपयोग सकारात्मक कार्यों और प्रतिभा प्रदर्शन के लिए किया जाना चाहिए लेकिन इसके दुरुपयोग से सामाजिक और व्यक्तिगत दोनों स्तर पर नुकसान हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखी जाए और समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को सही दिशा दी जाए।

**इनका कहना**

इस प्रकार की कोई शिकायत अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। यदि कोई शिकायत सामने आती है तो पुलिस द्वारा तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपील है कि वे सोशल मीडिया का उपयोग सावधानीपूर्वक करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

**अक्षय सिंह बेस, थाना प्रभारी सुसनेर**

## नवनीत सोनी मेढ क्षेत्रीय स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष बने

**सुसनेर।** मेढ क्षेत्रीय स्वर्ण समाज की बैठक श्री राधा कृष्ण मंदिर स्वर्णकार समाज के मन्दिर में रखी गई



जिसमें नवनीत सोनी अध्यक्ष मनोनीत किए गए। पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी मेढ क्षेत्रीय स्वर्ण कार समाज के जिला अध्यक्ष मांगीलाल सोनी, जिला के उपाध्यक्ष गोविंद सोनी ,नगर अध्यक्ष अशोक सोनी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी,युवा अध्यक्ष नवनीत सोनी, अजमेड सेना के युवा अध्यक्ष, दीपक सोनी,किशन लाला सोनी रामेश्वर सोनी ,सत्यनारायण सोनी, रमेश सोनी, आदि समाज जनों की उपस्थिति में सर्व सम्मति से समाज का अध्यक्ष मनोनीत किया जाए ऐसा प्रस्ताव नगर अध्यक्ष अशोक सोनी द्वारा रखा गया , जिसका समर्थन करते हुए जिला अध्यक्ष मांगीलाल सोनी ने समर्थन करते हुए समाज जनों का मार्गदर्शन किया।


## अ भा पोरवाल युवा संगठन की नगर कार्यकारिणी का हुआ गठन



**महिदपुर रोड़।** नगर में अ भा पोरवाल युवा संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन शेषशायी विष्णु मंदिर पोरवाल परिसर में समाज जनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। युवा संगठन के नगर अध्यक्ष संदीप - अनोखीलाल फरक्या द्वारा रुपरेखा प्रस्तुत की तथा नगर कार्य कारिणी सर्व सम्मति से गठन किया गया। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के पद पर रोहित कारा, अक्षय कामरिया सचिव रोमिल कामरिया, कोषाध्यक्ष प्रतीक फर क्या अध्यक्ष प्रतिनिधि - दयाशंकर पोरवाल महामंत्री मनोहर फर क्या, संगठन मंत्री - अशोक काम रिया, पंकज फरक्या (चिल्ड वाटर), सांस्कृतिक मंत्री - पंकज महांकाल, आयुष मांदलिया, सह सचिव - अंकित भेंसौटा, सह मीडि या प्रभारी - जयंत पोरवाल, पलकेश, संरक्षक - विजय पोरवाल, प्रवीण चौधरी, पल्लव पोरवाल, अनिल मांदलिया को मनोनीत किया इस दौरान पोर वाल समाज के अध्यक्ष शिवनारायण काला, मधुसूदन फरक्या, अशो क पोरवाल (शिक्षक) ,अशोक धनो तिया (भगत) धीरज मांदलिया, तेजमल पोरवाल, राकेश सेठिया उपस्थित रहे।

## एनकेडी की उपाधि से सम्मानित

**महिदपुर।** दाउदी बोहरा समाज के कासम अली हातिम



अली बोहरा (किराना व्यवसायी) को विगत दिनों समाज के धर्मगुरु सैयदना साहब द्वारा एनकेडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। समाजजन, परिवारजन एवं ईष्ट मित्रों ने उन्हे बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## इम्तियाज शेख भल्लू शहर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नियुक्त

**देवास।** पूर्व पार्षद पूर्व ,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस



नेता इम्तियाज शेख भल्लू को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी पूर्व केंद्रीय मंत्री पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष शौकत हुसैन की अनुशंसा पर शहर जिला कांग्रेस का उपाध्यक्ष नियुक्त किया। भल्लू भाई की नियुक्ति पर कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

बॉक्स ऑफिस पर 'धुरंधर 2' अभी भी शानदार प्रदर्शन कर रही है। इस बीच अब फैंस को फिल्म के ओटीटी रिलीज का भी इंतजार है। जानिए कब और कहां रिलीज होगी 'धुरंधर 2'...

# सिनेमाघरों के बाद अब 'धुरंधर 2' के ओटीटी रिलीज का इंतजार



रणवीर सिंह की 'धुरंधरः द रिवेंज' रिलीज के 22 दिनों बाद भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म लगातार कमाई के नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है। लेकिन अगर अब तक आप सिनेमाघरों में फिल्म देखने से चूक गए हैं, तो अब आपके पास घर बैठे इसे देखने का मौका भी आने वाला है। क्योंकि सिनेमाघरों के बाद अब 'धुरंधर 2' ओटीटी पर रिलीज को तैयार है।

### जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम करेगी 'धुरंधर 2'

19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'धुरंधर 2' का फैंस ओटीटी पर आने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक मेकर्स ने फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट जारी नहीं की है। लेकिन फिल्म के प्रोमो और पोस्ट से ये पता चलता है कि 'धुरंधर 2' की स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म जियोहॉटस्टार पर होगी। पोस्टर में जियोहॉटस्टार का लोगो है, जिससे पता चलता है कि सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद फिल्म इस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी।

### मई-जून में ओटीटी पर दस्तक दे सकती है फिल्म

फिल्म तीसरे सप्ताह में भी सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर रही है। आमतौर पर फिल्में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने से पहले आठ सप्ताह तक सिनेमाघरों में चलती हैं। अगर 'धुरंधर 2' भी इसी पैटर्न का पालन करती है, तो जियोहॉटस्टार पर इसकी डिजिटल रिलीज मई के बीच में होने की उम्मीद है।

ओटीटी लॉन्च में एक या दो सप्ताह की देरी भी हो सकती है, जिससे रिलीज मई के आखिरी सप्ताह या जून की शुरूआत में हो सकती है। फिल्म को घर बैठे देखने का इंतजार कर रहे लोगों को फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट सामने आने का इंतजार है। 'धुरंधर 2' के सैटेलाइट राइट्स स्टार गोल्ड ने हासिल कर लिए हैं।

### भारत में 1000 करोड़ के पार हो चुकी है 'धुरंधर 2'

रिलीज के 22 दिनों के भीतर ही 'धुरंधर 2' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1041.27 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर लिया है। जबकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन में भी फिल्म लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है और 1,653.67 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर चुकी है।

# अनंत अंबानी के जन्मदिन पर लगे ब्लड डोनेशन कैंप में पहुंचीं शहनाज गिल




अभिनेत्री शहनाज गिल हाल ही में एक ब्लड डोनेशन कैंप में पहुंचीं। इस कैंप का आयोजन अनंत अंबानी के जन्मदिन के अवसर पर किया गया है।

नामी बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी का 10 अप्रैल को जन्मदिन है। मगर, इसका जश्न अभी से शुरू हो गया है। उनके जन्मदिन का आयोजन जामनगर में होने वाला है। तमाम फिल्मी हस्तियां भी इस सेलिब्रेशन में हिस्सा ले रही हैं। अंबानी परिवार सामाजिक कार्यों के लिए भी जाना जाता है। कोई भी मौका हो, वे समाज सेवा से पीछे नहीं हटते, लिहाजा लोग भी उन्हें खूब प्यार करते हैं। आज अनंत अंबानी के बर्थडे के मौके पर रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। यहां एक्ट्रेस शहनाज गिल भी पहुंचीं।

### अलग-अलग अंदाज में अनंत अंबानी का जन्मदिन मना रहे फैंस

अनंत अंबानी के जन्मदिन पर जामनगर में भव्य आयोजन हो रहा है। सेलेब्स पहुंच रहे हैं। अंबानी परिवार, खासकर अनंत अंबानी समाज सेवा से जुड़े काम भी खूब करते हैं। आज जब अनंत का जन्मदिन है, तो उन्हें चाहने वाले लोग देश के अलग-अलग हिस्सों में अपने-अपने अंदाज में उनका जन्मदिन मना रहे हैं। कही हवन हो रहा है, तो कहीं जरूरतमंदों को भोजन कराया जा रहा है। इसी कड़ी में रक्त दान शिविर भी आयोजित हुआ है। यहां शहनाज गिल भी नजर आईं।

### शहनाज के अंदाज ने जीता दिल

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में शहनाज गिल को ब्लड डोनेशन कैंप में जाते देखा जा सकता है। अभिनेत्री ने वहां लोगों को पुरस्कृत भी किया। इसके बाद उन्होंने फैंस से मुलाकात की और तस्वीरें क्लिक कराईं। शहनाज बड़ी विनम्रता के साथ लोगों से मिलीं। उनके इस अंदाज ने लोगों का दिल जीत लिया। ग्रीन कलर रेड ड्रेस में वे बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

### जामनगर में अनंत के जन्मदिन का जश्न

अनंत अंबानी का 10 अप्रैल को जन्मदिन है। अनंत के बर्थ डे सेलिब्रेशन में कई बॉलीवुड सितारे गुजरात के जामनगर पहुंच रहे हैं। शाहरुख खान से लेकर और रणवीर सिंह अनंत अंबानी के बर्थ डे सेलिब्रेशन में शिरकत कर रहे हैं। अनन्या पांडे, ओरी और शनाया पूर जैसे सेलेब्स भी जन्मदिन के जश्न में हिस्सा लेंगे।

# रश्मिका मंदाना को जन्मदिन पर पिता ने दिया उपहार, इमोशनल हुई एक्ट्रेस



रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा मार्च महीने में ही शादी के बंधन में बंधे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना 30वां जन्मदिन भी मनाया है। शादी के बाद यह जन्मदिन उनके लिए खास है क्योंकि विजय पति के तौर पर उनके साथ हैं। वहीं रश्मिका के पिता ने भी एक कीमती उपहार जन्मदिन पर दिया है। यह उपहार इस वक्त चर्चा का विषय बन चुका है। जानिए, रश्मिका को पिता से उपहार में क्या मिला है।

### पिता ने उपहार में दिया करोड़ों का बंगला

रश्मिका मंदाना के जन्मदिन के जश्न को उनके पिता ने खास बना दिया। एक्ट्रेस के होमटाउन विराजपेट के पास एक खास पारिवारिक मिलन समारोह में उन्होंने घोषणा की कि वह अपनी बेटी को एक खूबसूरत बंगला तोहफे में दे रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स अनुसार विराजपेट के पास स्थित इस प्रॉपर्टी का नाम 'सेरेनिटी' रखा गया है।

### गिफ्ट पाकर रश्मिका हो गई इमोशनल

रश्मिका के पिता की घोषणा से परिवार का हर सदस्य खुश था। वहीं पिता से इतना प्यारा और कीमती उपहार पाकर रश्मिका मंदाना काफी इमोशनल हो गईं। सूत्रों के अनुसार रश्मिका की आंखें नम थीं। बाद में वह इस उपहार को पाकर खुश भी हुईं। अब वह अपने होमटाउन में रह सकेंगी और यहां पर नई यादें बना सकेंगी।


### रश्मिका मंदाना इन फिल्मों में आएंगी नजर

रश्मिका मंदाना अपने पति विजय देवरकोंडा के साथ एक फिल्म 'रणबाली' कर रही हैं। वहीं वह शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ 'कॉकटेल 2' में भी नजर आएंगी। हाल ही में इस फिल्म के पोस्टर रिलीज हुए, जिसमें रश्मिका का लुक भी रिवील हुआ।




अफगानिस्तान और भारत के बीच जून में एक टेस्ट मैच की सीरीज होनी है। लेकिन इससे पहले अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान ने संकेत दिए हैं कि वह इस मैच का हिस्सा नहीं बन पाएंगे।

# भारत के खिलाफ टेस्ट मैच से बाहर रह सकते हैं राशिद खान, क्यों लाल गेंद प्रारूप से बना रहे दूरी?



अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान ने भारत के खिलाफ जून में होने वाले एकमात्र टेस्ट में खेलने पर संदेह जताया है। उनका कहना है कि लाल गेंद क्रिकेट उनकी लंबी करियर की संभावनाओं के लिए जोखिम भरा हो सकता है। राशिद फिलहाल आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अफगानिस्तान को जून में न्यू चंडीगढ़ में भारत के खिलाफ टेस्ट मैच खेलना है, लेकिन राशिद ने स्वीकार किया कि इस मैच में उनके खेलने की संभावना कम है।

### राशिद बोले- डॉक्टर ने टेस्ट प्रारूप से दूर रहने की दी है सलाह

राशिद ने कहा, मैं पहले भी एक टेस्ट खेल चुका हूं। मैं बस आराम से खेलूंगा। मैं नहीं चाहता कि मेरी पीठ में कोई इंजरी हो। मैं 100 टेस्ट मैच नहीं खेल सकता। लाल गेंद प्रारूप का क्रिकेट थोड़ा मुश्किल है क्योंकि मेरे डॉक्टर ने मुझसे कहा था कि इससे दूर रहो। फिर भी मैंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 67 ओवर फेंके, जिससे डॉक्टर हैरान रह गए। वनडे क्रिकेट मुझे पसंद है और मेरा ध्यान इस फॉर्मेट पर है। मैं इसमें लंबे समय तक खेल सकता हूं। लाल गेंद क्रिकेट को सीमित रखना पड़ेगा। साल में एक टेस्ट है तो मैं उसे खेल लूंगा, लेकिन उससे ज्यादा मैनेज करना मुश्किल होगा।

राशिद ने कहा कि अगर वह टीम का हिस्सा हैं तो उन्हें पूरे दिन गेंदबाजी करनी पड़ेगी। राशिद ने कहा, 'मुझे सावधानी बरतना है और खुद को वनडे विश्व कप के लिए तैयार करना है।' दिग्गज लेग स्पिनर के बयान से स्पष्ट हो गया है कि भविष्य में वह अपना फोकस वनडे पर रखना चाहते हैं। राशिद ने अब तक अफगानिस्तान के 12 टेस्ट में सिर्फ छह में हिस्सा लिया है और आखिरी बार जनवरी 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो में खेला था। 2023 वनडे विश्व कप के बाद उनकी पीठ की सर्जरी ने लाल गेंद क्रिकेट में उपलब्धता सीमित कर दी है।

# धीमी ओवर गति के लिए गुजरात के कप्तान शुभमन गिल पर हुई कार्रवाई, लगा जुर्माना



**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए कार्रवाई की गई है। गिल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। गुजरात ने दिल्ली के खिलाफ रोमांचक मुकाबला एक रन से अपने नाम किया था। गुजरात की मौजूदा आईपीएल सीजन में यह पहली जीत है। लेकिन अब गुजरात के कप्तान पर जुमार्ना भी लग गया है।

आईपीएल ने एक बयान में कहा, गुजरात के कप्तान गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के 14वें मैच में धीमी ओवर गति को लेकर जुमार्ना लगाया गया है। यह मौजूदा सीजन में टीम आईपीएल की आचार संहिता 2.22 का पहला उल्लंघन था जिस कारण उन पर न्यूनतम कार्रवाई की गई है। इसी कारण गिल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

### गुजरात की करीबी जीत

प्रसिद्ध कृष्णा की अंतिम ओवर में की गई शानदार गेंदबाजी और डेविड मिलर की एक गलती से गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 के मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को एक रन से हराया। गुजरात की आईपीएल में रनों से लिहाज से ये सबसे कम अंतराल से जीत है। बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में गुजरात ने 20 ओवर में चार विकेट पर 210 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 209 रन ही बना सकी।

दिल्ली की टीम आईपीएल में पहली बार एक रन से नहीं हारी है। यह चौथी बार है जब टीम को एक रन के अंतराल से हार मिली है। दिल्ली कैपिटल्स को इससे पहले 2015 में चेन्नई सुपर किंग्स, 2016 में गुजरात लायंस और 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों एक रन से हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के अलावा किसी टीम ने एक रन के अंतराल से इतने मैच नहीं गंवाए हैं।

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन) मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**आवश्कता हैं**
उद्योगपुरी क्षेत्र हेतु सिक्योरिटी गार्ड, चौकीदार, हाउस कीपर, कंप्यूटर ऑपरेटर
संपर्क उज्जैनः 9893374872

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### कुत्तों को लेकर विवाद, पड़ोसी पर डॉग छोड़ने का केस दर्ज, चार साल का बच्चा घायल

**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र में कुत्तों को लेकर पड़ोसियों के बीच विवाद बढ़ गया। एक महिला ने पड़ोसी पर अपने कुत्ते से उसके 4 साल के बेटे को कटवाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अभिव्यक्ति पाटीदार (35), निवासी ट्रेजर फैंटेसी केट रोड, की शिकायत पर बुधवार को पंकज माखीजा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया कि आरोपी पंकज माखीजा अपने घर के बाहर 7-8 कुत्तों को रखता है और उन्हें खाना खिलाता है। आरोप है कि ये कुत्ते आसपास गंदगी करते हैं और राहगीरों पर भौंकते हैं, जिससे क्षेत्रवासियों को परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने पहले भी आरोपी को कई बार कुत्तों को नियंत्रित रखने के लिए कहा था, लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया। अभिव्यक्ति पाटीदार ने बताया कि जब उन्होंने कुत्तों को संभालने की बात कही तो आरोपी डंडा लेकर आ गया और अपशब्द कहे। आरोप है कि उसने अपने कुत्ते को 4 साल के दिव्याक्ष पर छोड़ दिया, जिससे कुत्ते ने बच्चे के पीछे के हिस्से में काट लिया। घटना के बाद बच्चे को इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद पशु संरक्षण से जुड़ी एक संस्था ने भी रहवासियों के खिलाफ शिकायत करने की बात कही है।

### तकनीकी खराबी से इंडिगो की अहमदाबाद फ्लाइट कैंसिल

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर गुरुवार सुबह यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अहमदाबाद-इंदौर रूट की इंडिगो फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण अचानक रद्द कर दी गई। वहीं स्टार एयर ने भी मुंबई और गोंदिया की उड़ानें निरस्त कर दीं, जिससे एयरपोर्ट पर हंगामे की स्थिति बन गई। इंडिगो की फ्लाइट 6ए-7173 अहमदाबाद से सुबह 8.10 बजे इंदौर आती है और 6ए-7174 बनकर 8.45 बजे वापस जाती है। लेकिन अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उड़ान से पहले ही तकनीकी खराबी सामने आई। इंजीनियरिंग जांच के बाद विमान को उड़ान के लिए असुरक्षित मानते हुए दोनों फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। अहमदाबाद जाने वाले यात्री सुबह 7 बजे से एयरपोर्ट पहुंच चुके थे। चेक-इन के दौरान अचानक फ्लाइट कैंसिल होने की जानकारी मिलने पर यात्रियों ने नाराजगी जताई। यात्रियों ने कनेक्टिंग फ्लाइट्स और जरूरी काम छूटने की शिकायत की। कुछ यात्रियों ने हंगामा भी किया। स्थिति बिगड़ने पर अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर यात्रियों को रिफंड, रिबुकिंग या अन्य फ्लाइट्स का विकल्प दिया, तब जाकर मामला शांत हुआ। पिछले कुछ दिनों से स्टार एयर की फ्लाइट्स लगातार निरस्त हो रही हैं, जिससे यात्रियों का भरोसा प्रभावित हो रहा है। खासकर बिजनेस और मेडिकल इमरजेंसी वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है। फिलहाल एयरपोर्ट प्रबंधन ने अन्य उड़ानों के सामान्य संचालन का दावा किया है, लेकिन यात्रियों में अब भी अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर आज सुबह यात्रियों को भारी परेशानी और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा। अहमदाबाद से इंदौर आने वाली और यहाँ से वापस जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान तकनीकी खराबी के कारण अचानक निरस्त कर दी गई। इसके अलावा स्टार एयर ने भी अपनी मुंबई और गोंदिया की उड़ानों को रद्द कर दिया, जिससे नाराज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। विमानतल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ए-7173 सुबह 8.10 बजे अहमदाबाद से इंदौर आती है और यही विमान 6ए-7174 बनकर सुबह 8.45 बजे वापस अहमदाबाद के लिए उड़ान भरता है। आज सुबह अहमदाबाद एयरपोर्ट पर विमान के उड़ान भरने से पहले ही उसमें तकनीकी खराबी के संकेत मिले। इंजीनियरों द्वारा जांच के बाद जब सुधार संभव नहीं हो सका, तो कंपनी ने सुरक्षा कारणों से इन दोनों ही उड़ानों को निरस्त करने का निर्णय लिया।

### एसआई ने कहा-मैंने रुपए नहीं मांगे, वहां एडीसीपी-टीआई भी थे :वह नशे का आदी

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाने के सब इंस्पेक्टर मनोहर लाल को डीसीपी ने सस्पेंड कर दिया है। एक युवक ने सुसाइड से पहले वीडियो बनाकर उन पर एक्सीडेंट के बाद 50 हजार रुपए मांगने और मारपीट के गंभीर आरोप लगाए थे। अब इस मामले में एसआई मनोहर लाल ने खुद पर लगे आरोपों पर सफाई दी है। उनका कहना है कि मेरी कोई गलती नहीं है। घटना के समय मैं नाइट ड्यूटी पर था। मौके पर एडिशनल डीसीपी और टीआई भी मौजूद थे। घटना के बाद अभिषेक पाटिल मामले में समझौता कराने की बात कर रहा था। मैंने इससे इनकार कर दिया और उसे सीधे शिकायतकर्ता से बात करने के लिए कहा था। अभिषेक पाटिल पर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह अपने भाई सुधीर के साथ लूट के मामले में द्वारकापुरी पुलिस द्वारा पहले भी पकड़ा जा चुका है। वह नशे का आदी था। एसआई ने बताया कि कपिल सोमानी नामक एक व्यापारी, जो राजेंद्र नगर क्षेत्र का निवासी है, उसकी कार को अभिषेक ने टक्कर मारी थी। घटना के समय वह शराब लेने जा रहा था। इसके बाद अन्य पुलिसकर्मी उसे थाने लेकर आए थे। थाने में अभिषेक ने टीआई के सामने आरोप लगाया था कि कपिल सोमानी उससे कार की मरम्मत के लिए 25 हजार रुपए मांग रहा है। इस पर टीआई ने नाइट ड्यूटी के चलते मामले को देखने की जिम्मेदारी मुझे सौंपी थी। बता दें, सोमवार रात अभिषेक की टैक्सी का एक कार से एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद पुलिस उसे गाड़ी समेत थाने ले आई थी। इसके बाद उसने वीडियो बनाकर आरोप लगाए और सुसाइड कर लिया था।

### एप रिपोर्टिंग में फेल हुए 27 सचिव 8 महासचिव और तीन जिलाध्यक्ष

**इंदौर।** एमपी युवा कांग्रेस में काम में कोताही बरतने वाले नेताओं पर राष्ट्रीय नेतृत्व ने सख्त एक्शन लिया है। चुनाव संपन्न हुए अभी मात्र चार महीने ही बीते हैं, लेकिन वीथ आईवायसी ऐप के जरिए हुए परफॉर्मेंस रिव्यू में फेल पाए गए 38 पदाधिकारियों के पदों को तत्काल प्रभाव से 'होल्ड' कर दिया गया है। इनमें 8 प्रदेश महासचिव, 27 प्रदेश सचिव और 3 जिला अध्यक्ष शामिल हैं। आदेश मध्य प्रदेश के प्रभारी महासचिव शिवी सिंह चौहान और सह-प्रभारियों के हस्ताक्षर से जारी किया गया है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इन पदाधिकारियों को संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों के प्रति गंभीर नहीं पाया गया। पार्टी अब पूरी तरह से नेताओं की सक्रियता का डेटा वीथ आईवायसी एप के जरिए ट्रैक कर रही है। ऐप के डेटाबेस में इन नेताओं की एक्टिविटी और सांगठनिक कार्य नगण्य पाए गए, जिसके बाद इन्हें 'निष्क्रिय' घोषित करते हुए इनके पदों पर रोक लगा दी गई है।

### 24 से अधिक एसी कंप्रेसर चोरी आरोपी के घर से नौ कंप्रेसर बरामद

**इंदौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के घरों और ऑफिस के बाहर लगे एसी कंप्रेसर चोरी होने की लगातार शिकायतों के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एसी रिपेयर मैकेनिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी तक पहुंची तब पता चला कि आरोपी एक साल में 24 से ज्यादा कंप्रेसर चोरी कर चुका है जिसका कंप्रेसर चोरी करने का पुराना ट्रेक रिकॉर्ड है। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के एसीपी शिवेंदु जोशी ने बताया कि फरवरी और अप्रैल में कई फरियादियों ने अपने संस्थानों और घरों के बाहर लगे आउटडोर यूनिट से कंप्रेसर चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान अलग-अलग लोकेशन की फुटेज खंगालने पर पुलिस की नजर संदिग्ध मूवमेंट पर गई, जिसके बाद 37 वर्षीय आरोपी ओमप्रकाश पिता अम्बाराम को राउंडअप किया गया। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह अब तक 24 से अधिक एसी कंप्रेसर चोरी कर चुका है। उसके घर से नौ चोरी के कंप्रेसर भी बरामद हुए। आरोपी पेशे से एसी रिपेयर मैकेनिक है, जिसके कारण उसे तकनीकी जानकारी थी और वह बड़ी आसानी से आउटडोर यूनिट खोलकर कंप्रेसर निकाल लेता था। गर्मी के मौसम में कंप्रेसर की बढ़ी मांग का फायदा उठाकर वह चोरी किए गए पार्ट्स बेचकर कमाई करता था।

## जूनी इंदौर क्षेत्र में पड़ोसी महिला से विवाद और दबंगई के मामले में

# बीजेपी नेता पर एफआईआर, घर में घुसकर धमकाने और मारपीट का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जूनी इंदौर क्षेत्र में पड़ोसी महिला से विवाद और दबंगई के मामले में पुलिस ने बीजेपी नेता और उसके साथी के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामला अवैध कार पार्किंग को लेकर शुरू हुआ था, जो बाद में मारपीट और धमकी तक पहुंच गया।

पुलिस ने बीके सिंधी कॉलोनी निवासी देवी ठारवानी की शिकायत पर 27 मार्च की घटना में आरोपी सचिन जेसवानी और नरेंद्र सोनी के खिलाफ घर में घुसने, जबरन वीडियो बनाने और मारपीट करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

पीड़िता के मुताबिक, वह पापड़ बनाने का काम करती हैं और उनके यहां अखिलेश नामदेव किराए पर रहता था। 25 मार्च को मकान खाली करते समय उसने अपनी एक्टिवा सड़क पर खड़ी की थी। इसी बात पर सचिन जेसवानी से विवाद हुआ और उसने अखिलेश के साथ मारपीट कर दी, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद 27 मार्च की शाम दोनों आरोपी महिला के घर में घुस गए। उन्होंने धमकाते हुए वीडियो बनाया और किसी तरह की शिकायत न करने के लिए दबाव बनाया।



### राजनीतिक दबाव के बीच एफआईआर

- पीड़िता ने बताया कि 7 अप्रैल को सचिन फिर घर आया और थाने चलने को लेकर विवाद करने लगा। मना करने पर उसने वीडियो बनाना शुरू कर दिया और शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी।
- मामले में दोनों पक्ष एक दिन पहले थाने पहुंचे थे। आरोप है कि कमलेश कालरा ने सचिन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का दबाव बनाया, लेकिन उस समय कार्रवाई नहीं हुई।
- बताया जा रहा है कि देर रात तक क्षेत्रीय विधायक स्तर से भी कॉल आते रहे। इसके बाद बुधवार को टीआई अनिल गुप्ता ने महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली।

### बीजेपी की अंदरूनी खींचतान भी वजह?

- सूत्रों के मुताबिक, आरोपी सचिन जेसवानी बीजेपी मंडल वार्ड 65 के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। पार्टी के भीतर गुटबाजी के चलते वे कुछ नेताओं के निशाने पर थे और पहले भी उनके खिलाफ शिकायतें थाने तक पहुंच चुकी हैं।

## एटीएम फ्रॉड में 7 साल बाद केस दर्ज, फ्रेंचाइजी के नाम पर 2.73 लाख ठगे

# झारखंड में एटीएम क्लोनिंग से निकाले थे 1.20 लाख

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक मामले में 7 साल बाद एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित ठेकेदार मुकेश नायक इस मामले में लगातार थाने के चक्कर लगाता रहा, लेकिन आधा दर्जन टीआई बदलने के बाद भी उसकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई।

पुलिस के अनुसार, कुंदन नगर निवासी मुकेश नायक (37) को जून 2019 में बैंक से किस्त बाउंस होने की जानकारी मिली, जबकि उसके खाते में पर्याप्त राशि थी। बैंक स्टेटमेंट निकालने पर पता चला कि 7-8 मई 2019 को जमशेदपुर (झारखंड) में किसी अज्ञात व्यक्ति ने एटीएम से 12 बार में 1.20 लाख रुपए निकाल लिए।



मुकेश ने मई 2019 में ही शिकायत की थी, लेकिन कोरोना काल और अधिकारियों के तबादलों के बीच उसकी सुनवाई नहीं हुई। हाल ही में उसने वर्तमान टीआई नीरज बिरथरे से मुलाकात की, जिसके बाद एफआईआर दर्ज की गई। पीड़ित का कहना है कि वह कीपैड मोबाइल इस्तेमाल करता था और उसने किसी को भी अपना पिन या बैंक डिटेल साझा नहीं की थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इधर एमआईजी थाना क्षेत्र में होटल फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने अंबेडकर नगर निवासी रवि शर्मा की शिकायत पर आरोपी शिवराज सिंह परिहार उर्फ जोजो के खिलाफ केस दर्ज किया है। एमआईजी थाना क्षेत्र में 24 अगस्त 2023 को पीड़ित से मोबाइल पर संपर्क किया गया, जहां आरोपी ने खुद को भिंड निवासी बताते हुए रेस्टोरेंट फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद अलग-अलग किस्तों में कुल 2.73 लाख रुपए ठग लिए गए। पीड़ित ने पहले साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद मामला थाने पहुंचा और एफआईआर दर्ज की गई। एमआईजी पुलिस ने भी होटल फ्रेचाइजी के नाम पर एक युवक ने करीब 2 लाख 73 हजार रूपए की ठगी की। इस मामले में सायबर सेल में पीडित ने शिकायत की। मामला बुधवार को थाने पहुंचा।

## चंदन नगर थाना क्षेत्र में दो वाहन चोर पकड़ाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के चंदन नगर थाना क्षेत्र में सात अप्रैल को लोडिंग चार पहिया वाहन चोरी की घटना सामने आने के बाद पुलिस ने दो वाहन चोरों को पकड़ने में सफलता हासिल की है, आरोपियों से दो फोर व्हीलर लोडिंग गाडियां एक बाइक और गाड़ियों की बैट्री जब्त की है।

दरअसल चंदन नगर के रहवासी अबरार अहमद खान ने थाने में अपने लोडिंग वाहन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चंदन नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी निगरानी व फुटेज के आधार पर पुलिस ने मात्र 24 घंटे में वारदात का खुलासा कर दिया। इस मामले में एसीपी शिवेंदु जोशी ने बताया कि पुलिस ने दो शातिर वाहन चोर कांतिलाल उर्फ लालू मालीवाल (21) और दिनेश मानकर (22) को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से चोरी किया गया चार पहिया वाहन बरामद किया गया, साथ ही एक अन्य पिकअप वाहन और एक चोरी की बाइक भी मिली है। इनके पास से कई वाहनों की बैटरियां भी जब्त की गईं। एसीपी जोशी ने बताया कि दिनेश का आपराधिक रिकॉर्ड भी है और वह पूर्व में मारपीट तथा धारा 376 के मामले में आरोपी रह चुका है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वह इंदौर समेत अन्य थाना क्षेत्रों में भी चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

## फार्मा कंपनियों का 1000 करोड़ का एक्सपोर्ट अटका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध का असर मध्य प्रदेश के फार्मा सेक्टर पर गहराता जा रहा है। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव इस उद्योग के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के चलते मध्य प्रदेश की फार्मा कंपनियों का करीब 1000 करोड़ रुपए का निर्यात अटक गया है। एमपी से हर महीने 20,000 से अधिक दवाइयों के कंटेनर दुनिया के 190 देशों में भेजे जाते हैं। वहीं, उद्योगपतियों का कहना है कि भले ही युद्धविराम हो गया हो, लेकिन स्थिति सामान्य होने में 6 महीने से लेकर डेढ़ साल तक का समय लग सकता है। प्रदेश की लगभग 100 फार्मा कंपनियों का निर्यात पूरी तरह प्रभावित हुआ है। इंडियन ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परेश चावला का कहना है कि युद्धविराम के बाद उम्मीद है कि अगले दो से तीन महीनों में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होने लगेगी। लेकिन इस युद्ध ने इंडस्ट्री को काफी नुकसान पहुंचाया है। मध्य प्रदेश से बड़ी मात्रा में दवाइयां और रॉ मटेरियल गल्फ देशों, अफ्रीकी देशों, यूरोपीय देशों और अमेरिका को निर्यात किए जाते हैं।

## सगाई में रिश्तेदारों के बीच खूनी संघर्ष

# खाने-पीने की बात पर विवाद, डंडे पेचकस से हमला, युवक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में दो परिवारों के बीच हुए विवाद ने एक युवक की जान ले ली। मामला सगाई समारोह में शुरू हुए झगड़े से जुड़ा है, जो बाद में सड़क पर हिंसक हमले में बदल गया।

तेजाजी नगर टीआई देवेंद्र मरकाम के मुताबिक, मृतक की पहचान शुभम पुत्र संगतनाथ निवासी महादेव नगर (नार्थ मोहल्ला) के रूप में हुई है। बुधवार रात वह अपने परिवार के साथ उमरीखेड़ा में एक सगाई कार्यक्रम में शामिल होने गया था। पुलिस के अनुसार, झगड़े की शुरूआत खाने-पीने की बात को लेकर हुई थी, जो बाद में हिंसक रूप ले बैठा। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस ने मामले में शुभम के दोस्त रितिक, करण और एक अन्य युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि विवाद करने वाले लोग आपस में रिश्तेदार हैं। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इसके बाद शुभम अपने साथियों के साथ वहां से निकल गया। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे बायपास पर घेर लिया और डंडों व पेचकस से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल शुभम को परिजन चोइथराम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुभम दुकानों पर नींबू-मिर्ची बांधने का काम करता था। उसके परिवार में एक बड़ा भाई है, जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है।

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

www.dantavali.com
JAYSHREE PHARMACEUTICALS
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
Dantavali GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खानें में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By | Associated Brand AKSHOBH VEDA

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com